


16:02:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 046 | epaper.rashtriyakhabar.com | फाल्गुन, कृष्णपक्ष एकादशी, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रं तस्य करोति किम्।
लोचनाभ्यां विहीनस्य दर्पणः किं करिष्यति॥

भावार्थ : जिस व्यक्ति के पास अपनी बुद्धि नहीं, शास्त्र उसका क्या कर सकेगा, आंखों से रहित को दर्पण का कोई लाभ नहीं हो सकता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 12.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.44 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06.21 बजे

## भारतीय मूल की निक्की हेली लड़ेंगी अमेरिकी राष्ट्रपति का चुनाव

**वाशिंगटन** : अमेरिका में दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत तथा भारतीय मूल की निक्की हेली ने 2024 में राष्ट्रपति के पद की दौड़ में शामिल होने की घोषणा की है। सुश्री हेली के चुनाव मैदान में कूदने की घोषणा के बाद अगले साल अमेरिका में होने वाला राष्ट्रपति चुनाव बहुत ही खास और नया मोड़ लेने वाला साबित हो सकता है। भारतीय मूल की हेली अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चुनौती पेश करने वाली वह रिपब्लिकन पार्टी की पहली नेता बन गयी। वह दो बार दक्षिण कैरोलिना की गर्वनर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी की राजदूत के रूप में अपनी सेवा दे चुकी हैं।

## 12 चीते लाए जाएंगे दक्षिण अफ्रीका से

**श्योपुर/मुरैना**: मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 18 फरवरी को लगभग 12 चीते दक्षिण अफ्रीका से लाए जाएंगे। उद्यान सूत्रों के अनुसार जोहानसबर्ग से 17 फरवरी को इन चीतों को लेकर विशेष विमान उड़ान भरेगा, जो मध्यप्रदेश के ग्वालियर स्थित हवाईअड्डा पर उतरेगा। इसके बाद वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से इन्हें 18 फरवरी को कूनो राष्ट्रीय उद्यान के विशेष बाड़े में ले जाया जाएगा। भारत में चीतों को फिर से बसाने की महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कूनो राष्ट्रीय उद्यान का चयन किया गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को उनकी मौजूदगी में कूनो में 8 चीतों को छोड़ा गया है।

## सुकमा में 33 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**जगदलपुर**: छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल के सुकमा जिले में तीन इनामी नक्सली सहित 33 नक्सलियों ने आत्म समर्पण कर दिया है। सुकमा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने आज बताया कि इनमें से तीन नक्सली एक-एक लाख रुपये के इनामी हैं। आत्म समर्पित सभी नक्सली किस्टाराम थाना क्षेत्र में घटित विभिन्न नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को राज्य शासन की पुर्नवास नीति के तहत सहायता राशि और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नवीन कैंपों की स्थापना का ग्रामीणों पर अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। पिछले सप्ताह ही जिले के तोंडामरका और डब्बामरका क्षेत्र में नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना की गई है।

## पाकिस्तान में कोयला खदान में विस्फोट, एक की मौत, चार अन्य घायल

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में एक कोयली खदान में विस्फोट में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने बचाव सेवा कर्मी के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। बचाव कर्मी ने बताया कि आज कोहाट जिले के दर्रा आदम खेल इलाके में स्थित एक कोयला खदान में विस्फोट हुआ, जिसमें चार खनिक फंस गए इनमें से एक की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद से बचाव अभियान चलाकर, पीड़ितों को खदान से बाहर निकाला।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

**राजनीति** हिडनबर्ग रिपोर्ट के बाद संसद के बाहर भी कांग्रेस आक्रामक

# आरबीआई और सेबी को भी पत्र लिखा

- पूछे गये हैं सीधे सीधे सवाल
- बैंकों के बेलआउट पैकेज का मुद्दा
- सरकारी संस्थानों ने क्यों लगाया पैसा

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड-सेबी के अध्यक्ष माधबी पुरी बुच को हिंडनबर्ग रिसर्च में अडानी समूह पर लगाये गए आरोपों के मद्देनजर पत्र लिखकर इस मामले की व्यापक जांच करने की मांग की है। श्री रमेश ने श्री दास से कहा कि इस मामले की जांच कराने के साथ ही सवाल किया है कि अडाणी समूह को क्या कोई गारंटी दी गई है कि अगर विदेशी फंडिग नहीं मिलती है तो भारतीय बैंको को उन्हें बेलआउट पैकेज देने यानी समूह को उबारने के लिए बैंकों को मजबूर तो नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक को दो पहलुओं पर गौर करके बताना चाहिए कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली में अडानी समूह का सही जोखिम क्या है और यदि समूह को विदेशी फंडिंग में गिरावट आती है तो उस बुरी स्थिति से निपटने के लिए क्या योजना बनाई गई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले एक पखवाड़े में, अडानी समूह की कंपनियों के शेयर की कीमतों में जबरदस्त गिरावट आई है। समूह पर शेयरों में हेराफेरी करने और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि राष्ट्रीय महत्व के वित्तीय संस्थान, जैसे कि भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक, अडानी समूह की इक्विटी को भारी मात्रा में क्यों खरीद रहे थे, जबकि अधिकांश निजी फंड का कहीं कोई मजबूत आधार नही था। सेबी प्रमुख को इस संबंध में लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की व्यापक, निष्पक्ष और पूरी तरह सर जांच होनी

›› पेज 2 भी देखें



### बदले की भावना से मारे बीबीसी पर आयकर छापे : कांग्रेस

नयी दिल्ली : कांग्रेस ने कहा है कि जिस ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन-(बीबीसी) पर सरकार ने आयकर को लेकर छापामारी की है वह लाभ हानि मुक्त नीति वाली कंपनी है और उसके ग्राहक खबर के बदले जो पैसा देते हैं वह डाकखाने में जमा होती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बीबीसी का घाटे और लाभ से कोई लेना देना नहीं है। कंपनी को जो पैसा खबरों के बदले मिलता है उससे संगठन कार्यालयों का संचालन करती है और कर्मचारियों को वेतन देती है,इसलिए आयकर छापेमारी उस पर नहीं की जा सकती है। प्रवक्ता ने कहा, पिछले आठ वर्ष में मोदी सरकार भारत के मीडिया के साथ जो करते आई हैं अब विदेशी मीडिया के साथ भी वही व्यवहार कर रहे हैं। चुप कराने, दबाव डालने के लिए छापे मारकर लीपापोती कर रहे हैं। भारत को इस समय समूह-20 की अध्यक्षता का मौका मिला है और पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है लेकिन भारत सिर्फ महान लोकतंत्र होने का ढिंढोरा पीट रहा है। हम खुद को मदर्स ऑफ डेमोक्रेसी कहते हैं लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फादर ऑफ हिपोक्रेसी बने हुए हैं।

विश्व कप के 10,000 केबिन और कारवां भेजने की योजना बनाई है

## कतर ने मोबाइल घरों को तुर्की और सीरिया भेजा



**राष्ट्रीय खबर**

**दुबई:** कतर ने पिछले साल के विश्व कप से 10,000 केबिन और कारवां भेजने की योजना बनाई है ताकि तुर्की भूकंप के बचे लोगों को आश्रय प्रदान किया जा सके। गैस से समृद्ध खाड़ी देश का कहना है कि उसने हमेशा मोबाइल घरों को दान करने की योजना बनाई थी। फुटबॉल के सबसे बड़े टूनामेंट के दौरान छोटे देश में आने वाले 1.4 मिलियन प्रशंसकों में से कुछ को घर में मदद करने के लिए उनकी जरूरत थी।

कतर फंड फॉर डेवलपमेंट ने कहा कि रविवार को 350 ऐसी संरचनाओं का एक प्रारंभिक खेप भेजा गया था। 6 फरवरी को नौ घंटे के अंतराल पर आए 7.8 और 7.5 तीव्रता के भूकंपों ने दक्षिणपूर्वी तुर्की और युद्धग्रस्त उत्तरी सीरिया में 35,000 से अधिक लोगों की जान ले ली। मरने वालों की संख्या और भी बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि खोज और बचाव दल को और शव मिले हैं। तुर्की और सीरिया में हजारों इमारतें नष्ट हो गईं या गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे लाखों लोग बेघर हो गए। भूकंप के बाद के दिनों में आश्रयों के भरने के कारण कई लोग गीले, सर्द मौसम में बाहर सोने के लिए मजबूर हो गए। कतर और अन्य धनी खाड़ी देश प्रभावित क्षेत्र में बचाव दल और सहायता भेजने के वैश्विक प्रयास में शामिल हो गए हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने राहत प्रयासों के लिए 100 डॉलर मिलियन देने का वादा किया है। सऊदी अरब ने आपूर्ति से लदे आठ विमानों को तुर्की और सीरिया भेजा है। आठवीं सऊदी उड़ान मंगलवार को उत्तरी सीरिया में सरकार के कब्जे वाले अलेप्पो में उतरी। सऊदी अरब सीरिया के गृहयुद्ध में दूसरे खेमा में था। उसने अन्य अरब देशों के विपरीत - राष्ट्रपति बशर असद के साथ किसी भी तरह के मेल-मिलाप में बहुत कम रुचि दिखाई है।

## डोभाल के चलते मोदी को भी पद छोड़ना पड़ेगा: डॉ स्वामी



**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली:** भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को पद से हटाए जाने की मांग की है। डॉ स्वामी अक्सर ही अपनी बेबाक टिप्पणी और सत्ता के प्रमुख लोगों के खिलाफ बयान देने के लिए जाने जाते हैं। इस बार डॉ सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को डोभाल को एनएसए पद से बर्खास्त करना चाहिए। सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि उन्होंने पेगासस टेलीफोन टैपिंग जैसी गड़बड़ी कई बार की है। स्वामी ने यह भी कहा कि यदि ऐसा नहीं होता है तो 2023 के बीच में ही पीएम मोदी को भी पद छोड़ना पड़ सकता है। सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्वीट करते हुए मंगलवार अजीत डोभाल को लेकर यह बातें कहीं। सुब्रमण्यम स्वामी ने न केवल डोभाल को बर्खास्त करने की मांग की बल्कि यह भी कह दिया कि ऐसा नहीं हुआ तो पीएम मोदी को भी पद छोड़ना पड़ सकता है। हाल ही में अडानी ग्रुप पर आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और उसके बाद उठे पूरे विवाद पर सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा था कि अडानी समूह की संपत्तियों का राष्ट्रीयकरण कर दिया जाए। क्या कांग्रेस ने अडानी से कभी कोई डील ही नहीं की। इस सवाल के जवाब में सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा था कि मैं उनमें से कई लोगों को जानता हूं, जिनके अडानी के साथ बहुत सारे सौदे थे, लेकिन मुझे कांग्रेस की परवाह नहीं है। मैं चाहता हूं कि भाजपा की पवित्रता स्थापित हो। दूसरी तरफ अजीत डोभाल भी अपने पुत्रों के विदेशी कारोबार की वजह से विरोधियों के निशाने पर पहले से ही हैं। स्वामी ने कहा था कि अडानी समूह को वित्तीय सौदों से संबंधित एक रिपोर्ट के सामने आने के बाद उसके शेयरों में गिरावट के

›› पेज 2 भी देखें

## एनआईए ने दक्षिण भारत में कई जगहों पर मारे छापे




**राष्ट्रीय खबर**

**बेंगलुरू:** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कोयम्बटूर में हुए कार बम धमाके और मेंगलुरू धमाके मामले में बुधवार को तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में कई जगहों पर छापे मारे। एनआईए ने दो अलग-अलग मामलों में तमिलनाडु और केरल में 32 स्थानों और तमिलनाडु और कर्नाटक के आठ ठिकानों पर तलाशी ली। कोयंबटूर जिले के कोट्टई ईश्वरन मंदिर के सामने पिछले साल विस्फोटकों से लदी एक कार में बम विस्फोट से संबंधित मामले में 32 स्थानों पर तलाशी ली गयी है। आरोपी, जेम्शा मुबीन आईएसआईएस से जुडने के बाद 23 अक्टूबर, 2022 को एक आत्मघाती हमला करने और समाज के एक वर्ग के बीच आतंक फैलाने के इरादे से मंदिर परिसर को व्यापक नुकसान पहुंचाने की योजना बना रहा था।

यह मामला शुरू में कोयंबटूर जिले के उक्कड़म पुलिस थाने में प्राथमिकी के रूप में दर्ज किया गया था और 27 अक्टूबर, 2022 को एनआईए द्वारा फिर से दर्ज किया गया।

गौरतलब है कि मेंगलुरू में 19 नवंबर, 2022 को एक चलते हुए ऑटो रिक्शा में प्रेशर कुकर बम/इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में उस समय विस्फोट हो गया था जब आरोपी, बमों को सार्वजनिक स्थान पर लगाने के लिए ले जा रहा था। इसी संदर्भ में आज आठ संबंधित स्थानों पर तलाशी ली गयी । यह मामला शुरू में मेंगलुरु में कंकनाडी पुलिस थाने में प्राथमिकी के रूप में दर्ज किया गया था और 23 नवंबर, 2022 को एनआईए द्वारा फिर से दर्ज किया गया था। तलाशी के दौरान, एनआईए ने दो मामलों में बड़ी संख्या में डिजिटल डिवाइस और चार लाख रुपये की नकदी जब्त की। इन दोनों ही मामलों में जांच जारी है।

भाजपा ने चुनाव घोषणापत्र सशक्तिकरण मेघालय जारी

## वार्ता से सीमा विवाद सुलझाने का वादा



- सरकार बनी तो भूमिहीन किसानों को तीन हजार
- राज्य के मछुआरों को सालाना छह हजार का वादा
- साठ सीटों पर होने वाला है मेघालय का विधानसभा चुनाव

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** मेघालय में विधानसभा चुनाव के लिए सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने घोषणा पत्र जारी कर दिए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को मेघालय की राजधानी शिलांग में आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया । भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, एनपीपी, टीएमसी तथा अन्यष दलों ने अपने घोषणा पत्र में विकास को प्राथमिकता दी है। मेघालय में चार राष्ट्री य दलों सहित 13 राजनीतिक दल 60 सदस्योंत वाली विधानसभा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। राष्ट्री य दलों में भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीसय कांग्रेस, नेशनल पिपुल्सो पार्टी और तृणमूल कांग्रेस शामिल है। इन्हीं चार पार्टियों ने सबसे अधिक उम्मीटदवार खड़े किए हैं। 36 महिला उम्मीवदवारों सहित कुल 375 उम्मीलदवार मैदान में है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस 60 -60 सीटों पर चुनाव लड़ रही है जबकि तृणमूल कांग्रेस ने 56 उम्मींदवार खड़े किए हैं। मुख्यपमंत्री कानरेड के. संगमा की एनपीपी पार्टी ने 57 प्रत्याशियों को टिकट दिए है।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 15 फरवरी को मेघालय विधानसभा चुनाव के लिए

›› पेज 2 भी देखें

### शिलांग में घोषणापत्र जारी करने के बाद नड्डा ने कहा

यहां शिलांग में घोषणापत्र जारी करने के कार्यक्रम में जेपी नड्डा ने कहा कि राज्य में प्रचुर क्षमता है, लेकिन बहुत अधिक उपयोग नहीं किया गया है। जेपी नड्डा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा। नड्डा ने एम्पावर्ड मेघालय शीर्षक वाले घोषणापत्र को जारी करते हुए कहा कि एम का मतलब मोदी फॉर मेघालय है। पार्टी के चुनावी संकल्पों को बताते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्य, जो संस्कृति और परंपरा में समृद्ध है, उसकी क्षमता का आज तक उपयुक्त उपयोग नहीं किया गया है।नड्डा ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार के सभी मामलों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में एक विशेष कार्यबल का भी गठन किया जाएगा।

**जानकारी** अत्यधिक पौषिकता से परिपूर्ण होता है यह शकरकंद का भोजन

# ग्लूटेन मुक्त आटा बनाने की विधि विकसित

- प्राकृतिक तौर पर अनाज में होता है यह
- सभी को नहीं पर कुछ को नुकसान होता है
- नये भोजन को नई विधि से तैयार किया गया

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** आधुनिक इंसान हजारों वर्षों से रोटियों का भोजन में इस्तेमाल करता आ रहा है। इसके अलग अलग प्रकार होते हैं लेकिन सभी में प्राकृतिक तौर पर यह ग्लूटेन मौजूद होता है। हाल के दिनों में ग्लूटेन के पाश्वप्रतिक्रिया की जानकारी मिलने के बाद अनेक लोग इससे परहेज करने लगे हैं। इस बीच इस नये भोजन की जानकारी सार्वजनिक हुई है। एसीएस फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी में प्रकाशित हालिया शोध में शकरकंद को ग्लूटेन-मुक्त आटे में बदलने की सबसे अच्छी विधि बताई गई है जो एंटीऑक्सिडेंट से भरे हुए हैं और गाढ़े या बेकिंग के लिए एकदम सही हैं। इसमें नारंगी, स्टार्चयुक्त शकरकंद बहुत अच्छे मसले हुए, फ्राई में कटे हुए या सिर्फ पूरे भुने हुए होते हैं। वैज्ञानिक परीक्षणों में अनेक लोगों को ग्लूटेन युक्त भोजन से होने वाली परेशानियों की पुष्टि हो चुकी है। लेकिन यह भी वैज्ञानिक तथ्य है कि आम तौर पर


›› पेज 2 भी देखें

### गेहूं के अलावा, राई, जौ और ट्रिटिकेल से भी ग्लूटेन आता है

ग्लूटेन स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन प्रोटीन, बनावट और स्वाद जोड़ने के लिए इसे निकाला जा सकता है, केंद्रित किया जा सकता है और भोजन और अन्य उत्पादों में जोड़ा जा सकता है। यह प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को एक साथ रखने और उन्हें आकार देने के लिए बाध्यकारी एजेंट के रूप में भी काम करता है। गेहूं के अलावा, राई, जौ और ट्रिटिकेल (राई और जौ के बीच एक क्रॉस) से भी ग्लूटेन आता है। कभी-कभी यह ओट्स में होता है, लेकिन केवल इसलिए कि ओट्स को ग्लूटेन युक्त अन्य खाद्य पदार्थों के साथ संसाधित किया गया हो। ओट्स में खुद ग्लूटेन नहीं होता है। इंसान की पाचन प्रक्रिया कुछ ऐसी है कि पेट में पाचक एंजाइम होते हैं जो भोजन को तोड़ने में हमारी मदद करते हैं। प्रोटीज वह एंजाइम है जो हमारे शरीर को प्रोटीन को प्रोसेस करने में मदद करता है, लेकिन यह ग्लूटेन को पूरी तरह से नहीं तोड़ सकता है। बिना पका हुआ ग्लूटेन छोटी आंत में अपना रास्ता बनाता है। अधिकांश लोग बिना पचे हुए ग्लूटेन को बिना किसी समस्या के संभाल सकते हैं। लेकिन कुछ लोगों में, ग्लूटेन गंभीर ऑटोइम्यून बीमारी या अन्य साइड एफेक्ट दिखा सकता है।

## तेजस विमानों का निर्यात करने की तैयारी में सरकार

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** भारत सरकार कई देशों के साथ तेजस विमान बेचने पर बात चीत कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड अपने हल्के लड़ाकू विमानों को बेचने के लिए कम से कम चार देशों के साथ बातचीत कर रही है। इसके अलावा खाड़ी क्षेत्र के देश भी इस युद्धक विमान को खरीदने में इच्छा जाहिर कर चुके हैं। वैसे बताया गया है कि मलेशिया में अनुबंध जीतने के लिए इसे एक कठिन लड़ाई का सामना करना पड़ रहा है, कंपनी के च्चाधिकारी ने यह जानकारी दी है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक सी बी अनंतकृष्णन ने देश के सबसे बड़े विमानन कार्यक्रम एयरो इंडिया के दौरान एक सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा कि मलेशिया ने लगभग 16 विमानों के ऑर्डर के लिए तेजस लाइट फाइटर जेट को शॉर्टलिस्ट किया है और अर्जेंटीना, मिस्त्र और बोत्सवाना ने भी रुचि दिखाई है। उन्होंने

›› पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### मनोज बने झारखंड राजद महासचिव

रांची: राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश कमेटी का विस्तार हुआ है। नई कमेटी में मिडिल चुटिया निवासी मनोज कुमार पांडे को प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है कि बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव के कार्यक्रम के ठीक बाद झारखंड राजद कमेटी का विस्तार किया गया है। वहीं मनोज पांडे ने कहा है कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है, उसका बेहतर ढंग से पालन करूंगा। राजद को मजबूत करते हुए लालू प्रसाद यादव की विचारधारा से जन-जन को अवगत करवाना है। आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पार्टी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरेगी। चुनावी मेदान मे सभी प्रत्याशियों को जिनाने के लिए पुरी ताकद लगाएगी।

**बैठक** बुधवार को यूपीए के आला नेताओं की बैठक सीएम आवास में हुई

# विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें: सीएम

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने में अब चुनावी मैदान में सीएम हेमंत सोरेन मोर्चा संभालेंगे। प्रत्याशी की जीत को लेकर बुधवार को यूपीए के आला नेताओं की बैठक सीएम आवास में हुई। अध्यक्षता हेमंत सोरेन ने की। इस दौरान गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक बेहतर रणनीति बनी। हेमंत सोरेन ने यूपीए के आला नेताओं से रामगढ़ उपचुनाव के सियासी समीकरण के मद्देनजर बिंदुवार चर्चा की। पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी मैदान में उतरने का निर्णय लिया। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री बादल पत्रलेख, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह राज्य समन्वय समिति के सदस्य विनोद पांडेय, फागु बेसरा, पूर्व विधायक योगेंद्र महतो, सुप्रियो भट्टाचार्य, अभिषेक प्रसाद ह्लपिंटूह्व, संजीव बेदिया, कांग्रेस नेता शहजादा अनवर, केशव महतो कमलेश, राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, झामुमो के रामगढ़ जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू, जिला सचिव विनोद महतो सहित पार्टी के अन्य नेता कार्यकर्ता मौजूद थे। हेमंत सोरेन ने गठबंधन के सभी नेताओं को एकजुटता दिखाने का मंत्र दिया। कहा कि इसी के जरिये विरोधियों को मात दी जा सकेगी। कहा कि महागठबंधन के सभी नेता-कार्यकर्ता रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें। सभी कार्यकर्ता एकजुट रहें। बूथ स्तर तक गठबंधन के प्रत्याशी की जीत के लिए अपना दमखम लगाएं। मौके पर गठबंधन के प्रत्याशी बजरंग महतो ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रचार-प्रसार से लेकर अन्य मुख्य बिंदुओं चर्चा की।



### व्यापारियों ने मंत्री बन्ना गुप्ता को सौंपा ज्ञापन, कृषि विपणन विधेयक वापस लेने की मांग

रांची: कृषि विपणन विधेयक के विरोध में बुधवार से अनिश्चितकाल के लिए खाद्यान्न व्यापार बंद है। इसके विरोध में फल सब्जी मंडियों, राइस फ्लोर मिलरों समेत अन्य खाद्यान्न सेवाओं का भी समर्थन मिला। राज्य भर में बिल के विरोध में धरना प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया गया। वहीं, जमशेदपुर के व्यापारियों ने विरोध दर्ज करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन भी सौंपा। व्यापारियों के आंदोलन का नेतृत्व झारखंड चैंबर ऑफ कॉर्मस की ओर से किया जा रहा है। ऐसे में चैंबर के महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन ने बताया कि जमशेदपुर स्वास्थ्य मंत्री का विधायिकी क्षेत्र है। ऐसे में यहां के व्यापारियों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा है। हर जिलें में विधायिकी क्षेत्र में व्यापारी विधायकों को ज्ञापन सौंप रहे हैं। पिछले दिनों रांची के भी विधायकों को ज्ञापन सौंप कर मामले में हस्तक्षेप की मांग की गयी थी। वहीं, इन्होंने बताया कि व्यापारियों की मांग है कि दो फीसदी कृषि शुल्क पूरी तरह से समाप्त किया जाय। इसकी जानकारी सरकार को दे दी गयी है। जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक हड़ताल जारी रहेगा। इस दौरान राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में विरोध प्रदर्शन किया गया।

## ओबीसी आरक्षण मामला राज्यपाल के निर्णय पर अटका

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन 18 या 19 फरवरी को शपथ ले सकते हैं। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। नवनियुक्त राज्यपाल राजभवन स्थित बिरसा मंडप में शपथ लेंगे। इस बीच ओबीसी आरक्षण को लेकर सबकी निगाहें नए राज्यपाल के निर्णय पर टिकी हुई है। सरकार ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में राज्य में ओबीसी सहित अन्य श्रेणी के आरक्षण की सीमा बढ़ाने से संबंधित विधेयक पारित कराकर राजभवन भेजा था। जानकारी के मुताबिक, वर्तमान राज्यपाल रमेश बैस ने उक्त विधेयक को परामर्श के लिए भारत सरकार के अटार्नी जनरल को भेज दिया था लेकिन उनका परामर्श अभी राजभवन को नहीं मिल सका है। गौरतलब है कि झारखण्ड सरकार ने एक दिन का विशेष सत्र बुलाकर 1932 आधारित स्थानीय नीति से सम्बंधित विधेयक भी राजभवन को भेजा था लेकिन राज्यपाल रमेश बैस ने इस विधेयक को वापस कर दिया था। राज्य सरकार ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति से संबंधित विधेयक के साथ ही इस विधेयक को विधानसभा से पारित कराकर राज्यपाल के अनुमोदन के लिए राजभवन भेजा था। साथ ही दोनों विधेयकों को राष्ट्रपति को भेजने का प्रस्ताव दिया गया था ताकि दोनों विधेयकों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जा सके। 1932 आधारित स्थानीयता नीति से सम्बंधित विधेयक को राज्यपाल ने एअज्य सरकार को वापस कर दिया है। दोनों विधेयक में एक समानता यह है कि राज्य सरकार ने इसे नौवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव दिया था। अब संसय इस बात का है कि कहीं स्थानीयता नीति विधेयक की तरह ही आरक्षण विधेयक को भी वापस न कर दिया जाय। मालूम हो कि झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण विधेयक 2022 के तहत पिछड़े वर्ग का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति का आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है। बता दें कि राज्यपाल ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता तय करने से संबंधित विधेयक एवं झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक, 2022 को यह कहते हुए राज्य सरकार को फिर से समीक्षा के निर्देश के साथ वापस कर दिया है।

सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

## सरकार में अराजक तत्वों का मनोबल बढ़ा

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को झामुमो नेतृत्व वाली कांग्रेस राजद की गठबंधन सरकार पर कड़ा प्रहार किया। श्री प्रकाश ने कहा कि झामुमो कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार में अराजक तत्वों का मनोबल सिर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा यह हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है कि आए दिन प्रदेश में आराजक तत्वों के द्वारा राज्य के माहौल अमन चैन को खराब ,अशांत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांकी में शिवरात्रि पर्व की तैयारी में अराजक तत्वों के द्वारा बाधा डालते हुए हिंसा फैलाने की कोशिश की गई जिसकी भाजपा कड़ी निन्दा करती है। उन्होंने कहा कि कहीं पांडू में दलितों की जमीन पर कब्जा करने वाले दबंगों की तो साजिश नही है। श्री प्रकाश ने कहा कि किसी को भी कानून को हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि हिंदुओं का महान पर्व है। शिव बारात की तैयारी में जुटे भक्तों पर हिंसक आक्रमण,पत्थरबाजी,तोड़फोड़ करना यह किसी भी दृष्टि से क्षम्य नही है। शिवभक्त अपनी परंपरा के अनुसार वर्षों से ऐसी तैयारी करते हैं। जिसमे बाधा डालने की कोशिश अराजक तत्वों के द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिवभक्तों की भावनाओं के अनुरूप तैयारी को पूरा कराना,शिव बारात में कोई विघ्न पैदा नही हो यह सुनिश्चित कराना राज्य सरकार की जिम्मेवारी है। श्री प्रकाश ने देवघर जिला प्रशासन द्वारा भी शिव बारात की तैयारी में भक्तों की भावनाओं के विपरित आदेश निकालना हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति को ही उजागर करता है। उन्होंने राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तुष्टिकरण छोड़ शिवरात्रि पर्व को पूरे प्रदेश में परंपरा रीति रिवाज के अनुसार धूमधाम से मनाना सुनिश्चित करायें। और विघ्न डालने वाले अराजक तत्वों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें।



## अमृत काल का बजट रोजगार सृजित करने वाला : दीपक प्रकाश

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अमृतकाल का ये पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करने वाला तथा भगौलिक दृष्टि से सभी क्षेत्रों का विकास करने वाला बजट है। यह बजट ऐसे समय मे आया है जब पूरी दुनियां में आर्थिक व्यवस्था तार तार हो गया है। ये बातें आज भाजपा झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने रांची महानगर आयोजित केंद्रीय बजट पर चर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति के रूप में बोलते हुए कही।श्री प्रकाश ने कहा कि इस बजट में समाज के सभी वर्ग किसान,मजदूर,युवा,महिला,जनजाति,आदिम जनजाति,गरीब,मध्यम वर्ग तथा वंचितों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। इस बजट का देश के किसी भी वर्ग के लोगों ने इसकी आलोचना नही की यह इस बात का द्योतक है कि यह बजट सर्वग्राही और सर्वसमावेशी है। श्री प्रकाश ने कहा कि इस बजट में पूंजीगत व्यय पर ज्यादा खर्च करने की योजना है। 2022-23 में पूंजीगत व्यय का परिव्यय चालू वर्ष के 5.54 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 7.50 लाख करोड़ रुपये हो गया। श्री प्रकाश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि देश को ऐसा मजबूत विजन वाला नेतृत्व मिला है कि आज कोरोना काल मे जहां अन्य देशों की आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई है वही भारत की आर्थिक व्यवस्था 10 वें स्थान से छलांग लगाकर दुनियां की 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

## पेज एक का शेष

### आरबीआई और सेबी .. ..

इस तरह के आरोपों को यदि बारीकी से नहीं देखा गया तो इसे विफलता माना जाएगा और इसका हमारे कॉर्पोरेट प्रशासन और वित्तीय नियामकों पर बुरा असर पड़ेगा जिससे वैश्विक स्तर पर धन जुटाने की हमारी क्षमता प्रभावित होगी।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारतीय वित्तीय संस्थानों का जिस तरह से दुरुपयोग हुआ है वह गंभीर चिंता का विषय है और उसमें लोगों की गाढ़ी कमाई दांव पर लगी हुई है, इसलिए सेबी और रिजर्व बैंक को लोगों का भरोसा कायम रखने के लिए इस मामले की निष्पक्ष और गंभीरता से जांच करानी चाहिए । उन्होंने सवाल किया कि क्या यह सुनिश्चित नहीं करना चाहिए कि ऐसे सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थान निजी क्षेत्र के प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में अपने निवेश को लेकर ज्यादा उन्मुक्त और ऊपर से दबाव से मुक्त हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि मामले को चर्चा में लाने वाली अमेरिकी कंपनी ने 24 जनवरी को अपनी रिपोर्ट में, अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों के बारे में चिंता जताई और कहा कि इसमें उच्च मूल्यांकन, हेराफेरी और लेखांकन के स्तर पर धोखाधड़ी हुई जिसके कारण इसके शेयरों में गिरावट की संभावना जतायी गयी थी। अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर अडानी समूह ने प्रतिक्रिया देते हुए 29 जनवरी को 413 पन्नों की एक लंबी रिपोर्ट तैयार कर कहा कि हिंडनबर्ग रिसर्च की हालिया रिपोर्ट किसी विशिष्ट कंपनी पर हमला नहीं है, बल्कि भारत और इसकी विकास की कहानी और महत्वाकांक्षाओं पर सुनियोजित हमला है।

### डोभाल के चलते मोदी को .. ..

बीच विवादों का सामना करना पड़ रहा है और संसद में भी विपक्षी दलों द्वारा इस मुद्दे पर हंगामा किया गया। सुब्रमण्यम स्वामी ने इस साल के बजट पर निशाना साधते हुए कहा था कि इसमें उद्देश्यों या रणनीतियों की कमी है। ऐसे समय में रक्षा क्षेत्र के लिये कम बजट आवंटित किया गया है जब सीमा मुद्दे को लेकर चीन का रुख आक्रामक है। डॉ स्वामी का यह बयान तब आया है जब अजीत डोभाल चुपचाप रूस जाकर राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से मिलकर लौटे हैं।

### वार्ता से सीमा विवाद .. ..

चुनावी घोषणापत्र जारी किया।

भाजपा केंद्र की प्रमुख किसान सम्मान निधि योजना के तहत सालाना 6,000 रुपये की पहले से आवंटित राशि में 2,000 रुपये जोड़कर लाभ बढ़ाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि युवाओं के सशक्तीकरण के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्र स्थापित किए जाएंगे और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए राज्य में कई औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। नड्डा ने कहा, ह्यअगर भाजपा सत्ता में आती है तो भूमिहीन किसानों को 3,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता और मछुआरों को 6,000 रुपये का वार्षिक अनुदान देने की योजना भी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा, विधवाओं और एकल माताओं को सशक्त बनाने के लिए हम एक सहायता योजना भी शुरू करेंगे, जिसके तहत सालाना 24,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। नड्डा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए पेंशन भी दोगुनी की जाएगी, महिलाओं को भी आय सहायता प्रदान की जाएगी। मेघालय राज्य के विकास के लिए पार्टी द्वारा परिकल्पित मुख्य वादों पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि सरकार बातचीत के माध्यम से असम और मेघालय के बीच चल रहे सीमा विवाद को हल करने के लिए सभी प्रयास करेगी।

### ग्लूटेन मुक्त आटा बनाने .. .. ..

किसी भी स्वस्थ्य व्यक्ति के लिए यह ग्लूटेन खतरनाक नहीं होता है। लेकिन जिन्हें इससे परेशानी है उन्हें पेट दर्द, मतली और यहां तक कि आंतों की क्षति तक का सामना करना पड़ता है।

शोधल में शामिल ओफेलिया रौजौद-सांडेज और सहकर्मी यह जांचना चाहते थे कि दो सुखाने वाले तापमान और पीसने की प्रक्रिया ने नारंगी शकरकंद के आटे के गुणों को कैसे प्रभावित किया। उनका आटा बनाने के लिए, टीम ने नारंगी शकरकंद (इपोमिया बटाटस) के नमूने तैयार किए, जो 176 डिग्री पर सुखाए गए और फिर उन्हें एक या दो बार पीस लिया। उन्होंने प्रत्येक नमूने के लिए कई मापदंडों की जांच की, उनकी तुलना स्टोर से खरीदे हुए शकरकंद के आटे और एक पारंपरिक गेहूं से की। सुखाने के तापमान पर ध्यान दिए बिना, एक बार पीसने से स्टार्च की पर्याप्त मात्रा क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिससे यह लस मुक्त ब्रेड जैसे किण्वित उत्पादों के लिए आदर्श बन जाता है। दो बार पीसने से स्टार्च की क्रिस्टलीयता बाधित हो जाती है, जिससे पोरिज या सॉस के लिए आदर्श मोटाई वाले एजेंट बनते हैं। जब रोटी के पाव में बेक किया जाता है, तो उच्च तापमान-सूखे, सिंगल-ग्राउंड नमूने में स्टोर-खरीदे गए संस्करण और गेहूं के आटे दोनों की तुलना में उच्च एंटीऑक्सीडेंट क्षमता होती है। शोधकताओं का कहना है कि ये निष्कर्ष नारंगी शकरकंद के आटे के अनुप्रयोगों को घरेलू रसोइयों और पैकेज्ड खाद्य उद्योग दोनों के लिए विस्तारित करने में मदद कर सकते हैं।

### तेजस विमानों का निर्यात .. ..

कहा कि मलेशिया में एक कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच मामूली झटका लगा है। अनंतकृष्णन ने कहा, हमें इस बारे में पक्के तौर पर कोई जानकारी नहीं है लेकिन हम सुन रहे हैं कि कोरियाई लोगों को आदेश मिलेगा। इसके बावजूद, हम अभी भी अपने उत्पाद को आगे बढ़ाने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक एयरोस्पेस बाजार में बहुत रुचि पैदा हुई है। देर-सबेर हमारे पास एक सफल ऑर्डर होगा। एचएएल अगले कुछ वर्षों में 25 बिलियन भारतीय रुपये ( 302.15 मिलियन डॉलर) की निर्यात बिक्री को लक्षित कर रहा है। भारत दशकों से रक्षा उपकरणों के दुनिया के सबसे बड़े आयातकों में से एक रहा है, लेकिन इसने वैश्विक हथियार निर्यात बाजार में अब अपना धाक जमाना प्रारंभ कर दिया है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अगले दो वर्षों में वार्षिक रक्षा निर्यात के मूल्य को तीन गुना से अधिक 5 बिलियन डॉलर करने की महत्वाकांक्षा निर्धारित की और उनकी सरकार तेजस के निर्यात के लिए राजनयिक प्रयास कर रही है। भारत सरकार ने 2021 में एचएएल को 83 स्थानीय रूप से उत्पादित तेजस जेट के लिए 6 बिलियन डॉलर का अनुबंध दिया था, जिसकी डिलीवरी 2023 के आसपास शुरू हुई थी यानी 1983 में डिजाइन बनने के चार दशक बाद। तेजस डिजाइन और अन्य चुनौतियों से घिर गया है, और एक बार खारिज कर दिया गया था। भारतीय नौसेना द्वारा बहुत भारी। अनंतकृष्णन ने कहा कि एचएएल की दूसरी पीढ़ी के हल्के लड़ाकू विमानों में जनरल इलेक्ट्रिक निर्मित 414 इंजन का इस्तेमाल करने की योजना है।

## हठधर्मिता छोड़े सूबे के स्वास्थ्य मंत्री: नायक

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता अपनी हठधर्मिता को छोड दे तथा राजहित व जनहित में 17 जनवरी से राजभवन के समक्ष अनुबंधित पारा चिकित्सकों एनआरएचएम जीएनएम, एएनएम ,अनुबंधित कर्मचारियों की हड़ताल और अनशन को तुड़वाने की दिशा में सकारात्मक पहल करें और उनके संवैधानिक हक और अधिकार जायज मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उनकी मांगे मानी जाये ताकि पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल के कारण राज्यभर में वैक्सीनेशन सहीत 35 नेशनल प्रोग्रामो का सफल संचालन हो सके। उक्त बातें बुधवार को झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल से राज्य भर में चिकित्सा व्यवस्था पंगु सी हो गई है आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है बच्चों के वैक्सीनेशन सहित 33 नेशनल प्रोग्राम इस हड़ताल से प्रभावित हुई है जो राजहित और जनहित में ठीक नहीं है। श्री नायक ने राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन से जनहित में मांग किया कि वे इन बिंदुओं पर अविलंब हस्तक्षेप करने का कार्य कर व्यक्तिगत रूप से पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल को तुड़वाने की दिशा में ठोस पहल करने का कार्य करें ताकि 28 दिन पुरानी हड़ताल को समाप्त कराया जा सके और राजभर में जो इनके हड़ताल से चिकित्सा व्यवस्था ठप पड़ा है उसको पुनः सुचारू रूप से बाहल किया जा सके।



राज्य के नवनियुक्त पुलिस महानिदेश (डीजीपी) अजय कुमार सिंह बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके कांके रोड रांची स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

**चुनावी सभा** बाबूलाल ने सुनीता चौधरी के पक्ष में किया चुनावी सभा

## उपचुनाव: यूपीए गठबंधन को धूल चटाने का अवसर है : मरांडी

राष्ट्रीय खबर



**गोला :** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी का स्टार प्रचारक बनकर क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अबतक क्षेत्र के संग्रामपुर, बंदा, बरलंगा, कोराम्बे एवं गोला में चुनावी सभा को संबोधित किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार के नेतृत्व में जो सरकार चल रही है। वो पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है। चुनाव पूर्व उन्होंने पांच लाख बेरोजगारों को नौकरी देने का वादा किया था। नौकरी नही देने पर बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। लेकिन सरकार रोजगार नहीं दे पाई। उलटे युवाओं का रोजगार चली गई। उन्होंने कहा कि यूपीए गठबंधन पैसे की राजनीति कर रहा है। लूट की पैसे से तिजोरी भरने का काम कर रही है। पूरे राज्य में बालू,कोयला, लोहा का अवैध कारोबार किया जा रहा है। बालू के लिए जनता तरस रही है। बालू नही मिल रहा है। यहां तक कि पीएम आवास भी बनाना मुश्किल हो गया है। मेरे कार्यकाल में बालू को फ्री कर दिया था। सरकार राज्य में स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति बनाने के पक्ष में नही है। इस मामले में सिर्फ राजनीति कर रहे है। मेने पहले ही बोल दिया था कि कोर्ट इस नीति को रिजेक्ट कर देगा। लेकिन ये लोग नही माने। राज्य में हत्या,बलात्कार,लूट और चोरी की घटनाएं बढ़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य में डीजी पुलिस की नियुक्ति नही हो पाई है। सरकार को तीन नाम विभाग से मिला है। सरकार नियुक्ति इस लिए लटका के रखी है कि वसूली कर सबसे ज्यादा पैसा कौन देगा। उसे ही पद देंगे। वही गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहा कि यहां का विकास पूरे राज्य में नंबर एक हुआ करता था। लेकिन आज सबसे नीचे है। इससे पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री को जगह जगह भाजपा एवं आजसू कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया । इस दौरान जलेश्वर महतो, विजय ओझा, पंचम चौधरी, बबलू साव, अनूप कुमार, कुलदीप साव, महावीर महतो, दिलीप दांगी, चंद्रशेखर कुमार, निरंजन खन्ना, बबलू साव,राजु चतुवेर्दी, प्रमुख गीता देवी,उपप्रमुख, बजरंग कुमार महथा, सुरेश रजक,महेश महतो, अमृत लाल मुंडा, मनीलाल गोस्वामी, बिल्ला पोद्दार, निखिल दांगी, लखन अग्रवाल, दिनु गोस्वामी, बिशु रजवार, लखिन्द्र कुमार, अनिल कुमार, इम्तियाज अंसारी,दीपक शर्मा, संतोष कुमार दास,कपिल मुंडा,जितेंद्र साहू,रमेश पोद्दार, विकास मणि पाठक, मनोज बुधिया,दीनू गोस्वामी,बंटी रवानी,ममता देवी आदि थे।

# नगर निगम द्वारा मिशन 120 करोड़ के रेवेन्यू का रखा गया है लक्ष्य

## 31 मार्च तक 50 टीमों द्वारा संपत्ति कर के लिए की जाएगी विभिन्न गतिविधियां

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर आमजनों से लगातार लिया जा रहा है। शहरवासी अपने संपत्ति शुल्क को नगर निगम मुख्यालय एवं अंचल कार्यालय के साथ बेवसाइट के माध्यम से जमा कर सकते है। निजी एवं सरकारी भवनों से कुल 120 करोड़ रूपए का कलेक्शन करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस क्रम में पटना नगर निगम द्वारा संपत्ति कर बढ़ोत्तरी एवं वसूली हेतु कई प्रकार के कार्य किए जाएंगे। पटना नगर निगम द्वारा सभी वार्ड में संपत्तियों का री-असेस्मेंट एवमं जिन संपत्तियों पर कर का निर्धारण नहीं किया गया है उनकी मापी करते हुए सेल्फ एसेसमेंट फॉर्म भरा जाएगा।



जिन संपत्ती धारको के द्वारा अपनी संपत्ति की विवरणी छिपाई गई है उन पर संपत्ति कर के अलावा 100 प्रतिशत जुमार्ना भी वसूल किया जाएगा। पटना नगर निगम द्वारा वार्डों में एक साथ 50 टीम संपत्ति कर के री- असेस्मेंट के लिए उतारी जाएंगी। पटना नगर निगम द्वारा बड़े- बड़े कॉमर्शियल प्रतिष्ठानों जैसे - बैक्वेंट हॉल, नर्सिंग होम, होटल इत्यादि का भी री- असेस्मेंट किया जाएगा।

जिंगल, वीएमडी के माध्यम से, मेगा स्क्रीन के माध्यम से भी आमजनों को सूचना दी जाएगी। पटना निगम द्वारा हरेक सेक्टर में कैंप के माध्यम से संपत्ति कर की वसूली की जाएगी। इस क्रम में पटना शहर में 750 कैंप लगाएं जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्ड को सम्मानित भी किया जाएगा। अंचल एवं मुख्यालय स्तर पर इसकी रैंकिंग की जाएगी। वैसे सभी प्रतिष्ठान जिनके द्वारा कचरा शुल्क नहीं दिया जा रहा है उनका भी असिस्मेंट किया जाएगा। पटना नगर निगम द्वारा शहरवासियों से अपील की जा रही है कि ससमय अपने संपत्ति कर का भुगतान करें।

# समारोह पूर्वक मना संतराम बीए का जयंती



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष दानी प्रजापति की अध्यक्षता में महान लेखक, समाज सुधारक एवं स्वतंत्रता सेनानी संतराम बीए का जयंती समारोह प्रदेश कार्यालय कंकड़बाग में मनाया गया। इस अवसर पर श्री प्रजापति ने कहा कि संतराम बीए जात-पात के प्रबल विरोधी थे। इन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध अपनी लेखनी से समाज को जगाने का काम किया। उन्होंने सन् 1922 में जात-पात तोड़क मंडल की स्थापना की थी।

मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहरलाल पंडित, सचिव प्रेम कुमार सुमन, सचिव रमेश प्रसाद, कार्यकारी अध्यक्ष दीनानाथ पंडित, कोर कमिटी के सदस्य टेकनारायण पंडित, सतीश कुमार, रामदेव पंडित, डॉ. शशिभूषण कुमार, आशुतोष कुमार राकेश, पटना जिलाध्यक्ष एड. शशिभूषण कुमार, सुजीत कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति, जिला शाखा पटना के तत्वावधान में दिनांक 26 फरवरी 2023 को संतराम बी.ए. का जयन्ती समारोह जगजीवन राम शोध संस्थान, पटना में आयोजित है।

# प्रधानाचार्य ने मगध विश्वविद्यालय के कुलपति का किया स्वागत



राष्ट्रीय खबर

**गया :** जगजीवन कॉलेज गया एवं एसबीएएन कॉलेज दरहेटा लारी अरवल के प्रधानाचार्य डॉ सत्येंद्र प्रजापति ने मगध विश्वविद्यालय बोधगया के नव नियुक्त कुलपति प्रो शशिकांत कुमार शाही से मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करते हुए विश्वविद्यालय के लंबित पड़े परीक्षा परिणाम और परीक्षाओं को जल्द से जल्द सुधार करने की मांग की। डॉ प्रजापति ने कहा कि बीते 2 वर्षों से मगध विश्वविद्यालय का संक्रमण काल चल रहा था। लेकिन अब स्थाई कुलपति के नियुक्ति से विश्वविद्यालय के सभी बाधित कार्य सुचारू रूप से संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि कुलपति के कुशल निर्देशन में मगध विश्वविद्यालय की लचर शिक्षा व्यवस्था पटरी पर आ जाएगी। सभी लंबित परीक्षा परिणाम जारी होंगे। उन्होंने महा विद्यालय परिवार की ओर से उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी।

# ब्यूटी एंड वैलनेस कोर्स के प्रशिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र वितरित

राष्ट्रीय खबर

**वजीरगंज :** कौशल विकास एवं उधमिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देश के तहत जन शिक्षण संस्थान, गया के तत्वावधान में बुधवार को निदेशक डॉ ऋतु रानी की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत वजीरगंज प्रखंड के वोकेशनल ट्रेनिग सेंटर, वजीरगंज में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि चितरंजन कुमार उर्फ चिंटू भैया ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भेंट किया। समारोह में 80 दिवसीय असिस्टेंट ड्रेस मेकर तथा ब्यूटी एंड वेलनेस कोर्स के 100 एक सौ लाभार्थियो को प्रमाण पत्र दिया गया। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए



संस्थान के निदेशक डॉ रीतू रानी ने जेएसएस के गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि चितरंजन कुमार उर्फ चिंटू भैया ने जन शिक्षण संस्थान, गया द्वारा संचालित गतिबिधियो की सराहना करते हुए वजीरगंज के लोगो से अधिक से अधिक कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर उद्यमी व स्वरोजगारी बनने की अपील करते हुए लाभार्थियो के उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह को विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी श्री नवलेश सिंह,शंभु शरण शर्मा पूर्व मुखिया, मीरगंज निवासी प्रमोद शर्मा ने भी संबोधित किया। समारोह को सफल बनाने में वरीय अनुदेशिकां रंजू देवी, बेबी देवी, रेनू देवी, संगीता देवी, खुशबू कुमारी ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के समन्वयक रविंद्र कुमार सिन्हा ने संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सीए फाउंडेशन 2022 की परीक्षा में 1250 से ज्यादा अनएकेडमी लर्नर उत्तीर्ण हुए

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** भारत के सबसे बड़े लर्निंग प्लेटफॉर्म, अनएकेडमी ने घोषणा की है कि सीए फाउंडेशन दिसंबर 2022 की परीक्षा में इसके 1250 से ज्यादा लर्नर्स उत्तीर्ण हुए हैं। साल में दो बार होने वाली यह परीक्षा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा आयोजित की जाती है, और सीए प्रत्याशियों को इंटरमीडिएट परीक्षा में बैठने के लिए यह परीक्षा उत्तीर्ण करना जरूरी होता है।

आईसीएआई द्वारा घोषित परिणामों के मुताबिक, अनएकेडमी के 128 से ज्यादा लर्नर्स ने 300 से ज्यादा अंक हासिल किए हैं। तीन लर्नर्स ने 350 से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। इस अत्यधिक प्रतियोगी परीक्षा में हर साल लाखों प्रत्याशी बैठते हैं। सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले तीन अनएकेडमी लर्नर हैं, पंजाब के पुनीत कौर (359 अंक), तमिल नाडु की श्री मीनाक्षी एस (350 अंक), और राजस्थान के शुभम बजाज (350 अंक)।

हाल ही में घोषित परिणामों के मुताबिक, अनएकेडमी लर्नर्स ने मैथ्स, अकाउंट्स, इकॉनॉमिक्स, और लॉ में बेहतरीन परिणाम प्राप्त किए हैं। विषयवार टॉपर्स में अकाउंट्स में फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश की तमन्ना गुप्ता (99 अंक); लॉ एंड बिजनेस कॉरेस्पॉन्डैंस एवं रिपोर्टिंग में गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के वासु सिंघल (88 अंक); मैथ्स, लॉजिकल रीजनिंग एवं स्टैट्स में जयपुर, राजस्थान के रचित परवल (97 अंक) और इकॉनॉमिक्स एवं बिजनेस कमर्शियल नॉलेज में अंबाला कैंट, हरियाणा के हरित भाटिया (97 अंक)।

## स्टार्ट्स अप जोन में जींस जैकेट और पैंट का प्रोडक्शन प्रारंभ

**बेतिया, प.च.:** जिला में लहंगा, साड़ी, शर्ट, टी-शर्ट, प्लाजो, लैगिंग्स, ट्रैक सूट, सूट, फुटवेयर, सेनेटरी पैड के प्रोडक्शन के बाद अब स्टार्टअप जोन में जीन्स जैकेट एवं पैंट का प्रोडक्शन प्रारंभ कर रहा है। चनपटिया निवासी अयूब अंसारी जीशान जिन्स ट्रेडर्स प्रोडक्शन हाउस चनपटिया स्टार्टअप में प्रारंभ कर रहे हैं। जिशान ट्रेडर्स प्रोडक्शन हाउस की ओपनिंग बुधवार को किया है। अयूब बताते हैं कि वह ईराक में इलेक्ट्रेशियन रहे। अपरिहार्य कारणों से उनका वहां मन नहीं लगा और वे अपने घर लौट आयें। यहां आने के बाद उन्हें चनपटिया स्टार्टअप जोन के बारे में पता चला। उन्हें मालूम हुआ कि जिला प्रशासन उद्यम प्रारंभ करने वाले उद्यमियों को सभी संभव मदद कर रहे है। इससे प्रभावित होकर अपना उद्यम के करने की प्रक्रिया में लग गये।

# निगरानी के हत्थे चढ़े सहरसा के प्रमंडलीय लेख पदाधिकारी

राष्ट्रीय खबर

लगातार जारी है घूसखोरों के प्रति आभियान

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम द्वारा रिश्वतखोर पदाधिकारियों को लगातर दबोचने की कार्रवाई जारी है। इस दौरान उनके रडार पर आए पदाधिकारी की पहचान लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल सहरसा के कार्यपालक अभियंता कार्यालय में प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी करुणानिधि सौरभ के रुप में की गई। जिनके पास से 56 हजार रुपए रिश्वत के प्राप्त हुए, तत्पश्चात टीम द्वारा सौरभ को उनके कार्यलय से दबोच लिया गया।

जानकारी के अनुसार आरोप है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत हथौड़ी थाना क्षेत्र के मणि भूषण कुमार उर्फ कल्लू सिंह के द्वारा उक्त पदाधिकारी पर एकरारनामा

**56 हजार रुपए रिश्वत लेते आपने कार्यालय से हुए गिरफ्तार**

अंतर्गत विपत्र पत्र से काटी गई राशि एवं एसडी वापस करने के लिए रिश्वत की मांग की जा रही है। जिसे सत्यापन के दौरान ब्यूरो द्वारा सत्य पाया गया। छापेमारी टीम का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद खुर्शीद आलम कर रहे थे।

# 14 फरवरी पुलवामा शहीदों और 15 फरवरी तारापुर शाहिदो को दी गई श्रद्धांजलि



राष्ट्रीय खबर

**तारापुर :** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद सीआरपीएफ के 40 जवानों की चौथी वर्षी पर संग्रामपुर प्रखंड के झिट्टी गांव के युवाओं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की थी वही 15 फरवरी को यू बी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चो ने शहीद स्मारक तारापुर शहीद समारक पर शहीदों को नमन किया। यू बी इंटरनेशनल स्कूल के छोटे छोटे बच्चो ने शहीद स्मारक पर पुष्प भी अर्पित किया। वही संग्रामपुर में पुलवामा के शहीदों के शहादत के मौके पर कुछ ऐसे भी लड़के थे जो भारतीय सेना में जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमें भारतीय सेना में सेवा देने का मौका मिलेगा तो मैं अपने साथियों का बदला जरूर लूंगा। इस दौरान भारत माता की जय, वीर शहीद अमर रहे के नारे से वातावरण गुंजायमान हो उठा। सभी युवाओं ने मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वही मौके पर मौजूद युवाओं के मार्गदर्शक दयानंद सिंह ने कहा कि 14 फरवरी 2019 को जब देश और दुनिया के युगल प्रेमी जुगलबंदी कर रहे थे । उसी समय सीआरपीएफ के 40 जवानों ने देश की सुरक्षा हेतु अपनी जान की कुबार्नी दे दी। इस अवसर पर ने कहा कि वीर शहीद जवानों का बलिदान सदा याद रखा जाएगा।

# राजकीय समारोह के साथ मना तारापुर शहीद दिवस

आयुक्त, डीआईजी, जिला पदाधिकारी सहित अनुमंडल के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने वीर शहीदो की मूर्ति पर किया पुष्पांजलि अर्पित

श्रद्धांजलि सभा का संचालन अनुमंडल पदाधिकारी वसीम अकरम ने किया।

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर, तारापुर :** 15 फरवरी 1932 तारापुर शहीद दिवस" का कार्यक्रम राजकीय समारोह के रूप में मनाया गया। पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शहीद स्मारक तारापुर पर अमर शहीदों के प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए स्थानीय विधायक राजीव कुमार सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। गौरतलब है कि जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में 10:30 बजे तारापुर थाना भवन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मंच संचालन अपर अनुमंडल पदाधिकारी वसीम अकरम ने किया। तारापुर पहुंचे आयुक्त संजय कुमार सिंह, आरक्षी उपमहानिरीक्षक संजय कुमार, जिला पदाधिकारी नवीन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंजीत कुमार ,पुलिस उपाधीक्षक पंकज कुमार, पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी, पूर्व विधायक गणेश पासवान ,लोजपा नेता मिथिलेश कुमार सिंह, चंद्र सिंह राकेश तारापुर की मेयर नीलम देवी, प्रखंड प्रमुख अश्वनी राज ,राजद नेता जितेंद्र कुशवाहा, मंटू यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष बिहारी लाल कुशवाहा, मोहम्मद अफजल होदा, डॉक्टर पप्पू एजाज, रफी उजमा, मोहम्मद पप्पू खान, के साथ-साथ सभी जनप्रतिनिधि इत्यादि लोगों ने वीर शहीद के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धा निवेदित किया। इसके पूर्व तारापुर थाना भवन पर आयुक्त एवं डीआईजी को सशस्त्र बलों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



**सांसद चिराग की अनुपस्थिति एवम बेरुखी से व्यथित दिखे आम नागरिक, कहा महत्वपूर्ण मौको पर संसद होते है अनुपस्थित**

श्रद्धांजलि सभा के मौके पर क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा राज्य के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा क्षेत्र के लोगों द्वारा मूर्ति निर्माण को लेकर उठाए जा रहे मांग को मुख्यमंत्री ने पूरा कर क्षेत्रवासियों का सपना साकार किया। इन्होंने मन से जिला प्रशासन के माध्यम से शहीद स्मारक तारापुर को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विकसित किए जाने की मांग भी की। वही आयुक्त संजय कुमार सिंह ने तारापुर के लोगों द्वारा दिए गए शहादत और उनकी वीरता को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि उन वीरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब हम लोग उनके बताए रास्ते पर चलेंगे। आगे कहा कि शहीद स्मारक का क्षेत्र किस तरह साफ और सुरक्षित रहे इसकी जवाबदेही प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भी बनती है। श्रद्धांजलि सभा के मौके पर जिला अध्यक्ष पदाधिकारी नवीन कुमार ने एसडीओ तारापुर को निर्देशित किया कि स्मारक के बाहरी हिस्सों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं उन्होंने शहीद स्मारक पर एक होमगार्ड जवान को नियुक्त करने की भी बात कही। समारोह को डीआईजी पूर्व मंत्री पूर्व विधायक ने भी श्रद्धा निवेदित करते हुए समारोह को संबोधित किया इस मौके पर क्षेत्र से पहुंचे हजारों लोग मौजूद थे वही सांसद चिराग पासवान का मौके पर नही पहुंचना लोगो के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

# जल नल योजना के पानी नहीं मिलने से लोग हो रहे हैं परेशान

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** जहां एक और बिहार सरकार के द्वारा सैकड़ों से अधिक योजनाएं चलाई जा रहे हैं जिससे कि हर गरीब तबके के लोगों को लाभ मिल सके पर यह योजना कागज पर ही सीमेंट करके रह गई है. सरकार नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में हर रोज समाधान यात्रा को लेकर जिले में यात्रा कर रहे हैं. लोगों की समस्या को सुन रहे हैं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कई जनहित कार्य योजना के बारे में जानकारी ले रहे हैं ताकि योजना तबके के लोग तक लेकिन तबके के पदाधिकारियों की कुंभकरण नींद भला लोगों तक योजना को पहुंचाने में विफल साबित हो रही है . ताजा मामला जिले संग्रामपुर प्रखंड के झिकली पंचायत के वार्ड संख्या 5 एवं 6 का है ।यहां पर पूर्व वार्ड सदस्य एवं अन्य ग्रामीणों ने उमेश वर्मा अरुण तांती एवं दर्जनों से अधिक ग्रामीण महिला सहित लोगों ने बताया कि हम लोगों के घर तक नल जल का कनेक्शन तो किया गया है पर पानी हम लोग का सपना हो गया है । 1 वर्ष पूर्व ही 5 नंबर वार्ड में जल मीनार को खड़ा किया गया है। हर घर तक लगाया गया है हर रोज देना तो दूर की बात है पानी 1 दिन भी अभी तक नहीं लोगों के घर तक पहुंचा है इतना ही नहीं इस वार्ड की जनसंख्या लगभग 600 से अधिक की है पर यहां जिस घर में भी अपना चापाकल वह जनवरी फरवरी माह में ही चिढ़ाता हुआ नजर आ रहा है ।लोगों को आधा किलोमीटर की दूरी पर चापाकल से पानी लाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिससे कि अपने घर का जरूरतमंद कार्य को पूरा कर सके वहीं ग्रामीण जगिया देवी किरण देवी शांति देवी सुनैना देवी द्वारिका मंडल इत्यादि लोगों ने बताया कि हम लोगों को पानी की समस्या बहुत बड़ी समस्या है। हम लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को पिछले 5 दिन पूर्व ही लिखें नहीं घर तक पहुंचने की सूचना दी है पर अब तक तरह का कोई पदाधिकारी करने की इतनी दूर की बात है पर देखने तक भी नहीं आए हैं। अगर हम बात 6 नंबर वार्ड की करें तो यहां पर तो करवाया गया है करवाया हुआ लगभग 2 साल समय बीत चुका है। मीनार को खड़ा किया गया है। उस पर पानी का टंकी नहीं होने के कारण घर तक पानी पहुंचने का कोई गुंजाइश भी नहीं है। इस संदर्भ में जब के कनीय अभियंता अमरजीत कुमार से बात किया गया तो उनके द्वारा यह बताया गया कि तरह का कोई जानकारी नहीं मिली है कि वार्ड संख्या 5 एवं 6 में कालिका किल्लत है। मेरे संज्ञान में आज आया है तो अपने स्टाफ को भेज करके इसको पानी की समस्या को दूर करवाते हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि कब तक लोग पानी पीने के लिए दर-दर तक भटकते रहते हैं या फिर पदाधिकारियों के कुंभकरण नींद टूटती है और दोनों वार्ड घरों को तरीके से पानी मिल सकता है।



# डीवाईएफआई ने प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** भारत की जनवादी नौजवान सभा की पश्चिम चंपारण जिला कमेटी द्वारा केंद्र सरकार के अंतरिम बजट के खिलाफ आज बेतिया में सोवा बाबू चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला जलाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए नौजवान सभा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद हनीफ ने कहा कि यह बजट न केवल किसान और मजदूर विरोधी है। बल्कि नौजवानों के लिए इस बजट में कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि दो करोड़ प्रतिवर्ष नौजवानों को रोजगार देने वाली मोदी सरकार आज नौजवानों के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं देकर नौजवानों को सांप्रदायिक उन्माद में फंसाना चाहती है। बजट पर विचार व्यक्त करते हुए जिला उपाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि बजट से आम जनता पर भारी बोझ पड़ेगा। नौजवान के पास रोजगार का कोई विकल्प नहीं बचेगा। शिक्षा के क्षेत्र में बजट में भारी कटौती की गई है। इस अवसर पर बोलते हुए जिला मंत्री संजीव कुमार राव ने कहा कि इस बजट से परोक्ष रुप में सभी वस्तुओं का दाम बढ़ जाएगा, लोगों के दिखावा के लिए 7 लाख रुपए तक को टैक्स से बाहर रखा गया है, लेकिन अप्रत्यक्ष रूप में आम आदमी की आवश्यकता की प्रत्येक वस्तुओं की कीमत बढ़ा दिया गया है। यह बजट अमीरों को अमीर और मध्यममवर्ग तथा गरीबों को और अधिक गरीब बनाने वाला है। इस बजट में करपोरेंट घरानों को 3 % टैक्स में छूट देकर माला माल बनाने वाला बजट है। इसलिए इस बजट को अविलंब वापस लेने की मांग किया। इस अवसर पर दीपक कुमार संजीत कुमार, मनोज कुमार, राजू , शंकर कुमार राव, मुकेश, सरल दास आदि नौजवान नेताओ ने अपने विचार व्यक्त किया।



**शहर >> अपडेट**

## 44 भूमिहीनो को मिला बंदोबस्ती का पर्चा

**ढाका, पू.च. :** जिले में मुख्यमंत्री के समाधान यात्रा के संदर्भ में बुधवार को अनुमंडल कार्यालय में 44 भूमिहीनो को वास भूमि हेतु बन्दोंबस्ती का पर्चा वितरण किया गया। वही पर्चा वितरण का लाइव टेलीकास्ट जूम एप्प के माध्यम से किया गया । जिसे जिला में टेलीकास्ट किया गया। पर्चा वितरण में बड़ी सँख्या में मुसमात महिलाओं और अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को भी पर्चा दिया गया। सीओ चिरैया आनंद कुमार वितरण समारोह के नोडल अफसर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बनाये गए थे, जिन्होंने सभी अंचल अधिकारियों से समन्वय कर आज लाभुको को अनुमंडल कार्यालय में उपस्थित करवाया था। साथ अनुमंडल पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद ने पर्चा प्राप्त करने वालो को बधाई देने के साथ हिदायत भी दिया।

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी पू च :** समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री पूर्वी चंपारण जिले के बंजरिया प्रखंड की ग्राम पंचायत सिसवा पूर्वी पहुंचे जहां उन्होंने विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सिसवा पूर्वी में अल अमीन एंड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित मदरसे में बच्चे-बच्चियों को दी जा रही शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हर घर नल का जल योजना के सुचारू संचालन के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली और पानी की टंकी को भी देखा। उन्होंने पंचायत सरकार भवन की भूमि का निरीक्षण किया और पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने वहां जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तालाब का पानी साफ रखें। साथ ही वहां पर पौधारोपण करवाएं एवं सोलर लाइट भी लगवाएं। उन्होंने कहा कि बगल में पंचायत सरकार भवन बन जाएगा तो यह और भी अच्छा लगेगा। उन्होंने बगल में बनाए जाने वाले जीविका भवन के मॉडल को देखा और जीविका दीदियों से बातचीत की। उन्होंने जीविका दीदियों से कहा कि आपलोग अच्छे से काम करते रहिए तथा जीविका समूह से और अधिक महिलाओं को जोड़िए हमलोग आपकी बेहतरी के लिए काम करते रहेंगे। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमसब आप की बदौलत ही आगे बढ़ रहे हैं, तरक्की कर रहे हैं, हमारा परिवार भी खुशहाल है। जिलाधिकारी ने जिले में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य के बारे में चार्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने वहां पहले से बने पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया और पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात की तथा सोलर स्ट्रीट लाइट योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री समाहरणालय परिसर पहुंचे जहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उन्होंने वहां लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भी निरीक्षण किया और सर्वसमावेशी विकास मॉडल को देखा। मुख्यमंत्री ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लाभार्थियों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। उन्होंने शिल्पियों द्वारा बिहार के पारंपरिक शिल्प कला से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान शिल्पियों ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कारा, मोतिहारी के बंदियों द्वारा निर्मित कलाकृतियों को भी देखा और उसकी प्रशंसा की।

## विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया पुलवामा के बलिदानियों को याद



**श्रद्धांजलि अर्पित कर किया हुतात्माओं को नमन**

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पुलवामा में शहीद हुए देश के वीर जवानों को नगर के शहीद पार्क में विहिप बजरंग दल नगर इकाई ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। उसके बाद शहर के विभिन्न पार्कों, रेस्तरां, मंदिर, और सार्वजनिक जगहों पर विहिप के प्रचार प्रसार मंत्री प्रशांत ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष दीपू शर्मा के नेतृत्व में पुरी टीम ने शांति पूर्ण तरीके से घूम घूम के जांच किए और सार्वजनिक जगहों पर कोई अश्लीलता न हो ऐसा प्रयास किया।

मौके पर प्रशांत ठाकुर, दीपू शर्मा, अरविंद गुप्ता, रवि गोस्वामी, रिशु गुप्ता, किशन जी, नितेश,गोविंद मौर्य, साहेब, सुजीत शर्मा, सुमन पटेल, सोनू सोनी, रवि राय गौतम,सुधांशु, अभिषेक, दिलखुश, दिलु महतो, सुशांत शर्मा, सूरज, रवि गोस्वामी, हरिओम, अर्जुन मिश्रा, प्रीतम मिश्रा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

### अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ने सांकेतिक चेक प्रदान किया

# पौष्टिक आहार की प्रदर्शनी का अवलोकन किया

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी पू च :** सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 848 लाभार्थियों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियों के संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री बालामुरुगन डी० ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत जीविका नीरा उत्पादक समूहों से भी बातचीत की और उन्हें लोगों को नीरा उत्पाद के उपयोग हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने 12,756 स्वयं सहायता समूहों को 350 करोड़ 62 लाख 50 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया और जीविका भवन की चाबी सौंपी। मुख्यमंत्री ने जैविक खेती के उत्पादों का भी जायजा लिया। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र पीपरा कोठी के समेकित कृषि प्रणाली मॉडल का निरीक्षण किया एवं अनवरत् परिवेशीय वायु गुणवत्ता प्रबोधन केंद्र का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित किसानों को अनुदानित कृषि यंत्र की चाबी भी सौंपी। उन्होंने दिव्यांगजनों को बैट्री चालित ट्राई साइकिल एवं भूमिहीनों को बासगीत पर्चा प्रदान किये। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सह पूर्वी चंपारण जिले के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार, पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, विधि मंत्री शमीम अहमद, विधान पार्षद महेश्वर सिंह, विधायक श्री शशिभूषण सिंह, विधायक मनोज कुमार यादव, विधायक शालिनी मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आर० एस० भट्टी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव बालामुरुगन डी०, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा, चंपारण रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रणव कुमार प्रवीण, पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम ने जीविका भवन को आभासी विधि से किया उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर




**सुगौली, पू.च :** प्रखण्ड के उत्तरी सुगांव पंचायत के सुगांव कुटी पर बिहार का पहला जीविका भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आभासी विधि से समाधान यात्रा के दौरान बुधवार को किया उद्घाटन। जीविका भवन को दुल्हन के जैसा सजाया गया था।जीविका राज्य परियोजना प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि पूरे बिहार में प्रखंड के उतरी सुगांव पंचायत ही एक मात्र पंचायत है। जहां यह कार्यालय भवन का शुभारंभ किया गया है। आने वाले समय में सभी प्रखंड में ऐसा भवन बनाया जाना है। यह काम पायलट परियोजना के तहत किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सभी जगह जीविका समूह का गठन कर उसे प्रोत्साहित करना है। जहां जीविका समूह नहीं बन पाया है,वहां जीविका समूह बनाकर अपने परिवार और गांव के विकास में सहयोग करने के लिए जीविका दीदियों के लिए बैठने व कार्य क्रियान्वयन में जीविका भवन कारगर साबित होगा। स्थानीय मुखिया रंजीत झा को बधाई व शुभकामनाएं भी दी गई।पंचायत के मुखिया श्री झा ने बताया कि उत्तरी सुगांव पंचायत में जीविका कार्यकताओं की बैठक और अन्य क्रियाविधि के लिए जीविका कार्यालय भवन का निर्माण कराया गया है। राज्य के प्रत्येक जिले के सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों में जीविका कार्यालय भवन का निर्माण कराया जाना है। लेकिन यह मेरे लिए तथा पुरा सुगौली के लिए गर्व की बात है,कि पुरे बिहार में यह पहला शुरूआत है। जिसका उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री आभासी विधि से किए। जिस भवन का कार्य युद्ध स्तर पर चला कर पूरा किया गया। भवन का निर्माण मनरेगा के तहत 14 लाख 18 हजार 349 रुपए से कराया गया है। इस कार्य योजना में 611 मानव दिवस का सृजन है। इस भवन के निर्माण से लगभग 300 से उपर जीविका दीदी लाभान्वित होंगी। जिन्हें अपना कार्य करने एवं बैठक के संचालन हेतु एक कार्यालय भवन उपलब्ध होगा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अंतर्गत बन रहा यह जीविका ग्राम संगठन कार्यालय भवन राज्य का पहला भवन है। इस भवन कैंपस में तीन पुरातात्विक पेड़,पौराणिक कुंआ एवं ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई अवस्थित है।

## फाइलेरिया अभियान में तेजी, अब तक 90 हजार लोगो को खिलाई गयी दवा

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** सरकार द्वारा चलाया जा रहा फाइलेरिया रोको अभियान के तहत 15 फरवरी तक 90 हजार लोगो को फाइलेरिया और एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जा चुकी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ शुभम कुमार के हवाले से बीसीएम नितेश गिरी ने बताया कि यह अभियान 10 फरवरी से 24 फरवरी तक चलेगा। अभियान में 128 लोगो की टीम लगी है जिसमें 180 आशा और 35 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लगी हुई है।इसके अतिरिक्त शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में वॉलिंटियर्स टीम भी लगाएं गये है।क्षेत्र में मोनेट्रिंग के लिए 11 टीम काम कर रही है।साथ ही सीएचसी के एमओआइसी, बीएचएम, डीसीएम और एमएनई सहित 11 लोग इस अभियान में लगे हुए है।बताया गया कि प्रतिदिन 17 से 18 हजार लोगो को दवा खिलाई जा रही है।अधिकारी ने बताया कि दवा खिलाने के क्रम में कुछ लोगों को एडवर्ड रिएक्शन भी हो रहा है अब तक इस तरह के 36 मामले सामने आएं हैं।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने उनको घर से लाकर इलाज किया जो दो तीन घंटे मे पुरी तरह से ठीक हो गये जिनको घर वापस पहूंचा दिया गया। मेडिकल टीम ने बताया कि सभी लोग दवा निश्चित रूप से खाएं दवा खाने के बाद किसी भी तरह की बेचैनी घबराहट होने पर परेशान नही हो वैसे लोगो को सीएचसी की टीम कम से कम समय में पहुंच कर इलाज कर ठीक करेगी। इस अभियान के निरक्षण के क्रम में पटना और जिला की मेडिकल टीम ने सुगौली के छपरा बहास क्षेत्र में पहुंच कर अभियान का जायजा लिया। रिजनल ऑफिस फॉर हेल्थ एंड फेमली वेलफेयर गोरमेंट आंफ इंडिया पटना की टीम में आएं मेडिकल अफसर एनके पंडित और सुरेश कुमार ने सभी लोगो से अपील किया कि आप फाइलेरिया और एल्बेंडाजोल की दवा निश्चित रूप से खाएं। फाइलेरिया की बीमारी नही होगी ना ही खाने पर एक बार फाइलेरिया की बीमारी हो जाने पर वह जल्दी ठीक नही होता है। हांथी पाव, हाइड्रोसील जैसी अन्य बीमारियां हो जाती है पटना से आई टीम ने स्वास्थ्य कर्मियों को भी आवश्यक निर्देश दिया।

## एनएच 28 के किनारे खुला सेंट्रल बैंक का एटीएम




राष्ट्रीय खबर

**चकिया पू च :** राष्ट्रीय राजमार्ग 28 के किनारे स्थित सूफिया युनानी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भवन में बुधवार को सेंट्रल बैंक के एटीएम का उद्घाटन बैंक के आंचलिक प्रमुख धर्मपाल खुराना ने विधिवत फीता काटकर किया। इस दौरान आंचलिक प्रमुख ने कहां की एनएच 28 के किनारे एटीएम के खुलने से सड़क से गुजरने वाले राहगीरों व आस पड़ोस के ग्रामीण आदि लोगों को पैसा निकालने में सहूलियत होगी। साथ ही कहा कि एनएच के किनारे बहुत कम ही एटीएम की सुविधा उपलब्ध रहती है। मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल अग्निहोत्री शाखा प्रबंधक आशीष रंजन कॉलेज के एसएम अमजद अली संदीप कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## पुलिस अभिरक्षा से गायब हुई लड़की, पुलिस महकमे में हड़कंप

राष्ट्रीय खबर




**बगहा :** सेमरा थाना परिसर मे पुलिस अभिरक्षा से एक लड़की अचानक गायब हो गई है। जिसको लेकर तमाम तरह की अटकले लगाई जा रही है तथा पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगाए जा रहे हैं।

युवती थाने में पुलिस अभिरक्षा से गायब हुई है। जिसके बाद पुलिस महकमे की किरकिरी हो रही है। हालांकि रामनगर इंस्पेक्टर अर्जुन प्रसाद के निर्देश पर फरार युवती पर धोखाधड़ी कर के भागने को लेकर केस दर्ज किया गया है।

दरअसल सेमरा थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग के अपहरण को लेकर नागेश्वर केवट समेत अन्य लोगों के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया गया था 14 दिसंबर 2022 को सेमरा थाना कांड संख्या 160/22 में परिजनों द्वारा यह शिकायत दर्ज कराई गई थी कि नाबालिग का अपहरण नागेश्वर केवट व अन्य ने मिलकर कर लिया है। पुलिस अनुसंधान कर ही रही थी की इसी दौरान अपहत अचानक बगहा एसपी किरण गोरख जाधव के कार्यालय पहुँची जहां एसपी से उसने आपबीती सुनाई एसपी के निर्देश पर सेमरा थाने की पुलिस ने पीड़िता का न्यायालय में 164 का बयान दर्ज कराया और मेडिकल जांच की तैयारी चल रही थी कि इसी दौरान युवती रहस्यमय तरीके से गायब हो गई।

हालांकि पुलिस की मानें तो ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों व महिला संतरी को चकमा देकर युवती भाग गई है। जिसको लेकर सेमरा थाना पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बहरहाल रामनगर इंस्पेक्टर अर्जुन प्रसाद ने इस घटना की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए तो वहीं फरार युवती पर केस दर्ज होने की भी जानकारी दी है।

वहीं पीड़िता के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है तो आरोपी अपने घर पर ताला लगाकर फरार हो गए हैं घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है।

# बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के निदेशक एवं सचिव ने खड़गपुर झील और भीमबांध का लिया जायजा

राष्ट्रीय खबर



**ह. खड़गपुर :** झील को पर्यटन के मानचित्र पर संवारने को लेकर बिहार सरकार के पर्यटन विभाग की ओर से सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। प्राकृतिक और नैसर्गिक छटाओं से आच्छादित खड़गपुर झील पर अब सैलानियों की सुविधाओं के लिए पर्यटन विभाग के द्वारा कराए जा रहे कार्य का अवलोकन करने को बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के निदेशक एवं सचिव अभय कुमार सिंह खड़गपुर झील पहुंचे और कार्य की स्थिति का जायजा लिया। पर्यटन विभाग के निदेशक एवं सचिव अभय कुमार सिंह खड़गपुर झील की खूबसूरती देख अविभूत नजर आए और पर्यटन के विकास से जुड़े कई अहम जानकारियां भी दी। उन्होंने कहा कि खड़गपुर झील बहुत सुंदर स्थल है। हमलोगों की स्कीम इस स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए जारी है। कैफेटेरिया बन रहा है साथ ही पर्यटकों की सुविधाओं से जुड़े कार्य किए जा रहे है। इस फैसिलिटी को अपग्रेड किया जा रहा है। झील में बोटिंग को लेकर भी उन्होंने कहा कि यह बेहतर साबित होगा। जिससे ज्यादा से ज्यादा पर्यटक खड़गपुर झील आ सकेंगे और इसकी प्राकृतिक फिजाओं का दीदार कर सकेंगे। पर्यटन सचिव अभय कुमार सिंह ने कमिश्नर संजय कुमार, जिलाधिकारी नवीन कुमार, विधायक राजीव कुमार सिंह के साथ झील में बन रहे गजीबो, कैफेटेरिया, वाशरूम का जायजा लिया। वहीं शिव मंदिर से पश्चिम भाग के हिस्से में सीढ़ी निर्माण को लेकर भी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि तीन महीने मे योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति और एक वर्ष मे सभी पर्यटन स्थलों का विकास करवा दिया जाएगा। उन्होंने असरगंज प्रखंड के ढोल पहाड़ी, टेटिया बम्बर प्रखंड के धार्मिक स्थल देवघरा को विकसित करने की योजना की जानकारी दी। इसके अलावे पर्यटन सचिव, कमिश्नर, डीएम, विधायक समेत डीएफओ और प्रशासनिक पदाधिकारी के साथ भीमबांध पहुंचे। जहां उन्होंने गर्मजल कुंड और कैफेटेरिया का भी अवलोकन किया। इसके पूर्व पर्यटन सचिव नगर के झील पथ स्थित प्रो. रामचरित्र प्रसाद सिंह के पुत्र वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह और शिक्षक मनोज कुमार सिंह से भी मुलाकात की और पर्यटन की संभावनाओं पर चर्चा किया।

इस मौके पर डीएफओ, सदर एसडीओ, एसडीओ आदित्य कुमार झा, सीओ संतोष कुमार, थानाध्यक्ष नीरज कुमार, मिथिलेश यादव, शिवपूजन सिंह, विनोद कुमार सिंह, संजय कुमार पीआरओ मनोज कुमार, सौरभ निधि, मुखिया प्रतिनिधि रामविलास यादव, विभाष यादव, नरेश बिंद सहित अन्य मौजूद थे।

## वार्ड सदस्यों ने आगजनी कर जमकर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया :** प्रखंड कार्यालय में विभिन्न पंचायत के वार्ड सदस्यों ने आगजनी कर जमकर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। माधोपुर पंचायत के वार्ड नंबर 10 के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि संतोष कुमार ने बताया कि पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राजू सहनी द्वारा

प्रखंड कार्यालय के अंदर वार रूम में सभी कर्मचारी एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के सामने शौचालय योजना में राशि नहीं देने को लेकर धमकी देते हुए मारपीट किया गया। इसको लेकर वार्ड सदस्यों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित उप विकास आयुक्त बेतिया पश्चिम चंपारण को तथा पुलिस अधीक्षक बेतिया पश्चिम चंपारण को प्रेषित किया है।

वार्ड सदस्यों का कहना है कि अगर न्याय नही मिलता है तो सभी वार्ड सदस्य आगामी 20 फरवरी को प्रखंड कार्यालय परिसर पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस बाबत मुखिया प्रतिनिधि राजू सहनी ने बताया कि मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार हैं सीसीटीवी फुटेज से इस घटना का सत्यापन किया जा सकता है। विरोध प्रदर्शन में संतोष कुमार, नितेश कुमार चौधरी,विनय यादव, मंजू देवी, अलीराज हुसैन, तेतरी देवी, अरुण कुमार ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार पाठक, लक्ष्मण राम, राजन कुमार, जमीर आलम ,रमेश साह , प्यारेलाल सहनी, गोविंद महतो, मुन्ना आलम, मिथिलेश पांडे सहित अन्य शामिल थे।

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## पास पड़ोस ›› अपडेट

### सांसद खेल स्पर्धा वाल्मीकि का भव्य आगाज यथाशीघ्र

**बेतिया:** सांसद खेल स्पर्धा वाल्मीकिनगर का भव्य आगाज शीघ्र, उपर्युक्त जानकारी खेल निदेशक सुनील वर्मा के हवाले से मीडिया को दी गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दूबे निवास पर बैठक हुई। राज्यसभा सांसद सतीशचंद्र दूबे ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा वाल्मीकिनगर की तिथि अतिशीघ्र घोषित की जाएगी। सतीश चंद्र दूबे ने बताया कि सांसद खेल स्पर्धा के अंतर्गत फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, कबड्डी , वालीबॉल शामिल होंगे। जिसकी तैयारी प्रारम्भ कर दी गई है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### देश के विकास में सेंट्रल बैंक की भूमिका अग्रणी : सांसद

**मोतिहारी पू चंपारण:** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय मोतिहारी के नवीनीकृत परिसर का उद्?घाटन करतें हुये सांसद राधा मोहन सिंह ने कहा कि देश और पूर्वी चम्पारण जिले के विकास में सेंट्रल बैंक की भूमिका अग्रणी रही है। पूर्वी चम्पारण जिले का अग्रणी बैंक सेंट्रल बैंक है और अग्रणी बैंक के रूप में सेंट्रल बैंक का कार्य काफी सराहनीय है। जिले में वित्तीय समावेशन की संकल्पना को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिये सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा किया गया प्रयास अब धरातल पर दिखने लगा है, जिसके कारण लाखों लोग बैंक से जुड़कर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रहे है। उन्होंने कहा कि जिले में औद्योगिक विकास की प्रगति धीमी है जिसे तीव्र करने में बैंक अहम भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख डी.पी.खुराना ने कहा कि सेंट्रल बैंक के पास प्रत्येक व्यक्ति के आवश्यक्ता के अनुरुप विभिन्न योजनाओं की लंबी सूची है, जरूरत है पहल करने की, सेंट्रल बैंक हर कदम पर मदद को तैयार है। उन्होंने कहा कि बिहार के अर्थ व्यवस्था की रीढ़ कृषि है और कृषि आधारित उद्योग की यहा अपार सम्भावना मौजूद है।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### ई किसान भवन मझौलिया में मूंग बीज वितरण

**मझौलिया :** प्रखंड के ई किसान भवन में मूंग बीज का वितरण किया गया । उक्त जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सिद्धनाथ राय ने दी। उन्होंने बताया कि किसानों के बीच बुआई के लिए मूंग का बीज वितरण किया गया । यह मूंग बीज कृषि विभाग द्वारा अनुशंसित और उत्तम किस्म का है । इसकी खरीदारी पर किसानों को सरकार द्वारा 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है ।वैसे किसान लाभन्वित होंगे जिनका किसान पंजीकरण हो चुका है । इस मौके पर लेखपाल अमित कुमार सिंह , डाटा आपरेटर अजय कुमार साह , सहायक तकनीकी प्रबंधक सत्यम कुमार , कृषि समन्वयक संजय मिश्रा , किसान सलाहकार हरिकिशोर सिंह सहित राजेश शर्मा , विजय भूषण मिश्र, लक्ष्मण गुप्ता, हरिशंकर शर्मा, दिवाकर तिवारी, अमित कुमार, अनीश राज, इब्राहिम अंसारी, कासीम अंसारी आदि लाभुक किसान उपस्थित रहे।

### एचडीएफसी बैंक ने ऑफलाइन पे लॉन्च किया

**पटना :** एचडीएफसी बैंक ने आरबीआई के नियामक सैंडबॉक्स प्रोग्राम के तहत व्यापारियों और ग्राहकों के लिए ऑफलाइन डिजिटल भुगतान का परीक्षण करने के लिए क्रंचफिश के साथ साझेदारी में एक पायलट लॉन्च किया है, जिसे 'ऑफलाइनपे' के नाम से जाना जाता है। एचडीएफसी बैंक का 'ऑफलाइनपे' ग्राहकों और व्यापारियों को मोबाइल नेटवर्क न होने पर भी भुगतान करने और प्राप्त करने में सक्षम करेगा। एचडीएफसी बैंक पूरी तरह से ऑफलाइन मोड में डिजिटल भुगतान समाधान शुरू करने वाला उद्योग का पहला बैंक है। यह खराब नेटवर्क कनेक्टिविटी वाले छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को अपनाने को बढ़ावा दे सकता है। शहरी केंद्रों में भी, यह बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों, मेलों और प्रदर्शनियों के दौरान नेटवर्क भीड़ के बावजूद कैशलेस भुगतान को सक्षम कर सकता है।

**विरोध** बदहाल नलजल योजना बनी लोगों के परेशानियों का सबब

# संबंधित पदाधिकारी बेखबर आमजन आक्रोशित, उतरे सड़क पर

- एक वर्ष पूर्व ही 5 नंबर वार्ड में जल मीनार को खड़ा किया गया है
- पानी हम लोग का सपना हो गया है

**राष्ट्रीय खबर**



**मुंगेर :** जहां एक और बिहार सरकार के द्वारा सैकड़ों से अधिक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिससे कि हर लोगों को लाभ मिल सके। जिनमें कई योजनाएं कागज पर ही सीमेंट करके रह गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में हर रोज समाधान यात्रा को लेकर जिले में यात्रा कर रहे हैं। लोगों की समस्या को सुन रहे हैं। वहीं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कई जनहित से संबंधित योजनाएं धरातल पर औंधे मुंह गिरी पड़ी है। पदाधिकारियों की कुंभकरण नींद भला लोगों तक योजना को पहुंचाने में विफल साबित हो रही है।

जिले संग्रामपुर प्रखंड के झिकली पंचायत के वार्ड संख्या 5 एवं 6 का है। यहां पर पूर्व वार्ड सदस्य एवं अन्य ग्रामीणों ने उमेश वर्मा अरुण तांती एवं दर्जनों से अधिक ग्रामीण महिला सहित लोगों ने बताया कि हम लोगों के घर तक नल जल का कनेक्शन तो किया गया है पर पानी हम लोग का सपना हो गया है। एक वर्ष पूर्व ही 5 नंबर वार्ड में जल मीनार को खड़ा किया गया है।

हर घर तक लगाया गया है हर रोज देना तो दूर की बात है पानी 1 दिन भी अभी तक नहीं लोगों के घर तक पहुंचा है इतना ही नहीं इस वार्ड की जनसंख्या लगभग 600 से अधिक की है पर यहां जिस घर में भी अपना चापाकल वह जनवरी फरवरी माह में ही चिढ़ाता हुआ नजर आ रहा है। लोगों को आधा किलोमीटर की दूरी पर चापाकल से पानी लाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिससे कि अपने घर का जरूरतमंद कार्य को पूरा कर सके।

ग्रामीण जगिया देवी, किरण देवी, शांति देवी, सुनैना देवी, द्वारिका मंडल इत्यादि लोगों ने बताया कि हम लोगों को पानी की समस्या बहुत बड़ी समस्या है। हम लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को पिछले 5 दिन पूर्व ही लिखें नहीं घर तक पहुंचने की सूचना दी है, पर अब तक तरह का कोई पदाधिकारी करने की इतनी दूर की बात है पर देखने तक भी नहीं आए हैं।

इस संदर्भ में जब के कनीय अभियंता अमरजीत कुमार से बात किया गया तो उनके द्वारा यह बताया गया कि तरह का कोई जानकारी नहीं मिली है कि वार्ड संख्या 5 एवं 6 में कालिका किल्लत है। जिसे अविलंब दुरुस्त किया जायेगा।

जदयू नेता हत्याकांड में पूर्व मंत्री के बहनोई ने रची थी साजिश

## गया पुलिस ने किया गिरफ्तार

- 1.59 लाख रुपए, एक आईफोन और एटीएम कार्ड बरामद

**राष्ट्रीय खबर**

**गया:** गया जिला जनता दल यू के उपाध्यक्ष सुनील हत्याकांड में शामिल एक अन्य अभियुक्त को भी गया पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस ने घटना में शामिल तीसरे आरोपी नरेंद्र यादव उर्फ नागेंद्र यादव को धर दबोचा है। एसआईटी की टीम ने जिले के मोहनपुर थाना अंतर्गत सिंधु गढ़ गांव से गिरफ्तार किया है, जबकि इसके पहले हत्या में शामिल जदयू नेता के छोटे भाई की पत्नी अंजली सिंह एवं साले अविनाश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब तक कुल 3 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नारायण नगर निवासी है, जो जदयू नेता सह पूर्व मंत्री का बहनोई बताया जा रहा है।

पूर्व मंत्री गया जिले के रहने वाले हैं। इसके पकड़े जाने से सनसनी फैल गई है और हत्याकांड में नया मोड़ आ गया है। एसएसपी आशीष भारती की माने तो अन्य शार्प शूटरों की तलाश की जा रही है।

जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सुनील हत्याकांड का सफल उद्भेदन कर लिया जाएगा। पकड़े गए अभियुक्त के पास से 1. 59 लाख रुपए, एटीएम कार्ड, मोबाइल और अन्य जरूरी कागजात बरामद किया गया है। सुनील हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अनुसंधान जारी है।

बता दें कि बीते शुक्रवार को जदयू के जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घर के दरवाजे पर ही अपराधियों ने उन्हें 6 राउंड गोलियां मारी थी,जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस मामले में मृतक की पत्नी ज्योति सिंह ने अपने देवर के पत्नी अंजली सिंह और उनके भाई सहित कई लोगों पर जमीन विवाद में हत्या का कारण बताया था।

## अनुमंडलीय अस्पताल मे चिकित्सक रहे गायब, मरीजो मे आक्रोश



**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा :** अनुमंडलीय अस्पताल बगहा को मिशन क्वालिटी को अपडेट किया जा रहा है जिससे मरीजों का बेहतर से बेहतर इलाज किया जा सके। इसके लिए ऑर्थो, सर्जन, आंख के डॉक्टर कर्मी के साथ साथ ए एन एम की तैनाती की गई है। अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार से लेकर शनिवार तक सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक ओपीडी चलता हैं। जिसमें तीन डॉक्टरों की तैनाती की गई है ।ओपीडी में सुबह से ही मरीज लाइन में खड़े होकर पर्ची कटाते हैं और चिकित्सक से दिखाने के लिए लाइन में खड़े होते हैं। ईलाज कराने आए मरीजों में नगर थाना क्षेत्र के गांधीनगर निवासी वर्षा कुमारी, पक्की बावली निवासी नेहा कुमारी, आशिया खातून, द्वारिका राम, च विजय किशोर प्रसाद की 62 वर्षीय पत्नी रेखा देवी, संजय पाण्डेय आदि मरीजों ने बताया की वे लोग 2 घंटों से लाइन में खड़े हैं । लेकिन अभी तक कोई चिकित्सक नहीं आए हुए हैं।

पुलवामा में हुए हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

## किशोर किड्स केयर स्कूल धरहरा के द्वारा एक अच्छी पहल



**राष्ट्रीय खबर**

**मुंगेर:** मुंगेर जिले के धरहरा.में पुलवामा में 4 साल पहले आतंकियों के हमले में मारे गए शहीदों की याद में शहीद दिवस मनाया गया। बता दें कि 14 फरवरी 2019 को जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी ने पुलवामा में उढफक्र के काफिले में विस्फोटक लेकर जा रहे एक वाहन को टक्कर मार दी थी. इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे.14 फरबरी वेलेंटाइन डे को नजरंदाज करते हुए धरहरा में शहीद दिवस सह मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया। शहीद दिवस मनाने को लेकर किशोर किड्स केयर स्कूल के प्रांगण से जगदीशपुर और जगदीशपुर से माँ काली के प्रांगण तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया । धरहरा माँ काली के प्रांगण में अभिभावकगण और स्कूल के बच्चों ने कैंडल जला कर पुलवामा हमले में शहीद हुए मां भारती के वीर सपूतों को याद किया। मौके पर मौजूद धरहरा प्रखंड के सरपंच संघ के अध्यक्ष राकेश रंजन उर्फ कालीचरण, स्कूल के प्रधानाचार्य मैथली शरण स्कूल के संचालक आरड केड सर, धरहरा ताई क्वॉन्डो क्लब के कोच विश्वजीत सिंह बिट्टू साथ ही स्कूल के सभी शिक्षकगण ने बच्चों को भारतीय संस्कृति के बारे मे बताया। बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# मुखिया संघ ने की बैठक कई प्रस्तावों पर विचार

**राष्ट्रीय खबर**



**पिपराकोठी पू चंपारण :** जिला मुखिया संघ पूर्वी चंपारण की बैठक सिंह ढाबा कुवरपुर में जिला अध्यक्ष शशिभूषण सिंह के अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन राजू बैठा सचिव मुखिया संघ बिहार ने की। बैठक को सबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय ने कहा कि मुखिया के अधिकारो में हो रहे कटौती के मामले बहुत जल्द मुख्यमंत्री से मिलकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। सरकार के लापरवाही के कारण आए दिन मुखिया जी पर हमला हो रहा हत्या हो रहा है उसपर सरकार विधि सम्मत कारवाई करे। बैठक को संबोधित करते हुए राजू बैठा प्रदेश सचिव ने सरकार से मुखिया जी को कैंप लगाकर शस्त्र लाइसेंस देने संबंधी आदेश का अनुपालन सुनिश्चित नही करती हैं संघ आंदोलन के लिए एकजुट होगा । बैठक में मुखिया को सुरक्षा मुहैया कराने, कैप लगाकर शस्त्र लाइसेंस देने, ग्राम सभा को सवतंत्र करने, मानदेय में बढ़ोतरी करने, मुखिया जी पर हमले के आरोपी को गिरफ्तार करने, लगातार तीन बैठक में अनुपस्थित वार्ड सदस्य की सदस्यता रद्द करने आदि मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सुनील कुमार टाइगर, श्रीनारायण प्रसाद, अजय यादव, सचिन यादव, सोनालाल सहनी, भागीरथ कुशवाहा, बालेश्वर कुशवाहा, वीरेंद्र कुमार, अनिल कुमार, रोहित सिंह, गोपाल राय, हेमंत कुमार, नीबी देवी, दारोगा साह नरेश राय, राजू ठाकुर, नेसार अहमद, ममता सिंह आभा सिन्हा, कमलेश सिंह रामबाबू यादव, विनय सिंह, सुरेंद्र राय, चंद्रिका राम, मुश्ताक आएल उपेंद्र पासवान, क्यामुदीन अंसारी किशोरी सहनी बाबूलाल बैठा, सुरेश प्रसाद यादव मनोज कुमार साह नथुनी महतो पावन कुमार दास पिंटू कुमार सिंह रामनाथ यादव हारून रशीद, शम्भू शरण प्रशाद रीकेश कुमार गायत्री देवी सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष मुखिया संघ एवम जिले के सभी मुखिया गण बैठक में शामिल हुए।

**अवसर** गौशाला में गायों से गले लगा कर दिया गौ भक्ति का अद्भुत परिचय

# गया गौशाला मानपुर में मना काऊ हग डे

**राष्ट्रीय खबर**

**मानपुर:** मंगलवार को श्री गया गौशाला मानपुर में काऊ हग डे का आयोजन किया गया इस अवसर पर गौशाला के छोटे-बड़े गायों की विधिवत पूजा अर्चना कर गायों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मा० पशु कल्याण प्रतिनिधि विकास कुमार उपस्थित थे।



गौ भक्ति का परिचय देते हुए गौ माता के आलिंगन का आनंद सभी गौ प्रेमीयो ने लिया। मान्यताओं व विज्ञान के अनुसार गौ माता के आलिंगन से सभी व्याधियों व प्रारंभिक रोगों से नीराकरण होते हैं गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त व संपूर्ण मनोरथ सिद्ध होंते है । कार्यक्रम में उपस्थित पशु कल्याण प्रतिनिधि भारत सरकार विकास कुमार ने कहा है कि पशुओं में प्रमुख गाय माता की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। इसी कड़ी में केंद्र सरकार के द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। गौ माता संपूर्ण जगत को पालती है इनके सभी उत्पाद को सही तरीके से रोजगार किया जाए तो बेरोजगारी की बहुत हद तक की समस्या दूर हो सकती है। केंद्र सरकार की कई योजना चला रही है जिस पर युवाओं को इस योजना से जुड़कर लाभ लेना चाहिए ।

इस अवसर पर गौशाला समिति के सचिव मुकेश खंडेलवाल अन्य गौ भक्त राजेश झुनझुनवाला, मदन तिवारी अधिवक्ता, शरद खंडेलवाल, भाजपा नेता क्षितिज मोहन सिंह, भाजयुमों जिला प्रभारी मुन्ना सिंह, धनंजय कुमार धीरु, मुन्ना कुमार बजरंगी, सुधीर कुमार पप्पू, संजीव कुमार, दिलतोश कुमार, नीपू कुमार, मनोज कुमार सिंह, मनीष कुमार सोनू गौशाला समिति मैनेजर मनबोध मिश्रा, बच्चन जी, राम बचन यादव प्रमुख रूप से शामिल थे।

## न्यूज फटाफट

### सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम लागू किया जाए

**गया:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, ओंकारनाथ सिंह, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, जितेंद्र यादव, शिव कुमार चौरसिया, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, मो समद, असरफ इमाम, आदि ने कहा की कांग्रेस शासित प्रदेशों में राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश की सरकार ने अपने, अपने राज्यो में पुरानी पेंशन योजना लागू कर दी है, जिसके बाद से संपूर्ण देश के राज्यकर्मी इस आश में है की हमारा राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार कब पुरानी पेंशन योजना लागू होगा इसके लिए लगातार संघर्षरत है। नेताओ ने कहा की बिहार से अलग हुए झारखंड सरकार भी पुरानी पेंशन योजना लागू कर दिया जिसके बाद से बिहार के राज्यकर्मी पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग कर रहे हैं। नेताओ ने कहा केंद्र सरकार एक ओर बुढ़ापे की सहारा पेंशन तो खत्म कर ही दिया, दूसरी ओर रेलवे भाड़ा में मिलने वाली रियायत को भी खत्म कर दिया। नेताओ ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, से केंद्रीय कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने एवम बिहार के राज्यपाल, मुख्यमंत्री से बिहार राज्य के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग किया है।

### कैंडल जलाकर पुलवामा के वीर शहीदों को दी गई भावपूरित श्रद्धांजलि



**गया :** पुलवामा हमले की चौथी बरसी पर शहर के वार्ड नंबर 14 स्थित दुखहरनी मंदिर मोहल्ले के दुर्गा स्थान परिसर में हमले में शहीद हुए 40 सीआरपीएफ जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय वार्ड पार्षद पप्पू कुमार शर्मा ने कहा कि वीर जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वह हमेशा अमर रहेंगे। शहीद जवानों ने भारत माता की अस्मिता की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दी थी। वही युवा समाजसेवी संजू लाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीरों की गाथा भारतीय जनमानस के लिए एक गर्व की बात है। शहीद हुए वीर सैनिकों के प्रति उन्होंने सच्ची श्रद्धा अर्पित करते हुए नमन बताया कि राष्ट्र के प्रति प्राण न्योछावर करने वाले कभी मरते नहीं हैं बल्कि वह हमेशा अमर रहते हैं। उन्होंने युवाओं को देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय, वीर शहीद अमर रहे, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जय जैसे गगन भेदी नारों से गूंज उठा। मौके पर पूर्व पार्षद सुरेश शर्मा, कौशलेंद्र नाराय, शुभम हिंदू, शंकर शर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### होली मिलन में जेईई परीक्षा में कायस्थ समाज के सफल छात्रों को किया जाएगा सम्मानित


**गया:** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस द्वारा आगामी 26 फरवरी को शहर के चांदचौरा स्थित मैत्री गार्डेन में आयोजित होली मिलन सह सम्मान समारोह की सफलता के लिए मंगलवार को चांदचौरा स्थित एक निजी विवाह भवन में बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता नवीन कुमार सिन्हा ने की। बैठक में कार्यक्रम की सफलता के लिए विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि 26 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन सहित प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर के कई पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुई जेईई की परीक्षा में सफल छात्रों को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के जिलाध्यक्ष सह वार्ड संख्या 39 के पार्षद संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न हिस्सों से एक हजार से ज्यादा चित्रांश परिवार के लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित सामूहिक भोज का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में चित्रांश अभिषेक कुमार सिन्हा, चित्रांश रंजन सिन्हा, चित्रांश राजीव रंजन सिन्हा, चित्रांश ओमप्रकाश सिन्हा, चित्रांश राजीव रंजन प्रसाद, चित्रांश राजीव कुमार सिन्हा, चित्रांश सुनील कुमार सिन्हा उर्फ रिंकू, चित्रांश सुनील कुमार सिन्हा, चित्रांश रिंकू कुमार, चित्रांश धर्मेंद्र कुमार, चित्रांश रंजीत कश्यप, चित्रांश मनोज कुमार सिन्हा, चित्रांश प्रभात शंकर उर्फ सुनील सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

### आजादी के दीवानों के खून से लाल हुई थी तारापुर की धरती



**राष्ट्रीय खबर /तारापुर:** जनवरी 1932 में गांधी- इरविन समझौता भंग होने के कारण सत्याग्रह आंदोलन तेज हो गया था। महात्मा गांधी के गिरफ्तार होने पर कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सरदार सार्दुल सिंह फणीश्वर ने 15 फरवरी को देश के सभी सरकारी भवनों पर तिरंगा फहराने का निर्देश दिया। तारापुर थाना भवन पर भी झंडा फहराने का कार्यक्रम रखा गया था। 14 फरवरी 1932 को तारापुर से 14 किलोमीटर की दूरी पर थाना भवन पर झंडा फहराने को लेकर बैठक हुई, जिसमें नंद कुमार सिंह एवं पाठक जी उपस्थित थे। मदन गोपाल सिंह के नेतृत्व में त्रिपुरारी सिंह महावीर सिंह कुशवाहा कार्तिक मंडल एवं परमानंद प्रसाद सहित पांच संघ सेवकों का दल बनाया गया जो 14 फरवरी 1932 की रात्रि में ही तारापुर के लिए रवाना हो गए। 15 फरवरी 1932 को एस पी ए डब्ल्यू फ्लैग एवं कलेक्टर मिस्टर ली पुलिस बल के साथ तारापुर थाना भवन पहुंचे। पुलिस ने लाठीचार्ज किया तथा परमानंद सिंह को कांटों की झाड़ी में फेंक दिया एवं मदन गोपाल सिंह एवं स्वयंसेवकों के साथ वंदे मातरम और भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए थाना भवन में घुस गए। इसके बाद मांग मदन गोपाल सिंह ने थैला में छुपा कर रखी तिरंगे झंडे को निकाला और थाना भवन पर फहरा दिया। उसी समय मदन गोपाल सिंह कार्तिक मंडल एवं महावीर सिंह गिरफ्तार कर लिए गए तथा पुलिस पदक दर्शकों द्वारा पथराव भी किया गया। तारापुर की धरती आजादी के दीवानों के खून से रंग गई। शहीदों में चंडी महतो चोर गांव, शीतल रविदास जलालाबाद, शुक्ल सोनार तारापुर, संता पासी, झोटी झा, विश्वनाथ सिंह छात्र हार, सिंघेश्वर राजहंस बीहमा, बद्री मंडल पड़भाडा, गैरी मंडल महेशपुर के अलावे अशर्फी मंडल, महिपाल सिंह रमचूआ एवं ने अस्पताल में दम तोड़ा जिसका नाम ज्ञात नहीं हो सका। बताया जाता है कि अंग्रेजों ले बगावत को दबाने के लिए हजार्ने के रूप में क्षेत्र की जनता से 86 सौ रुपए भी वसूल की।

## ट्रक की टक्कर से बीडीओ की गाड़ी क्षतिग्रस्त



**बगहा :** बुधवार की सुबह बगहा दो प्रखंड विकास पदाधिकारी के वाहन को बगहा रेलवे ढाला के समीप एक ट्रक के द्वारा टक्कर मार दी गई। जिससे बीडीओ के वाहन का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान बीडीओ अपने वाहन से बाहर थे। जिस कारण एक बड़ी अनहोनी होने से टल गयी। मामले में बगहा दो बीडीओ जयराम चौरसिया ने बताया कि दुर्घटना के दौरान मै वाहन में मौजूद नहीं था। वाहन मालिक के द्वारा वाहन की क्षतिपूर्ति करते हुए उसकी रिपेयरिंग करवाई जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने समाधान यात्रा के क्रम में विकास योजनाओं का लिया जायजा

## समस्याओं के समाधान हेतु अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। वे बंजरिया प्रखंड की ग्राम पंचायत सिसवा पूर्वी पहुंचे जहां उन्होंने विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उसके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सिसवा पूर्वी में अल अमीन एंड एजुकेशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित मदरसे में बच्चे-बच्चियों को दी जा रही शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने हर घर नल का जल योजना के सुचारू संचालन के संबंध में ग्रामीणों से जानकारी ली और पानी की टंकी को भी देखा। उन्होंने पंचायत सरकार भवन की भूमि का निरीक्षण किया और पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने वहां जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण किए गए तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तालाब का पानी साफ रखें। साथ ही वहां पर पौधारोपण करवाएं एवं सोलर लाइट भी लगवाएं। उन्होंने कहा कि बगल में पंचायत सरकार भवन बन जाएगा तो यह और भी अच्छा लगेगा। उन्होंने बगल में बनाए जाने वाले जीविका भवन के मॉडल को देखा और जीविका दीदियों से बातचीत की। उन्होंने जीविका दीदियों से कहा कि आपलोग अच्छे से काम करते रहिए तथा जीविका समूह से और अधिक महिलाओं को जोड़िए। हमलोग आपकी बेहतरी के लिए काम करते रहेंगे। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमसब आप की बदौलत ही आगे बढ़ रहे हैं, तरक्की कर रहे हैं, हमारा परिवार भी खुशहाल है। जिलाधिकारी ने जिले में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य के बारे में चार्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने वहां पहले से बने पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया और पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात की तथा सोलर स्ट्रीट लाइट योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सह पूर्वी चंपारण जिले के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार, पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम, विधि मंत्री शमीम अहमद, विधान पार्षद खालिद अनवर, विधान पार्षद महेश्वर सिंह, विधायक शशिभूषण सिंह, विधायक मनोज कुमार यादव, विधायक शालिनी मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव बालामुरुगन डी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त शगोपाल मीणा, चंपारण रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रणव कुमार प्रवीण, जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक, पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिजली के चपेट में आने से राजगीर मिस्त्री घायल

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** बुधवार के दिन नगर के वार्ड नंबर 17 गांधीनगर स्थित एक ग्रामीण के घर में कार्य कर रहा राजगीर मिस्त्री हाईटेंशन बिजली के चपेट में आने से गिरकर जख्मी हो गया। लोग आनन फानन में उसको लेकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचे जहां पर उपस्थित चिकित्सक उसके इलाज में लग गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेसे से राजमिस्त्री चखनी निवासी खुर्शीद आलम नगर परिषद अंतर्गत गांधीनगर वार्ड संख्या 17 स्थित एक घर में काम करने के लिए गया हुआ था। इस दौरान छत पर कार्य करते हुए उसके हाथ में मौजूद औजार सर के ऊपर गुजर रहे हाईटेंशन तार से छू गया जिससे वह झटका खाकर छत से नीचे गिर गया। ग्रामीणों के द्वारा उसको अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर के बी एन सिंह ने बताया कि घायल राजमिस्त्री का इलाज किया जा रहा है। एक्स-रे करवाया जा रहा है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो यहीं पर इलाज होगा नहीं तो जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाएगा।

## शराब पीकर हंगामा कर रहे दो शराबी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** नगरथाना की पुलिस ने रामधाम मोहल्ला में मंगलवार की देर रात शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो शराबियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रंजय साह व रामाधार साह के रूप में की गयी है। इसकी पुष्टि करते हुए बगहा नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि सूचना मिली थी कि शराब के नशे में दो लोग हंगामा कर रहे हैं। सूचना के आलोक में पुलिसकर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया तथा बुधवार के दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## मैट्रिक परीक्षा का दूसरा दिन शांतिपूर्ण संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च. :** मैट्रिक परीक्षा के दुसरे दिन बुधवार को सुगौली के दो परीक्षा केंद्रों पर चाक चौबंद व्यवस्था के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण रहा। परीक्षा के दुसरे दिन पं.दीनदयाल बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र पर पहली पाली में विज्ञान की परीक्षा में 503 में 6 और दुसरी पाली में 507 में 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि नंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहली पाली में 824 में 803 उपस्थित रहे और 21 अनुपस्थित रहे। जबकि दुसरी पाली में 835 में 816 उपस्थित रहे और 19 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक मनोज भारती और दीनदयाल बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह केन्द्र अधीक्षक शमिमुल हक ने बताया कि दोनो पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त संपन्न हुई है।

# बॉलीवडु अभिनेता मनोज बाजपेयी ने किया जस्ट डाग्स शोरूम का उद्घाटन

राष्ट्रीय खबर




**पटना :** जस्ट डाग्स भारत के अग्रणी ओमनी-चैनल पेट केयर रिटेलर और सेवा प्रदाता, ने पटना में अपना नया स्टोर लॉन्च करने की घोषणा की, जिससे बिहार में अपनी उपस्थिति का विस्तार हुआ। कुम्हरार में शहर के केंद्र में स्थित, यह भारत में ब्रांड का 46वां स्टोर और राज्य में दूसरा स्टोर है। नए स्टोर का उद्घाटन प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी और फ्रेंचाइजी के मालिक और डॉग बिहेवियरल स्पेशलिस्ट आकाश करण ने किया। सभी पालतू जानवरों के माता-पिता के लिए वन-स्टॉप शॉप के रूप में सकंल्पित, यह स्टोर पालतू जानवरों की आपूर्ति की एक विस्ततृ श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें उत्कृष्ट भोजन, खिलौने, सौंदर्य उत्पाद और पालतू जानवरों के लिए अन्य सामान शामिल हैं। 2022 के दौरान, जस्ट डाग्स ने अपनेस्टोरों की संख्या को दोगुना कर लिया है और अब यह देश भर में 20 लाख से अधिक पालतू जानवरों के माता-पिता की जरूरतों को पूरा कर रहा है। जस्ट डाग्स ने 2022 में अपनी अखिल भारतीय विस्तार योजनाओं को मजबतू करने के लिए नागपुर, नई दिल्ली, वडोदरा, ठाणे, मुंबई और हैदराबाद में भी नए स्टोर लॉन्च किए। लोकप्रिय अभिनेता मनोज बाजपेयी, जिन्होंने उद्घाटन किया, ने कहा, "मैं अपने गृहनगर में जस्टडॉग्स पेट केयर स्टोर का उद्घाटन करके बहुत खुश हूं। यह सिर्फ एक नया स्टोर खोलने से कहीं अधिक है- यह मनुष्यों और उनके पालतू जानवरों के बीच गहरे बधंन को मजबतू करने और जश्न मनाने का अवसर है। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो पालतू जानवरों को सबसे अधिक सम्मान देता है, मुझे इस विशेष दिन पर जस्ट डाग्स जैसे ब्रांड को हमारे शहर में आते देख बहुत खुशी हो रही है। आकाश करण, फ्रैंचाइजी के मालिक और डॉग बिहेवियरल स्पेशलिस्ट ने कहा, ₹पटना में जस्ट-डॉग्स की उपस्थिति का विस्तार करते हुए हमें खुशी हो रही है, और हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक शीर्ष-श्रेर्णी के उत्पादों और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा की सराहना करेंगे जो ब्रांड का पर्याय हैं। हमारा प्राथमिक उद्देश्य पालतू जानवरों की देखभाल करने वालों को खरीदारी का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करना है, और हम अपने करनेके लिए तत्पर हैं।

## थारू महोत्सव मेला की रूपरेखा को लेकर हुई बैठक

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** प्रखंड बगहा दो अंतर्गत स्थित थरूहट की राजधानी कहे जाने वाले हरनाटाड मे बुधवार के दिन महा शिवरात्रि के अवसर पर लगने वाले थारु महोत्सव मेले की तैयारियो को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता तपा चौपारन के अध्यक्ष हेमराज पटवारी व संचालन तपा राजपुर के अध्यक्ष महेश्वर काजी ने किया। बैठक मे सर्वसम्मति से थारु महोत्सव मेला की विधि व्यवस्था व तैयारियों विस्तृत रूप से चर्चा की गई। थारू महोत्सव मेला के कार्यवाहक अध्यक्ष कृष्ण मोहन खतईत एवं संयोजक हरेंद्र काजी को बनाया गया है। थारु बौद्धिक विचार मंच के अध्यक्ष डा. शारदा प्रसाद ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व पर थारू महोत्सव का आयोजन 18 से 22 फरवरी तक बुधवार राजकीय राज्य संपोषित उच्च माध्यमिक प्लस टू उच्च विद्यालय हरनाटाड के खेल मैदान में होगा। थारु महोत्सव मेले का विधिवत उदघाटन 17 फरवरी शुक्रवार को शुबह 11बजे बगहा अनुमण्डल पदाधिकारी डा. अनुपमा सिंह द्वारा की जायेगी। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन निर्भय कुमार महतो, बगहा दो प्रखंड प्रमुख शिवकुमारी देवी मुख्य अतिथि के रूप में थारु महोत्सव मेला मे उपस्थित रहेंगे। थारु प्रगतिशील संस्था अध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने बताया कि थारु महोत्सव मेला मे पिछली वर्षो के अपेक्षा इस वर्ष के मेला मे भव्य बम्बे बाजार, झुला, ब्रेक डांस खेल तमाशा आदि का भरपूर आनंद मेले में आये बच्चे,बड़े आदि उठायेंगे। इस दौरान बैठक तपा चौपारन के सचिव राजकुमार महतो,तपा राजपुर के सचिव रविन्द्र महतो, पंचायत राज भडछी के मुखिया कृष्णमोहन प्रसाद, शम्भू नाथ राय, जगदीश सोखईत, रामसिंह महतो, ज्ञानेश्वर महतो, रामकवल काजी, सुरेन्द्र खतईत, इन्द्रदेव महतो, उमा खतईत आदि उपस्थित रहे।

# छठ घाट निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर जेई ने कार्य रुकवाया

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** पिपरासी प्रखंड में सांसद और विधायक कोटे से कराए जा रहे कार्यों में लूट मची हुई है । जिसका ताजा उदाहरण सांसद कोटे से मंझरिया पंचायत स्थित पकड़िअहवा पुल के समीप छठ घाट का निर्माण तीन नंबर ईंट व सफेद वालू से कराया जा रहा है । कार्य कर रहे मजदूरों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा उन्हें जो सामग्री उपलब्ध कराई गई है ।उससे वह कार्य कर रहे हैं । मजदूरों ने स्वीकार किया कि इस कार्य में तीन नंबर ईंट व सफेद बालू का प्रयोग किया जा रहा है । जबकि दिखावे के लिए अल्प मात्रा में लाल बालू भी कार्यस्थल पर रखी गई है । यह पूछने के बाद की क्या विभागीय पदाधिकारी या जेई कार्यस्थल पर आते हैं तो मजदूरों के द्वारा बताया गया कि कार्य 2 से 3 दिनों से कार्य चल रहा है । लेकिन अभी तक कोई विभागीय या सरकारी कर्मी कार्यस्थल पर नहीं आया है । इस संबंध में पुछने पर जेई निलेश कुमार ने बताया कि संवेदक द्वारा गड़बड़ी करने की शिकायत मिली है । कार्य को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है । मैट्रिक परीक्षा में डियूटी लगने के कारण कार्य स्थल की जांच नहीं की गई है ।इसी प्रकार पूर्व में भी कई अन्य पंचायतों में सांसद व विधायक निधि से कराए गए कार्य 6 माह से 1 वर्ष के भीतर ही जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गया है । ऐसे प्रतीत होता है कि सांसद और विधायक निधि से कराए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखी जा रही है ।

## ठकराहा वासियों को मिला पार्क की सौगात,मुखिया ने कराया सीमांकन



राष्ट्रीय खबर

**ठकराहा :** प्रखंड क्षेत्र के ठकराहा पंचायत वासियों को भव्य एवं शहरों जैसा पार्क निर्माण कराने का रास्ता साफ हो गया है। बुधवार को पंचायत के छठ घाट के समीप बुजुर्गों को घूमने फिरने के लिए,महिलाओं के टहलने के लिए,नवयुवक के शारीरिक कसरत करने के लिए एवं बच्चों के खेलने के लिए जिम,झूला एवं बेंच इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाओं से भरा हुआ पार्क निर्माण कराए जाने का सीमांकन अंचल कर्मचारी,अमीन,मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी,पंचायत सचिव रिशेश्वर पांडे,सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद तिवारी, वार्ड सदस्य शारदा राम,कौशल देवान, संदीप तिवारी,मुनींद्र तिवारी, तारकेश्वर तिवारी इत्यादि की उपस्थिति में भूमि का सीमांकन किया गया। वहीं मुखिया शोभा देवी ने बताया कि पंचायत के लोगों को शहर जैसी सारी सुविधाएं देने के लिए मैं संकल्पित हूं।आगे भी जनहित में विकास कार्य सुचारु रुप से चालू रहेंगे। वही ग्रामीणों ने बताया कि पार्क निर्माण ठकराहा प्रखंड वासियों के लिए बहुत ही बड़ी और भव्य सौगात है। इसी रफ्तार से पंचायत का विकास चलता रहा तो पंचायत भी शहर जैसा ही दिखेगा । इस दौरान कार्यपालक सहायक मुकेश कुमार एवं पंचायत कनीय अभियंता अमित कुमार भी मौजूद रहे।

## मनरेगा योजना से हो रहें कार्य में भारी अनियमितता



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** पिपरासी प्रखंड के मंझरिया पंचायत में मनरेगा योजना से कराए जा रहे कार्यों में घोर अनियमितता बरती जा रही है । आलम यह है कि सड़कों में मौजूद गड्ढों को भरकर उपर से मिट्टी छिड़कने का कार्य किया जा रहा है । वही किसी भी कार्य स्थल पर बोर्ड नहीं लगाई गई है । ताकि यह पता चल सके की इस योजना की प्राकल्लित राशि कितना है । मंझरिया खास राजकीय प्राथमिक विद्यालय के समीप से अर्जुनहीं जाने वाली सड़क तक मनरेगा योजना से मिट्टी भराई का कार्य किया जा रहा है । जिसमें काफी अनियमितता बरती जा रही है । सड़क भराई का आलम यह है कि सड़क में मौजूद गड्ढों को भरकर उसके ऊपर सिर्फ मिट्टी का छिड़काव किया जा रहा है । उक्त सड़क भराई कर रहे मजदूरों का कहना है कि अभी गड्ढे की भराई कर हल्का मिट्टी उपर दिया जा रहा है । जब फसल कट जाएगा तो फिर मिट्टी डाली जाएगी । इस संबंध में पुछने पर विभागीय जेई ज्ञानेंद्र पांडेय ने बताया कि सड़क भराई कार्य प्राक्कलन के हिसाब से एक बार किया जाता है । दुबारा नहीं । अगर ऐसा मामला है तो वे खुद उस सड़क में हो रहा मिट्टी भराई कार्य की जांच करेंगे । अगर मामला सत्य पाया गया तो राशि कटौती की जाएगी ।

# अनुमंडलीय अस्पताल में जीविका दीदी की रसोई से मरीजों मुफ़्त में मिलेगा भोजन

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** मिशन क्वालिटी के तहत अनुमंडलीय अस्पताल को सदर अस्पताल में अपग्रेड करने के लिए की गई तमाम नई पहल तहत यहां आने वाले मरीजों को दीदी की रसोई तैयार भोजन आज से मिलेगा। जिसका डीएम कुंदन कुमार ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एएनएम स्कूल में संचालित जीविका समूह द्वारा संचालित रसोई से अनुमंडलीय अस्पताल के मरीजों को नाश्ता, व भोजन उपलब्ध कराने की महती योजना का शुभारंभ किया। इस क्रम में रसोई घर में बनने वाले सभी सामानों की बिंदुवार पड़ताल किया। महिला समूह के अध्यक्ष रीना देवी, सचिव रानी देवी सहित संस्था के डीपीएम आरके. निखिल, बीपीएम विनोद कुमार से पूछ ताछ किया। अस्पताल में आपूर्ति को लेकर जैसे ही बताया गया कि मरीजों से आर्डर लेकर यहां एक व्यक्ति लाएगा। उसके बाद वहां भेजा जाएगा। डीएम ने कहा ऐसा नहीं करें। सभी आर्डर मोबाइल से मांगे और उसके बाद आपूर्ति करें। रसोई में काम कर रहीं कर्मियों से पूछ ताछ करते हुए क्या- क्या बना सकते है। इसका प्रशिक्षण आदि मिला है या नहीं पूछ ताछ किया। स्वच्छ, पौष्टिक आहार देने का निर्देश देते हुए जीविका समूह का उत्सावर्धन किया। इस क्रम में डीएम ने अस्पताल में मरीजों से पूछ ताछ करते हुए दवा, सुविधा, ससाधन मिलने की पड़ताल करने लगे। इस दौरान मंगलपुर निवासी केदारनाथ गुप्ता से पूछ ताछ किया। श्री गुप्ता ने बताया कि मैं अपनी पत्नी देवंती देवी का इलाज कराने आया हूं। लेकीन एक दवा बाहर से क्रय किया हूं। इतना सुनते ही कार्यरत जीएनएम रूसी कुमारी व प्रभारी उपाधरक्षक डॉ. के.बी.एन. सिंह से पूछ ताछ किया। कहा कि जब सरकार पैसा खर्च कर रही है। ऐसे में कोई एक रूपया का दवा भी बाहर से मरीज क्यों खरीदेगा। इसके साथ ही दवा के डिमांड सहित कागजात आदि की जांच किया। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए आदेश दिया। मदर केयर यूनीट के साथ अस्पताल में अन्य सुविधाओं व संसाधन की जांच किया गया।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

राष्ट्रीय खबर



**ठकराहा :** बगहा पुलिस जिले के ठकराहा थाना कांड संख्या 55/2022 के मारपीट करने का फरार अभियुक्त ठकराहा के पंचायत बजारीटोला गांव निवासी आदित्य तिवारी के घर पर थाना की पुलिस ने बुधवार के दिन इश्तेहार चिपकाया। ठकराहा थाना के एएसआई अशोक कुमार ने बताया कि अभियुक्त के घर पर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाने के बाद आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उनके साथ ठकराहा थाना के एएसआई कालीचरण पासवान सहित पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## ए एम कॉलेज के प्राचार्य बने एसोसिएशन ऑफ इंडियन कॉलेज प्रिंसिपल के ज्वाइंट सेक्रेटरी

राष्ट्रीय खबर



**बोधगया :** अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव को एसोसिएशन ऑफ इंडियन कॉलेज प्रिंसिपल (अकादमिक निकाय) के पूर्वी क्षेत्र का जोनल ज्वाइंट सेक्रेट्री का मनोनीत किया गया है। गोवा में आयोजित एसोसिएशन के रजत जयंती समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अवसर,चुनौतियां और मांगे की राह पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में इन्हें मनोनीत किया गया। बता दें कि एसोसिएशन में पूरे भारतवर्ष के लगभग 800 सदस्य है। प्राचार्य डॉ शैलज कुमार श्रीवास्तव को ज्वाइंट सेक्रेट्री मनोनीत किए जाने पर शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते उन्हें बधाई दी है। कॉलेज के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष सह जनसंपर्क अधिकारी अमृतेंदु घोषाल ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इनके मनोनयन से कॉलेज का गौरव बढ़ा है।

## दो समुदाय भिड़े, आधा दर्जन दुकानों को नुकसान, चार मकान भी जले

# सोशल मीडिया पर बढ़ाई गई निगरानी

▶▶ पुलिस वैन में तोड़ फोड़

राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** पलामू जिले के पांकी बाजार में महाशिवरात्रि पर तोरण द्वार लगाने को लेकर दो पक्षों के विवाद में जमकर पत्थरबाजी हुई जबकि इस दौरान कुछ पुलिसकर्मी जख्मी हो गए हैं। जिले के एसपी चंदन कुमार सिन्हा और उपायुक्त ए दोड्डे घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इस दौरान तीन से चार थानों की पुलिस को मौके पर तैनात कर दी गई है। इसके साथ ही पांकी में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। एसपी ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर तोरण द्वार बनाया जा रहा था तभी विवाद हो गया और पत्थरबाजी हुई।फिलहाल मामला शांत है। घटना के बाद पांकी बाजार क्षेत्र की सारी दुकान है बंद है। बाजार क्षेत्र में अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल है। दो गुटों के बीच बुधवार की सुबह संघर्ष होने के बाद धारा 144 लागू कर दिया गया है। इस संघर्ष में आधे दर्जन लोग घायल हुए हैं । पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने बताया कि संघर्ष एक तोरण द्वार में हुई तोड़फोड़ के बाद शुरू हुई।

मामले को देखते हुए जिला प्रशासन ने इन्टरनेट व्यवस्था को बंद करने के लिए गृह विभाग को प्रस्ताव सौंपा है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से भी अधिक उपद्रवियों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। पलामू जोन के आईजी राजकुमार लाकड़ा, पलामू डीसी ए दोड्डे, एसपी चंदन कुमार सिन्हा समेत कई वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं। डीसी-एसपी कर रहे कैंप।



### उपायुक्त ने की शांति बनाए रखने की अपील

जिले के पांकी में दो समूहों के बीच में हुए विवाद से उत्पन्न विधि-व्यवस्था की स्थिति शांतिपूर्ण एवं नियंत्रण में है। जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से निगाह रखे हुए है।प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस के पदाधिकारी दल-बल के साथ स्थल पर कैंप कर रहे हैं।पूरे क्षेत्र में धारा 144 अंतर्गत निषेधाज्ञा लगा दी गयी है।सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें,किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाते पाये जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। ज्ञातव्य है कि जिले के उपायुक्त श्री दोड्डे,पुलिस महानिरीक्षक पलामू राजकुमार लकड़ा,पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने स्वयं स्थल पर कमान संभाल रखी है।

### झड़प दुर्भाग्यपूर्ण : रुचिर

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने पांकी में दो समुदायों के बीच हुआ विवाद और झड़प को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शुरूआती दौर में प्रशासन की नाकामी के चलते इस प्रकार की घटना हुई और दंगाई लोग चाहे किसी समाज के हो समाज में विद्वेष फैलाने का काम वह लोग चाहते हैं और इसी मंशा के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया पलामू एसपी और पलामू उपायुक्त इस पर अमल करें वही कैंप लगाएं और दोषी व्यक्तियों पर त्वरित कार्रवाई कर उन को जेल में डालने का काम करें चाहे वह दोषी व्यक्ति किसी समुदाय का हो ।

## बिहार में बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर पुलिस मुख्यालय गंभीर

# अब नहीं बच पाएंगे साइबर अपराधी

▶▶ साइबर क्राइम को अंकुश लगाने के लिए 24 घंटे कार्य करेगा हेल्पलाइन नंबर

▶▶ साइबर क्राइम के लिए होगा हेल्पलाइन नंबर कॉल करते ही होगा एक्शन

दीपक नौरंगी

**भागलपुर :** बिहार में बढ़ते साइबर अपराध की घटनाओं को लेकर कई बार केंद्रीय स्तर से भी कई राज्यों के डीजीपी के साथ अहम बैठक भी हो चुकी है साइबर अपराध को किस तरह से रोका जाए आने वाले दिनों में किस तरह की चुनौतियां रहेगी इसके लिए बिहार पुलिस हर तरह की तैयारी कर रही है जिससे कि आने वाले दिनों में साइबर अपराध से जुड़े अपराधी अब पुलिस के हाथों से नहीं बच पाएंगे बिहार में इन दिनों साइबर अपराध की घटनाएं इन दिनों बढ़ती जा रही है इसको लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय के आर्थिक अपराध इकाई ने साइबर क्राइम को लेकर बड़ी पहल की है। जिसके आलोक में बिहार के डीजीपी आर एस भट्टी से अनुमोदन भी प्राप्त कर लिया गया है अब साइबर अपराधियों के विरुद्ध शिकायत के लिए लोगों को इधर-उधर नहीं भटकना होगा। बस एक कॉल करने पर ही उनकी शिकायत दर्ज हो जाएगी और पुलिस का एक्शन शुरू हो जाएगा। इसको लेकर आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी नैयर हसनैन खान ने कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य के कई जिलों के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को साइबर क्राइम के लिए बनने वाले हेल्पलाइन नंबर में पदस्थापित किया जाएगा। साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 की स्थापना होगी।



इसके लिए छह इंस्पेक्टर, 15 दारोगा और 150 सिपाही की जरूरत होगी। इसके लिए आर्थिक अपराध इकाई के एडीजी ने उन पदाधिकारियों और जवानों की लिस्ट भागलपुर सहित संबंधित जिलों को भेजी है जिन्हें हेल्पलाइन कॉल सेंटर में प्रतिनियुक्त किया जाना है। भागलपुर के भी कई पदाधिकारियों की पदस्थापना वहां होनी है। नाथनगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर खलीकउज्जमा, के साथ ही भागलपुर में पदस्थापित दारोगा रवि कुमार और कुंदन कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार यादव जो अभी अरवल जिले में है पुलिस इंस्पेक्टर दिलीप कुमार साह यह नालंदा जिला में है महिला इंस्पेक्टर सूर्यमणि कुमारी यह पूर्वी चंपारण मोतिहारी जिले में तैनात है अविनाश कुमार सिंह पुलिस इंस्पेक्टर जो भोजपुर में तैनात है विभा कुमारी 1988 बैच की इंस्पेक्टर है जो खगड़िया में इनकी पोस्टिंग है सिपाही राजीव रंजन, शंभू कुमार, समीर कुमारमहिला सिपाही निशा पांडे, प्रिया कुमारी, जुली कुमारी, चंदना कुमारी, सीमा कुमारी यह सिपाही भागलपुर जिला बल से लिए गए हैं नवगछिया पुलिस जिला बल से दो सिपाही दिनेश कुमार, मुकेश कुमार को आर्थिक अपराध इकाई में 16 फरवरी को अपना योगदान देना है बांका जिला से सिपाही वीरेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, उमेश कुमार सहित अन्य शामिल हैं। हाल के वर्षों में पूरे राज्य भर में साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़े हैं। इसी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मुख्यालय ने इस तरह की पहल शुरू की है। कॉल सेंटर पर शिकायत दर्ज कर आते ही वहां से संबंधित जिलों को सूचना मिलेगी और उस जिले की पुलिस कार्रवाई शुरू कर देंगे।

**संक्षिप्त** >> अपडेट्स

### भव्य भंडारे के साथ हुआ वृद्ध माताओं का पूजन

**जयनगर :** राम जानकी मंदिर कटिया परसाबाद नौ दिवसीय यज्ञ संपन्न होने के उपलक्ष में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त डीडीसी नारायण मोदी ग्राम परसाबाद निवासी एवं यज्ञ समिति के द्वारा वृद्ध माताओं का पैर पूजन कर, साड़ी का पूरा सेट एवं शॉल देकर मिठाईयां खिलाकर उपस्थित डीडीसी की वधू दीपा कुमारी ने वृद्ध माताओं का माल्यार्पण कर, एवं माताओं के पैर धोकर, विधिवत माताओं को पूजन कर सम्मानित किया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष महावीर यादव ने कहा कि माता पिता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं। डीडीसी नारायण मोदी ने कहा कि वृद्ध माताओं की सेवा करने से हर मनुष्य की मनोकामना पूर्ण होती है।

# जिला अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** शिक्षा विभाग अंर्तगत बी.आर.पी एवं सी.आर.पी. के द्वारा विद्यालयों के जांच संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा के क्रम में पाया गया कि किसी भी बीआरपी एवं सी.आर.पी द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में उपयुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी बीआरपी एवं सीआरपी के द्वारा विगत एक वर्ष में किए गए निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन एवं उप प्रतिवेदन के आधार पर कृत कार्यवाही की सूचना अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करने का निर्देश दिया साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा अब तक कितने विद्यालयो का निरीक्षण किया गया है तथा निरीक्षण में पाई गई त्रुटियों के निस्पदान हेतु क्या कार्यवाही की गई है इसका भी प्रतिवेदन समर्पित करने की बात कही।



शिक्षकों के प्रोन्नति से संबंधित मामले में विगत बैठक में दिए गए निर्देश का अनुपालन नहीं करने के संबंध में संबंधित कर्मी को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध किए गए कार्यवाही से संबंधित प्रस्ताव 1 सप्ताह के अंदर संचिका के माध्यम से उपस्थापित करने का निर्देश दिया । जिला शिक्षा स्थापना समिति द्वारा जिला शिक्षा स्थापना के संबंधित बिंदुओं पर विमर्श के दौरान प्राथमिक शिक्षकों टीजीटी शिक्षकों के सेवा संपुष्टि संबंधित मामलों पर विचार करते हुए टीजीटी शिक्षकों के कुल 6 मामलों की स्वीकृति प्रदान की गई। वही 8 प्राथमिक शिक्षकों की सेवा संपुष्टि संबंधित मामलों के संबंध में निर्देशित किया गया कि प्रशासनिक अधिकारी गुमला अपने स्तर से सेवा पुस्तों की जांच करते हुए एक सप्ताह के अंदर प्रस्ताव उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में नोडल पदाधिकारी एवं कार्यपालक दंडाधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्थापना से संबंधित सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु क्या कार्यवाही संभव है इस संबंध में प्रस्ताव के साथ प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

सामान्य अनुकंपा के आधार पर प्राप्त 6 प्रतिवेदनों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए आवेदकों की वांछित अहर्ता के अनुसार विभिन्न वर्गों के पद पर नियुक्ति हेतु निर्णय लिया गया। वहीं 4 उग्रवादी हिंसा में मृत्तकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के मामलों पर विचारोपरांत निर्णय लेते हुए अग्रिम कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। प्रोन्नति अंतर्गत 3 मामलों पर स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें निशान मिंज, विनोद बड़ाइक , वाल्टर डुंगडुंग के प्रोन्नति हेतु आवेदन प्राप्त थे। जिसके लिए उपायुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।कार्यालय अधीक्षक ,गुमला एवं प्रशासी अधिकारी ,गुमला के पद पर दी गई प्रोन्नति की तिथि में संशोधित हेतु 2 मामले आए जिसपर उपायुक्त ने दोनो कर्मियों के सेवासंपुष्टि के साथ संचिका में उपस्थापीत करने का निर्देश दिया।

अन्यान्य अंतर्गत 7 मामलों पर विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमें उ. व. लिपिक , अनुमंडल कार्यालय , गुमला द्वारा नियुक्ति तिथि से प्रदत्त वेतनमान में प्रतिस्थापित करने हेतु अभियावेदन समर्पित की गई थी जिसपर निर्णय लिया गया कि विभागीय पत्र के आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी गुमला से मंतव्य प्राप्त कर अगली बैठक में इसपर विचार किए जाएंगे।निपुणता लकड़ा एवं अन्य नी. व. लिपिकों के द्वारा कार्मिक ,प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड रांची के अधिसूचना के प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हता सेवा अवधि के आलोक में प्रोन्नति देने हेतु आवेदन प्राप्त थे।

## न्यूज फटाफट

### अधिवक्ता संघ में नि:शुल्क जांच शिविर 16 को

**मेदिनीनगर :** आशी केयर हॉस्पिटल पांकी रोड रेडमा व पलामू जिला अधिवक्ता संघ के सौजन्य से 16 फरवरी गुरुबार को 10 बजे दिन से नि:शुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा ।उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया कि जाँच में अधिवक्ताओं को सहयोग करने के लिए संघ के उपाध्यक्ष मनधारी दुबे ,कोषाध्यक्ष वरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन अजय कुमार पांडेय, सहायक कोषाध्यक्ष रामप्रवेश रजक व कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार पांडे य रहेंगे। उन्होंने बताया कि जांच शिविर में ब्लड प्रेशर, मधुमेह, हेमोग्लोबिन ,ई सी जी इत्यादि की जांच निशुल्क होगा।

### पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीण भयभीत

**पेटरवार :** पेटरवार पागल कुत्ते ने आतंक मचा कर बुधवार को दो बच्चे सहित तीन लोगों को काटकर घायल कर दिया। कुत्ते के आतंक का शिकार हुए सभी घायलो को पेटरवार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भर्ती कराया गया। कुत्ते का शिकार हुए तीनो को एंटी सीरम ग्लुबलिंग नामक इंजेक्शन दिया गया और दवाई भी उपलब्ध कराई गई। पागल कुत्ते ने पहला शिकार प्रखंड के ओरदाना पंचायत के भदवा जारा गांव में एक बच्ची को बनाया। उक्त गांव निवासी विक्रम हेम्ब्रम की पुत्री इशानी कुमारी (3 वर्ष) जब आंगनबाड़ी केंद्र से निकलकर करीब आठ बजे सुबह अपने घर जा रही थी उसी समय पागल कुत्ते ने उसके मुंह पर काट दिया। करीब साढ़े 8 बजे पागल कुत्ते ने उलगड्डा पंचायत के चिपुदाग गांव निवासी जीतू कमार (60 वर्ष) को उसके घर के पास शिकार बनाया और करीब 9 बजे इसी पंचायत के हडमिता गांव निवासी मो. कलीम के पुत्र अरहान (5 वर्ष) को काटकर जख्मी कर दिया। कुत्ते की इस आतंक के कारण ग्रामीण काफी भयभीत हो गए है।

### खाद्यान्न दुकाने बंद , जनता रही परेशान

**पेटरवार :** पेटरवार कृषि शुल्क विधेयक के विरोध में बुधवार को पेटरवार के खाद्यान्न दुकानों में ताला लटका रहा। झारखंड चेम्बर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर खाद्यान्न दुकानें बंद रखी गयी। दुकानें बंद रहने के कारण एक ओर जहां उपभोक्ता परेशान नजर आए वही दूसरी ओर लाखो रुपये का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ। खाद्यान्न दुकाने बंद होने से आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस बिंदु पर व्यापारी एकता संघ पेटरवार की ओर से बुधवार को एक बैठक मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी व्यवसाई फेडरेशन झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के निर्णय के अनुसार अपनी-अपनी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रखेंगे। यह भी कहा गया कि गुरुवार से किसी भी प्रकार की खाद्यान्नों की लोडिंग और अनलोडिंग का कार्य बंद रहेगा। अगर किसी व्यापारी की ओर से अपने प्रतिष्ठान को खोल कर खाद्यान्न बेचा जाता है और यह सिद्ध हो जाता है तो कमेटी की ओर से उन पर 21 हजार रुपए का अर्थदंड देना होगा ।

### पुलिस अधीक्षक ने मेहरमा थाना का किया निरीक्षण

**गोड्डा :** पुलिस अधीक्षक गोड्डा के द्वारा मेहरमा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। जिसमें संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी तथा पुलिस पदाधिकारी को निम्नांकित दिशा निर्देश दिया गया । लंबित कांडों का समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। लंबित वारंट एवं कुर्की का निष्पादन अविलंब करेंगे। साथ ही फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया।सभी निरीक्षण से संबंधित पंजियो का अवलोकन कर उसमें पाए गए कमियों का निराकरण/ प्रविष्टि हेतु निर्देश दिया गया। आम नागरिकों के द्वारा प्राप्त शिकायत पत्रों का अविलंब निष्पादित करेंगे।असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखते हुए विधि सम्मत कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**पेटरवार :** स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) फेज टू के अंतर्गत ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन के लिए आंकड़ा संग्रह एवं क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में मंगलवार को की गई। कार्यशाला में प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव व जल सहिया मौजूद रही।एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान ठोस अवशिष्ट प्रबंधन, तरल अवशिष्ट प्रबंधन, महावारी स्वच्छता प्रबंधन, गली कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन व गोबर गैस प्लांट के संबंध में जानकारी दी गयी। कार्यशाला के दौरान सहायक अभियंता शास्त्री शाह ने उपरोक्त विन्दुओ की संरचना पर विस्तार से बताते हुए कार्य करने की बात कही। कहा कि गोबर गैस प्लांट ब्यक्तिगत, क्लस्टर ओर सामुदायिक स्तर पर स्थापित करने पर जोर दिया। ठोस ओर तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ग्राम स्तर पर कितने संरचनाओं का निर्माण किया जाना है इसके लिए आंकड़ों का संग्रह करना आवश्यक है। कहा कि फेज टू के दौरान सभी पंचायतों में उक्त योजनाओं को धरातल पर उतारना है इसके लिए सभी मुखिया 28 फरवरी को सूची उपलब्ध करा दे ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके।

# महिला पर्यवेक्षिकाओं के बीच रागी के लड्डू का वितरण

▶▶ कुपोषण मुक्त गुमला अभियान के लिए जिले में छिड़ी जंग, जिले में रागी के लड्डू बनाने की पहल की गई

राष्ट्रीय खबर

**गुमला:** उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों एवं वी एचएसएनडी डे में सैम मैम बच्चों के बीच में रागी पोषण लड्डू का वितरण किया जाना है। इसी क्रम में आज उप विकास आयुक्त हेमंत सती के द्वारा विकास भवन सभागार में महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं सीडीपीओ के बीच रागी के 60 लड्डू के डब्बों का वितरण किया गया।सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं सीडीपीओ द्वारा वीएचएनडी डे पर सैम मैम बच्चों के बीच पौष्टिक रागी के लड्डू का वितरण किया जाएगा।

इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि रागी का लड्डू विभिन्न पौष्टिक आयामों में खरा उतर रहा है। इसमें रागी , गोंद, ड्राई फ्रूट्स, देसी घी , तिल का उपयोग कर एक पौष्टिक लड्डू का निर्माण जिले के ग्रामीण महिलाओं द्वारा किया गया है। जिसके सैम मैम बच्चों द्वारा नियमित रूप से सेवन करने पर उन्हें कुपोषण का सामना नहीं करना पड़ेगा । इसी क्रम में आज इस पहले पैकेट का वितरण किया गया है उप विकास आयुक्त के हाथों किया गया।



इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित रहीं। इसी क्रम में आज जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा भी रायडीह प्रखंड सीलम बर टोली ,कोठा टोली ,सीलम 1 एवं सीलम 2 के सैम मैम बच्चों के बीच रागी पोषण लड्डू का वितरण किया गया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने वहां उपस्थित सभी को रागी के महत्व से अवगत करवाते हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को रागी के सेवन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# जीपीएल का उद्घाटन



राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गोड्डा प्रीमियर लीग का शानदार तरीके से उद्घाटन पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना के द्वारा गुब्बारा उड़ाकर किया गया। इस अवसर पर सभी 8 टीमों ने खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया।भारत भारती पब्लिक स्कूल के छोटे छोटे बच्चों ने बैंड पार्टी के साथ इसमें शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा की इतने व्यवस्थित तरीके से खेल सिर्फ गोड्डा में ही देखने को मिलता है।जिला खेल पदाधिकारी ने कहा की गोड्डा में खिलाड़ियों के लिए काफी अच्छा प्लेटफार्म जिला क्रिकेट संघ के द्वारा उपलब्ध कराई जाती है।पुलिस अधीक्षक ने बल्लेबाजी एवं खेल पदाधिकारी ने गेंदबाजी कर खेल की शुरूआत की।ग्राउंड को आकर्षक तरीके से सजाया गया था।ग्राउंड में काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।उद्घाटन मैच में गोड्डा रॉयल्स ने एस आर के म्यूजिक को 49 रन से पराजित किया।

# उपायुक्त जिशान कमर ने की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा :** उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट सप्लाई टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।बैठक के दौरान राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण (माह नवंबर, दिसंबर एवं जनवरी), प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आहार पोर्टल पर ऑनलाइन इंट्री, धान अधिप्राप्ति, पीवीटीजी योजना के तहत ऑनलाइन खाद्यान्न वितरण, ग्रीन राशन कार्ड, मुख्यमंत्री दाल-भात योजना सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा प्रखंडवार संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान 18,677 आवेदन ग्रीन कार्ड से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई एवं बचे हुए आवेदनों को प्रखंड स्तर पर शिविर लगाकर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिए गए। महोदय के द्वारा लाभुकों का आधार सीडिंग के कार्य, इरड कार्य का प्रखंडवार जायजा लिया गयाऔर मार्केटिंग अफसर को 15 दिन की समयावधि में सारे पेंडिंग कार्य को निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।जो भी लाभुक 1 साल से ज्यादा समय से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं उन्हें ग्राम पंचायत और मुखिया स्तर से वैसे कार्ड धारियों की जांच करते हुए उन्हें सूची से निष्कासित करने के निर्देश दिए गए ,और वैसे राशन कार्ड जिस पर घर की सदस्यों की संख्या 10 से ज्यादा हो वहां मार्केटिंग अफसर स्वयं खुद जाकर सत्यापित करेंगे कि सारे व्यक्ति जीवित है या नहीं।

मुख्यमंत्री दाल-भात योजना समीक्षा के क्रम में उपायुक्त महोदय ने पाया कि जिले के सभी संचालक मोबाइल ऐप से राशन संबंधित जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं उन्हें चिन्हित कर डीएसओ को निर्देशित किया गया कि किसी भी तरीके से पुराने पद्धति से अगर संचालन किया जाता है तो उन्हें राशन का भुगतान नहीं किया जाए।महोदय के द्वारा जेएसएलपीएस के तहत सखी मंडल के द्वारा मुख्यमंत्री दाल भात योजना के संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उपायुक्त महोदय के द्वारा ग्रीन राशन कार्ड योजना के तहत सरकार द्वारा दिए गए टारगेट को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त महोदय के द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पीवीटीजी परिवारों को शत प्रतिशत परिवारों को लाभ मिले सुनिश्चित करेंगे साथ ही उपायुक्त महोदय के द्वारा गोदाम में अनाज की उपलब्धता और स्टॉक पंजी का मिलान करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

उक्त बैठक मे अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा /महागामा को निदेश दिए गए कि दोनों अनुमंडल में फर्जी राशन कार्ड का सर्वे कराकर डिलरवार वेरिफिकेशन कराए जाएं ताकि फर्जी राशनकार्ड बनाने बालों पर विभागीय कार्यवाही करते हुए उनके कार्ड को निरस्त किया जा सके।

मौके पर अपर समाहर्ता गोड्डा श्रीमती स्मिता टोप्पो ,अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा श्री मनोज कुमार ,अनुमंडल पदाधिकारी महागामा श्री सौरव कुमार भुवानियां ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी गोड्डा श्री बासुदेव प्रसाद ,संवंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी मौजूद थे।

### नगर पंचायत में लौरिया नंदनगढ फिजिकल एकेडमी का उद्घाटन

**लौरिया :** नगर पंचायत के नया टोला में लौरिया नंदन गढ एकेडमी का उद्घाटन लौरिया चीनी मिल के प्रबंधक अजय पवार सभापति पति संजय कुमार व उपसभापति पुत्र लड्डु सिंह ने फीता काटकर किया`इस मौके पर बोलते हुये चीनी मिल के महाप्रबंधक अजय पवार ने बताया कि यह एकेडमी लौरिया के लिये बरदान साबीत होगी। वही सभापति पति संजय कुमार ने बताया कि हमसे जितना भी सहयोग होगा आपका सहयोग करेंगे। अब आप एक निश्चित लक्ष्य को लेकर आगे बढेंगे सफलता अवश्य मिलेगी`वही उप सभापति पुत्र लड्डु सिंह ने बताया कि कुछ लडके जो अग्नीवीर की तैयारी करते हैं मुझसे स्टेडीयम में ट्रैक निर्माण की मांग किये थे। जिसे हर हाल में बनवाया जायेगा। मौके पर आनन्द सिंह जीतु पाण्डेय अम्बुज ठाकुर अभय सोनी विपीन यादव दीपक पाण्डेय मधुसुदन यादव सन्नी कुमार सहीत दर्जनों नवयुवक उपस्थित रहे।

# महाभियान में 98 भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि चिन्हित

## भवन निर्माण को लेकर अग्रेत्तर कार्रवाई प्रारंभ

**जिला पदाधिकारी ने शेष भूमिहीन विद्यालयों को मिशन मोड में भूमि चिन्हित कराने का निर्देश**

**नरकटियागंज उर्दू विद्यालय मकतब का भवन और नया टोला प्राथमिक विद्यालय भूमिहीन**



**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला में भूमि व भवनहीन विद्यालयों को भूमि व भवन उपलब्ध कराने की दिशा में जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण कुंदन कुमार ने सम्बंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया। डीएम के दिशा-निर्देश के आलोक में जिला स्थित भूमिहीन विद्यालयों को भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को महाभियान संचालित है। जिससे जिला में एक भी विद्यालय भूमिहीन नहीं रहें। सभी विद्यालयों की अपनी भूमि व अपना भवन हों और छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन उत्कृष्ट हो। डीएम लगातार इस कार्य की स्वयं समीक्षा तथा अनुश्रवण कर रहे हैं।इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में डीएम कुंदन कुमार ने भूमिहीन/भवनहीन विद्यालयों के लिए भूमि की उपलब्धता को संचालित महाभियान की पुनः समीक्षा किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सतत प्रयत्नशील है। भूमि अथवा भवन के अभाव में बच्चों का पठन-पाठन प्रभावित नहीं हो, इसे प्रत्येक स्थिति में सुनिश्चित करें। डीएम ने अनुमंडल व प्रखंडवार भूमि की उपलब्धता की जानकारी एसडीएम, डीसीएलआर, सीओ से लिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि डीएम के निर्देश के आलोक में अबतक कुल 98 भूमिहीन विद्यालयों के लिए भूमि चिन्हित कर लिया गया है। डीएम ने इसपर प्रसन्नता व्यक्त किया तथा कहा कि इस जिला के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इस कार्य में सभी संबंधित पदाधिकारियों की भूमिका प्रशंसनीय है। उन्होंने निर्देश दिया कि मिशन मोड में शेष भूमिहीन विद्यालयों के लिए भी भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करे। जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी सुविधा मिल सके। नरकटियागंज प्रखंड अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नया टोला और प्राथमिक विद्यालय उर्दू जिसे मकतब के नाम से जाना जाता है उसे भूमि उपलब्ध कराने की सर्वाधिक आवश्यकता है। उपर्युक्त दोनों विद्यालय भूमि व भवनहीन है। नरकटियागंज उर्दू विद्यालय (मखतब) की भूमि है लेकिन प्रशासनिक उदासीनता से विगत कई वर्षों से भवन निर्माण नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण प्रतिमाह लाखों रुपए वेतन मद में अनावश्यक खर्च किए जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अनील राय, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनी कांत प्रवीण व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अभिकर्ता संघ ने उठाया काउंटर व्यवसाय पर रोक लगाने की मांग

**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया :** बिहार राज्य राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता संघ बिहार ने अव्यस्थाओं पर रोक लगाने के लिए अपने आवाज बुलंद किए। प्रधान डाकघर के बचत काउंटर संख्या 2 पर सीधे काउंटर पर आने वाले निवेश कों कार्यरत डाक सहायक रविनंदन प्रसाद उर्फ रवि कुमार ने दैनिक मजदूर के रुप में भाउचर पर चेक क्लियरेंस जैसे संवेदनशील कार्य को कर रहे रौशन कुमार सिंह उर्फ रत्नेश कुमार सिंह की पत्नी रुबी सिंह के नाम से एजेंसी कोड संख्या में डालकर किये जा रहे कमीशन की राशि के बन्दरबांट कर इंडिया पोस्ट को चुना लगाया जा रहा है। इस संबंध में निजी स्वार्थ पूर्ति के उद्देश्य से किसी एजेंट के कोड में डालकर चन्द समयों में पासबुक छाप कर निवेशक को दे दिया जा रहा है। ठीक इसके विपरीत डोर टू डोर जाकर कलेक्शन करने वाले जमाकताओं की निवेश राशि को जमा करके पासबुक देने में दो सप्ताह तक का समय लगाया जा रहा है। जिससे अभिकताओं का व्यवसाय छीना जा रहा है। राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता रुबी के ससुर विजय सिंह प्रधान डाकघर के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं और पति दैनिक भाउचर पर डाकघर के चेकों का बैंक क्लीयरेंस कराते हैं। रूबी की अनुपस्थिति में ही मिलीभगत करके लाखों का बन्दरबांट किया जा रहा है। रौशन कुमार सिंह उर्फ रत्नेश कुमार सिंह के द्वारा अन्य अभिकताओं के जमाकताओं की गोपनीयता जानबूझकर समाप्त करायी जा रही है। निवेशकों के विनियोग को किसी पेटी एजेंट के कोड पर नहीं जमा करके कमिशन रहित जमा कराने की व्यवस्था कराने की मांग मृत्युंजय कुमार दुबे अध्यक्ष बिहार राज्य राष्ट्रीय बचत अभिकर्ता संघ पश्चिम चंपारण बेतिया बिहार ने किया है।

## डीजी शोभा अहोतकर के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**राष्ट्रीय खबर**

**मझौलिया :** प्रखंड में मंगलवार को अमवामन झील के पास गृह रक्षक विभाग के डीजी शोभा अहोतकर के आईपीएस विकास वैभव के विरुद्ध अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करने से आक्रोशित लेट्स इंस्पायर बिहार के जिला समन्वयक अनुज सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिला समन्वयक अनुज सिंह ने कहा कि बिहारियों को गाली देना बंद करे तथा बिहार सरकार डीजी शोभा अहोतकर को बर्खास्त कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करे। उन्होंने बताया कि आईजी विकास वैभव इस अपमान की सूचना बिहार के गृह सचिव एवं मुख्य सचिव को दो डीआईजी के साथ सूचित किया। फिर भी इस पर कोई एक्शन नही लिया गया ।

इस धरना प्रदर्शन में विकास सिंह, पैक्स अध्यक्ष अंशु सिंह , सचिन सिंह,सुरेंद्र राम, सोनू यादव, अभय साह, अजय यादव, वैजू सिंह, पप्पू सिंह, अखिलेश यादव, राम श्रृंगार ठाकुर, जीतन राम, संदीप ठाकुर शामिल रहे। धरना प्रदर्शन के दौरान बिहारियों का अपमान बंद करो और डीजी शोभा अहोतकर को बर्खास्त करो का नारा गुंजित होता रहा।

## लोजपा को धारदार बनाने के लिए किया मंथन बैठक , सभी प्रखंड से पार्टीजन पहुंचे

**राष्ट्रीय खबर**



**लौरिया :** लौरिया प्रखण्ड के नगर पंचायत क्षेत्र स्थित तीन गछुली में सोमवार को लोक जनशक्ति पार्टी (चिराग) के बेतिया और बगहा पुलिस क्षेत्र के नेताओ और कार्यकताओं की समीक्षात्मक बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। जिसमें पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया और बगहा पुलिस जिला के जिलाध्यक्ष सभी प्रखंड अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।समीक्षात्मक बैठक में पार्टी के विस्तार संगठन को धारदार बनाने पर विचार विमर्श किया गया। जिससे अधिक से अधिक जनता पार्टी में जुट सके, इसी मुद्दे को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता लौरिया प्रखंड अध्यक्ष सह बसवरिया पराउ टोला के मुखिया ई. शैलेश कुमार ने किया। लोजपा के बेतिया जिलाध्यक्ष दीपक मिश्र और बगहा जिलाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने कहा कि हमारी पार्टी स्व. रामविलास पासवान के पद चिन्हों व बताए मार्ग पर चल रही है। राम विलास पासवान के कुशल नेतृत्व का लोहा सभी दल के लोग मानते हैं। लोजपा एक ऐसी पार्टी है, जो सभी दल से अधिक विश्वसनीय है। प्रखंड अध्यक्ष ई.शैलेश कुमार ने कहा कि स्व.पासवान जब भारत सरकार में मंत्रित्व काल में टेलीफोन, रेल का जाल, इस्पात का कारखाना, गरीबों को मुफ्त राशन देने का काम किया। उनके पुत्र चिराग पासवान के साथ सभी कार्यकर्ता कंधा से कंधा मिलाकर चलने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। इस अवसर पर पार्टी के रंजीत कुशवाहा, राजन पासवान, रमा शंकर पांडेय, मीडिया प्रभारी अनील ठाकुर, अजीत कुमार विश्वास अरुण यादव, कमल पासवान, विक्रमा महतो, अरबाज खान व कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परीक्षार्थियों से पटा ज़िला , प्रशासनिक उदासीनता से यातायात हलकान, आमजन परेशान

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत बेतिया, नरकटियागंज, बगहा में मैट्रिक की परीक्षा को लेकर प्रशासनिक उदासीनता और लापरवाही को लेकर त्राहिमाम हैं लोग। उपर्युक्त सभी शहर परीक्षार्थियों से पूरा खचाखच भर गया है। कोई भी ऐसा गली मोहल्ला नहीं बचा है, जहां सैकड़ों की संख्या में परीक्षार्थी नहीं रहते हो। यही नहीं हाट बाजार तथा पार्क में उनके आने जाने से भीड़ बढ़ी है। इसके साथ ही कई समस्याएं भी शहर में देखी जा रही हैं। परीक्षा के समय और परीक्षा खत्म होने पर पूरा शहर चौक चौराहा का ट्रैफिक जाम हो जाता है। मेन रोड तो जाम होता ही है, गली मुहल्लों का भी लिंक रोड भी जाम हो जाता है। जिससे यातायात व्यवस्था काफी प्रभावित हो रही है। लोग घंटो जाम में फंसे रहते हैं, ज्ञात हो कि शहर में रहकर परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों के साथ उनके अभिभावक और संबंधी भी काफी संख्या में आ जाने से समस्याएं और गंभीर हो चलीं हैं। एक तो परीक्षार्थियों का आना दूसरा उनके साथ बड़ी संख्या में परिजनों के आ जाने से और भीड़ बड़ा है। जिसके कारण शहर में रहने वाले महिलाएं, बच्चे एवं खासकर मरीजों को काफी परेशानियां हो रही हैं। बेतिया, बगहा और नरकटियागंज में प्रशासनिक लापरवाही और उदासीनता के कारण विद्यालयों के सामने और सड़कों पर यातायात समस्या उत्पन्न हो रही है। जिला प्रशासन ने पहले ही सभी पदाधिकारियों को सावधान कर दिया कि परीक्षा के दृष्टिगत ऐसी व्यवस्था कर दें कि आमजन और परीक्षार्थियों को परेशानी नहीं हो।

## पुलिस के भेष में चोरों ने चुराई आठ बकरा-बकरी

**राष्ट्रीय खबर**

**लौरिया :** प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग गांव से पुलिस भेष में पहुचे चोरों ने आठ बकरा व बकरी चोरी कर ले गए हैं। आपको बता दे कि गोबरौरा पंचायत के बघलोचना मटियरिया गांव के वार्ड संख्या-2 निवासी स्वर्गीय गंगा चौधरी के पुत्र घनश्याम चौधरी के घर पुलिस के भेष में पहुंचे आधा दर्जन चोरों ने सो रहे घनश्याम चौधरी के दरवाजे को डंडे से पीटकर जगाया और कहा कि तुम पर वारंट है, हमलोग तुम्हे गिरफ्तार करने आए हैं। तब घनश्याम चौधरी ने कहा कि चौकीदार से हमारे बारे में पता कर ले हमपर किसी तरह का कोई केस दर्ज नही है। उसके बाद चोरों ने घनश्याम चौधरी के आंख पर टार्च को रोशनी जलाया। जिससे घनश्याम चौधरी की आंखे चकाचौध हो गया और पुलिस भेष में पहुंचे चोरों ने घनश्याम चौधरी जहाँ सो रहे, उसी बंगले से तीन बकरा उठा, गाड़ी में रखकर नौ दो ग्यारह हो गए। उसके बाद लौरिया नरकटियागंज मुख्य सड़क से सटे बघलोचना वार्ड संख्या-2 निवासी स्वर्गीय तुलसी चौधरी के पुत्र बाला चौधरी के घर पहुंच कर उनको भी लाठी डंडे से दरवाजे को बजाकर दरवाजा खोलवाया और चोरों ने बाला चौधरी को वारंट का झांसा देकर धमकाया। इधर जैसे ही बाला चौधरी ने बताया कि हमारे ऊपर कोई वारंट नही है, वैसे ही पुलिस भेष में पहुंचे चोरों ने डंडे से खूब स्वागत किया। उड़के बाद उनके घर मे बंधे तीन बकरे को रस्सी को काटकर तीनो बकरा को बोलेरो पर लाद वहाँ से निकल गए। इस बात की जानकारी बाला चौधरी की भौजाई सुमित्रा कुँअर को लगा कि पुलिस भेष में चोर बकरा चुरा रहे हैं, तो सुमित्रा कुँअर ने हो -हल्ला की तो पुलिस भेष में पहुंचे चोरों ने फुर्र से नौ ग्यारह हो गए। इधर गोबरौरा पंचायत के ही ढाठ मटियरिया गांव निवासी सागर राम के घर पुलिस भेष में चोरो ने दस्तक दी। वहाँ से भी चोरों ने दो बकरा चोरी करने में सफल रहे। घनश्याम चौधरी के पत्नी मीना देवी ने बताया कि बीते एक दिन पहले बाइक पर सवार दो लोगो ने आकर बकरे का दाम लगाया। मोलभाव करने में बकरे का दाम नही जंचा, जिससे बकरे के खरीदार वापस लौट गए। जबकि सोमवार की करीब डेढ़ बजे मध्य रात्री को अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया है।

## भाकपा-माले का लोकतंत्र बचाओ - देश बचाओ रैली में हजारों लोग हुए रवाना

**भाकपा-माले का लोकतंत्र बचाओं देश बचाओं रैली होगी ऐतिहासिक- माले**

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** भाकपा-माले के 'फासीवाद मिटाओ, लोकतंत्र बचाओ - शहीदों के सपनों का भारत बनाओ' रैली में बेतिया से हजारों मजदूर किसान, छात्र नौजवान का दूसरा जथा 5216 सवारी गाड़ी से रवाना हुआ। 20 फरवरी तक पटना में भाकपा-माले का 11वां पार्टी महाधिवेशन आयोजित है।

भाकपा-माले नेता सुनील कुमार राव, सुरेन्द्र चौधरी, बैरिया मुखिया संघ के प्रवक्ता नवीन कुमार, योगेन्द्र यादव, इनौस नेता अफाक अहमद मनबोध साह, धर्म कुशवाहा छोटे लाल राम आदि नेताओं ने कहा कि रैली में मजदूरों किसानों के साथ साथ ठेका मानदेय कर्मचारियों, बेरोजगार युवाओं और बडी. संख्या मे महिलाओं की भागीदारी हो रहा है। आगे कहा कि ने मोदी नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की विनाशकारी नीतियां व कार्यवाहियां देश को बबार्दी की कगार पर ले आयी है। मोदी सरकार की चरम कॉरपोरेटपरस्ती ने आम लोगों की जिंदगी को गहरे संकट में डाल दिया है। आरएसएसझभाजपा द्वारा संविधान व लोकतंत्र पर तीखा हमला किया जा रहा है। सत्ता समर्थित आतंक झ उत्पीड़न व दमन, मोदी सरकार की चारित्रिक विशिष्टता बन गयी है। तमाम लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर या खत्म किया जा रहा है और जनता को हासिल अधिकारों को कुचला जा रहा है।

### लोहिया स्वच्छ भारत अभियान को दिखा रहे ठेंगा

## शौचालय के पानी से विद्यालय परिवार हलकान प्रशिक्षु आईएस से लगाई गुहार

**राष्ट्रीय खबर**

**लौरिया प च :** नगर पंचायत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय लौरिया बालक में शौचालय के पानी से पुरा विद्यालय परिवार हलकान है। इस निमित विद्यालय परिवार ने प्रशिक्षु आई एस सह बिडीओ शिवाक्षी दीक्षित को आवेदन देकर उस पानी से मुक्ति के लिए न्याय की गुहार लगायी है। अपने आवेदन में प्रधानाध्यापक ने बताया है विद्यालय के बगलगीर परवेज मियां गुड्डु मियां डा आर बी गुप्ता ध्रुप प्रसाद शर्मा जी का परिवार व स्व निलेश ठाकुर के किरायदार शौचालय का पानी व साथ में घर का गंदा पानी विद्यालय परिसर में गिराते हैं। शौचालय के पानी के कारण विद्यालय के पीछे कोई लडका या शिक्षक जाना नही चाहता। बदबु से पुरा विद्यालय परिवार परेशान है। उन्होंने प्रशिक्षु आई एस को आवेदन देकर विद्यालय का भौतिक निरीक्षण करते हुये न्याय की गुहार लगायी है। इस सम्बंध मे प्रशिक्षु आई एस शिवाक्षी दीक्षित ने बताया कि आवेदन मुझे मिला है उसकी जांच करायी जा रही है जांचोपरांत अग्रेतर कारवाई की जायेगी।

## बेतिया नगर निगम की महिला ब्रिगेड के हाथों में प्रदूषण मुक्त सफाई अभियान की कमान

**बैट्री चालित सफाई वाहनों से नियंत्रित वायु प्रदूषण के साथ सभी महिला स्वावलंबन पर नगर निगम का बल**

**अवधेश कुमार शर्मा**



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित महाराजा स्टेडियम में महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने मंगलवार को महिला ड्राइवरों के प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन किया।

केंद्र सरकार के 'स्वच्छता सर्वेक्षण 2023' में बेतिया नगर निगम को अव्वल रैंकिंग दिलाने में बेतिया की महिला ब्रिगेड के हाथ स्वच्छता की कमान होगी। इसके लिए बेतिया नगर निगम प्रशासन महत्वपूर्ण लक्ष्य की राह आसान करने को कमर कस चुका है। महापौर गरिमा सिकारिया ने आम लोगों का आह्वान करते हुए बताया कि बीते दिनों शहर के हवा की गुणवत्ता एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 419 तक खराब पाए जाने को नगर प्रशासन ने चुनौती के तौर पर लिया है। जिसके नियंत्रण का आगाज कर दिया गया है। इसके लिए नगर निगम के सभी 46 वार्डों में स्पेशल 'पिंक वैन' के रूप में 46 बैट्री चालित सफाई वाहनों की खरीद की गई है। एक सप्ताह तक में सभी बैट्री चालित वाहनों की आपूर्ति बिहार सरकार के 'जेम' अर्थात गॉवरमेंट ई मार्केटिंग पोर्टल सुनिश्चित करने की कार्रवाई नगर आयुक्त शंभू कुमार के स्तर से की चुकी है। उन्होंने बताया कि उसके उपयोग से डीजल चालित सफाई वाहनों की तरह कार्बनिक पदार्थ का उत्सर्जन नहीं होने से शहरी क्षेत्र के अक्युआई को नियंत्रित करना आसान हो जाएगा।इसके साथ ही महापौर ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में इस नई सफाई व्यवस्था की कमान पूरी तरह से संभालने के लिए प्रत्येक बैट्री चालित पिंक वाहन के ड्राइवर सहित चार चार महिला सफाईकर्मियों की तैनाती की जा रही है। इधर नगर निगम आयुक्त शंभू कुमार ने बताया कि सभी विशेष सफाई वाहनों पर ड्राइविंग से लेकर सफाई का काम महिलाएं ही करेंगी। एक वाहन पर एक महिला ड्राइवर, दो महिला सहायक और दो सफाई कर्मी तैनात रहेंगे। गाड़ियों को पिंक रंग से रंगाया जा रहा है। इस व्यवस्था का विस्तार नगर निगम के सभी 46 वार्डों में कर दिया जायेगा। महिलाओं को ड्राइविंग ट्रेनिंग नगर निगम के कर्मचारी शम्भू प्रसाद के नेतृत्व में एवं जुलुम साह एवं तबरेज आलम के देखरेख में दी जा रही है।

## नैक मूल्यांकन को विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय सक्रिय

**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया :** विश्व विद्यालय अनुदान आयोग से मिलने वाले अनुदान के दृष्टिगत नैक मूल्यांकन को मिलने वाले अनुदान, इनके विकास और इनकी गरिमा के लिए आवश्यक है। इधर पूर्व में बी ग्रेड प्राप्त महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय, बेतिया आगामी नैक मूल्यांकन में और बेहतर ग्रेड पाने के लिए काफी सक्रिय दिख रहा है। विभिन्न सत्रों की अकादमिक, अन्य औपचारिक जानकारियों व उपलब्धियों को, यानि ए क्यू ए आर रिपोर्ट को एन ए ए सी के पोर्टल पर अपलोड करना होता है। इन तैयारियों की समीक्षा के क्रम में पहुंचे बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के आई क्यू ए सी निदेशक डॉ. कल्याण कुमार झा का प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुरेन्द्र प्रसाद 'केसरी' व कॉलेज परिवार ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उनका अंगवस्त्र और पुष्प माला से सम्मान किया। प्राचार्य प्रो. केसरी, इकाई आई क्यू ए सी समन्वयक डॉ. पी. के. चक्रवर्ती, नैक की नोडल पदाधिकारी डॉ. बरखा चपलोत, यू एम आई एस समन्वयक प्रो. तथागत बनर्जी ने निदेशक डॉ. झा को बताया कि सत्र 2017-18,2018-19, 2019-20,2020-21, 2021-22 का ए क्यू ए आर रिपोर्ट नैक के पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है। डॉ. झा ने कहा कि एमजेके कॉलेज इस बार समय से पहले ए क्यू ए आर रिपोर्ट सबमिट करने वाला विश्वविद्यालय का पहला कॉलेज है। इसके लिए कॉलेज टीम को बहुत बधाई है। उन्होंने कॉलेज की अन्य आवश्यक तैयारियों पर प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

## हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला आयोजित




**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत मझौलिया प्रखंड के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मंगलवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। विभागीय निर्देश के आलोक में आयोजित मेला में बडी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इसमें ब्लड प्रेशर, डायबिटीज की जांच के साथ टीबी, एनीमिया बीमारियों के प्रति जागरुक भी किया गया। इस दौरान प्रखंड के चनायनबांध पँचायत के विशम्भरपुर पँचायत स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आयोजित स्वास्थ्य मेला में उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) विभांशु कुमार ने बताया कि हेल्थ मेला में एक ही जगह पर लोगों के लिए कई आवश्यक जांच और निःशुल्क दवा की व्यवस्था किया गया। मेला में पहुँचे दर्जनों लोगो को ब्लड प्रेशर, मधुमेह, गर्भावस्था के दौरान आवश्यक देखभाल,एनीमिया प्रबंधन, टीबी बीमारी सहित अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधित मामलों के प्रति जागरुक किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश ने बताया की विभागीय निर्देश के आलोक में प्रखंड के सभी हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि ग्रामीणों को उनके घरों के आसपास सभी जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला आयोजित किये जाने का विभागीय निर्णय महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना विभाग का प्रमुख उद्देश्य है।

# न्यूज फटाफट

## कतर में हुए वर्ल्ड कप के बाद फीफा को मिला लगभग चार अरब डॉलर की राशि




**जिनेवा:** कतर में वित्तीय रूप से सफल 2022 फुटबॉल विश्व कप के बाद फीफा के पास लगभग चार अरब डॉलर की धनराशि है और उत्तर अमेरिका में 2026 में होने वाले टूनार्मेंट की हॉस्पिटैलिटी और टिकट बिक्री से फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था की आय में कई अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है।फीफा ने मंगलवार को अपनी 2022 वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय रूप से मजबूत स्थिति का जिक्र किया है। फीफा अध्यक्ष जियानी इनफेंटिनो के वार्षिक बोनस में छह लाख 20 हजार स्विस फ्रेंक (छह लाख 73 हजार डॉलर) का इजाफा हुआ है। उनका कर पूर्व आधार वेतन और बोनस पैकेज कुल 36 लाख स्विस फ्रेंक (39 लाख डॉलर) के अलावा फीफा की तरफ से अन्य खर्चो का भुगतान है। नवंबर में विश्व कप के दौरान फीफा ने 2022 तक चार साल के व्यावसायिक चक्र में लगभग सात अरब 60 करोड़ डॉलर के रिकॉर्ड राजस्व की घोषणा की थी।

## अक्षदीप, प्रियंका ने 20 किमी पैदल चाल में स्वर्ण के साथ ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया



**रांची:** अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय पैदल चाल चैंपियनशिप में 20 किलोमीटर स्पर्धा में पुरुष वर्ग में राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम करते हुए मंगलवार को स्वर्ण पदक जीतने के साथ इस साल की विश्व चैंपियनशिप और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पंजाब के 22 वर्षीय खिलाड़ी ने एक घंटा 19 मिनट और 55 सेकंड का समय निकालकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। पिछला रिकॉर्ड अनुभवी संदीप कुमार के नाम था जिनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड एक घंटा 20 मिनट और 16 सेकंड का था। संदीप ने हालांकि मंगलवार को निराशाजनक प्रदर्शन किया। वह एक घंटे 23 मिनट और 28 सेकंड के समय के साथ सातवें स्थान पर रहे। उत्तराखंड के सूरज पंवार एक घंटा 20 मिनट और 11 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक क्वालीफाइंग समय को हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गए। दिल्ली के विकास सिंह एक घंटा 21 मिनट और आठ सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहें। इस स्पर्धा को 48 खिलाड़ियों ने पूरा किया। अगस्त में बुडापेस्ट में होने वाली दोनों विश्व चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक के लिए पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल का क्वालीफाईंग समय एक घंटा 20 मिनट 10 सेकंड है। इस आश्चर्यजनक परिणाम से पहले अक्षदीप का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ एक घंटा 23 मिनट 14 सेकंड था जो उन्होंने इसी चैंपियनशिप में पिछली बार हासिल किया था। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका गोस्वामी ने एक घंटा 28 मिनट 50 सेकंड के समय के साथ विश्व चैंपियनशिप और 2024 ओलंपिक दोनों के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने स्वर्ण पदक जीता लेकिन अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड एक घंटा 28 मिनट 45 सेकंड में सुधार करने से चूक गयी। उन्होंने यह रिकॉर्ड 2021 में बनाया था। तोक्यो ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी 26 वर्षीय प्रियंका ने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की 10,000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत जीता था।

# ‘बीसीसीआई चयनकर्ता चेतन शर्मा का स्टिंग वीडियो में चौंकाने वाला खुलासा

▶▶ उन्हें बीसीसीआई टी20ई कप्तानी छोड़ने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया था

▶▶ वह यह दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले

## हम रोहित का पक्ष नहीं ले रहे, बस कोहली के खिलाफ थे



**एजेंसियां**

**मुंबई:** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और बीसीसीआई में भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा एक स्टिंग ऑपरेशन में चौंकाने वाले खुलासे करते नजर आ रहे हैं। चेतन ने दावा किया कि विराट कोहली को सौरव गांगुली पसंद नहीं करते थे और इसी वजह से रोहित शर्मा को कप्तानी सौंपी गई। बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि कैसे स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 कप्तानी से हटने के बाद वनडे कप्तानी से हटा दिया गया।

एक टीवी चैनल ने यह स्टिंग ऑपरेशन किया था। चैनल द्वारा किए गए इस स्टिंग ऑपरेशन में चेतन शर्मा कहते हैं कि बीसीसीआई ने उस समय कोहली के खराब फॉर्म को देखते हुए उन्हें वनडे की कप्तानी से हटाया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में चेतन शर्मा कथित तौर पर भारत के कप्तान के रूप में कोहली के कार्यकाल से संबंधित प्रकरण के बारे में बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई विराट के आचरण से नाराज था क्योंकि वह खुद को खेल से ऊपर समझने लगे थे। उन्हें बीसीसीआई और चयन समिति द्वारा स्पष्ट रूप से टी20ई कप्तानी छोड़ने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा गया था। वह यह दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अनावश्यक रूप से चयन समिति में इसका मुद्दा उठाया। वह तत्कालीन बीसीसीआई अध्यक्ष के साथ इस पर बात करना चाहते थे।

चेतन शर्मा ने कहा कि बीसीसीआई ने विराट की खराब फॉर्म का फायदा उठाया और उन्हें कप्तानी से हटा दिया। उन्हें देश के नंबर एक बल्लेबाज के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करना चाहिए था। यह शर्मनाक था। उन्होंने कई भारतीय खिलाड़ियों के फिट होने के लिए इंजेक्शन लेने के बारे में भी विस्फोटक खुलासे किए। इसके अलावा, चेतन शर्मा ने दावा किया कि बड़े क्रिकेटर अपने डॉक्टरों की सेवाओं का उपयोग करते हैं, जो खुशी से इंजेक्शन देते हैं। उन्होंने कहा,“ खिलाड़ी फिट नहीं हैं लेकिन वे खेलने के लिए इंजेक्शन लेते हैं। वह 80 प्रतिशत फिटनेस पर भी खेलने के लिए तैयार हैं। खिलाड़ी इंजेक्शन लेते हैं और खेलना शुरू कर देते हैं।” उन्होंने कहा, “बुमराह झुक भी नहीं सकते तो क्या करें? खेलते हुए उन्हें एक-दो बार बड़ी चोट लग जाती है। वर्ना 80 प्रतिशत फिटनेस पर भी वह चुपचाप एक कोने में जाते और इंजेक्शन लेने के बाद कहते है कि ‘सर हम फिट हैं।’” यह पूछे जाने पर कि क्या इंजेक्शन दर्द निवारक हैं तो चेतन शर्मा ने कहा, “यह एक इंजेक्शन है, दर्द निवारक नहीं। हम यह भी नहीं जानते कि उन्होंने इंजेक्शन ले लिया है। दर्द निवारक दवाओं के लिए उन्हें नुस्खे की जरूरत होती है, यह भी डोपिंग के अंतर्गत आ सकता है। ” यह पूछे जाने पर कि क्या खिलाड़ियों ने इंजेक्शन खुद लिए हैं तो इस पर चेतन शर्मा ने कहा, “अगर खिलाड़ी दौरे पर अपना रसोइया ले जा सकते हैं, तो वे इतने बड़े सुपरस्टार हैं कि क्या उन्हें डॉक्टर नहीं मिलेगा? हजारों डॉक्टर बैठे हैं, एक फोन कॉल और डॉक्टर चल आएंगे उनके घर पर।”



## टेस्ट मैच के नंबर एक गेंदबाज बनने के करीब पहुंचे अश्विन

**एजेंसियां**

**दुबई:** भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन नागपुर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धाकड़ प्रदर्शन के दम पर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, अश्विन 846 रेटिंग प्वाइंट के साथ टेस्ट गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गए हैं। अश्विन शीर्ष गेंदबाज पैट कमिंस (867) से सिर्फ 21 प्वाइंट पीछे हैं और उनके पास 2017 के बाद पहली बार नंबर एक पर पहुंचने का मौका है। गौरतलब है कि



अश्विन ने नागपुर टेस्ट की दूसरी पारी में पांच विकेट लेते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी, जिसकी बदौलत भारत पारी और 132 रन की विशाल जीत दर्ज कर सका।

अश्विन की जादूगरी से पहले रवींद्र जडेजा ने पहली पारी में पंजा खोला था। इसके अलावा उन्होंने बल्ले से भी 70 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

करीब छह महीने बाद क्रिकेट की पिच पर वापसी करने वाले जडेजा ने अपने दमदार प्रदर्शन की मदद से गेंदबाजों की रैंकिंग में 16वां स्थान हासिल कर लिया है। साथ ही वह ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। इसी बीच, भारत के कप्तान रोहित शर्मा नागपुर टेस्ट में शतक जड़कर बल्लेबाजों की रैंकिंग में 10वें से आठवें स्थान पर आ गए हैं। अक्षर पटेल ने 84 रन की पारी की बदौलत हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में सातवां स्थान हासिल कर लिया है।

### क्रिकेट इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी टीम बनी

## क्रिकेट के तीनों फार्मेट में भारत नंबर वन

**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी और प्रशंसकों के लिये बुधवार का दिन बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। भारतीय टीम क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में दुनिया में नंबर वन गई है। जारी ताजा रैंकिंग में भारत ने टेस्ट फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल कर लिया। वनडे और टी-20 में भारतीय टीम नंबर-1 पोजीशन पर पहले से ही है। नागपुर में आस्ट्रेलिया को हराने के बाद प्वाइंट टेबल में टेस्ट में भारत के 115 प्वाइंट हो गए हैं, जबकि 111 प्वाइंट के साथ ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर है। भारतीय टीम विश्व क्रिकेट के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वासी दूसरी टीम है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका यह कारनामा कर चुका है।भारत को टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 पोजीशन बरकरार रखने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज को 2-0 या इससे बेहतर अंतर से जीतना होगा। भारत वनडे रैंकिंग में भी ऑस्ट्रेलिया से 2 अंक आगे है। भारत के 114 पॉइंट है, वहीं, ऑस्ट्रेलिया के 112 अंक हैं। इसके साथ ही भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप भी खेलना है।



## प्रियंका चोपड़ा की फिल्म ‘लव अगेन’ का ट्रेलर रिलीज



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** वैश्विक रूप से प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस की बहुप्रतीक्षित रोमांटिक फिल्म ‘लव अगेन’ बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के लिए तैयार है। इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसने प्रियंका के प्रशंसकों और इंटरनेट को पहले से ही उत्साहित कर रखा है क्योंकि वह लंबे समय के बाद सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर रही हैं।

प्रियंका न केवल बॉलीवुड की बल्कि हॉलीवुड के भी सबसे पसंदीदा कलाकारों में से एक हैं। ‘लव अगेन’ एक रोमांटिक कॉमेडी है जिसमें उनके अभिनय का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। हॉलीवुड में एशिया की सबसे बड़ी स्टार के रूप में अपनी जगह बनाने वाली प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर अपने प्रशंसकों के लिए लिखा, “हमने इस फिल्म को कठिन समय में बनाया है क्योंकि अधिकांश लोग अपने प्रियजनों से दूर थे, लेकिन सेट का प्रत्येक दिन हमारे लिए विशेष था, खास कर अतुलनीय सेलीने डियोन और मेरे अद्भुत सह-कलाकार सैम ‘गन, रसेल टोवे, सोफिया बार्कले के साथ।” यह फिल्म मीरा रे की कहानी है, जिसे प्रियंका ने निभाया है, जिसके मंगेतर का निधन हो जाता है और वह इस सदमे से निकलने की कोशिश में अपने मंगेतर के पुराने फोन नंबर पर लगातार रोमांटिक मैसेज भेजती रहती है, यह जाने बिना कि वह नंबर रॉब बर्न्स को मिल चुका है। रॉब बर्न्स का किरदार सैम हेगन द्वारा अभिनीत है। पत्रकार रॉब मीरा के मैसेज की ईमानदारी से प्रभावित होता है और मीरा से व्यक्तिगत रूप से मिलने और उसका दिल जीतने के लिए मेगास्टार सेलिन डियोन की मदद लेता है।

इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, सैम हेगन और सेलिन डायोन मुख्य भूमिका में हैं, इसमें डायोन के कई नए गीत शामिल हैं और इसका निर्देशन जेम्स सी स्ट्रॉस ने किया है। ह्यलव अगेनह्ण फिल्म को सोनी पिक्चर्स एंटरटेनमेंट इंडिया 12 मई को सिनेमाघरों में रिलीज करेगी।

## कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा का टाइटल ट्रेक रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म शहजादा का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन और कृति सैनन स्टारर फिल्म शहजादा का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है।यू ट्यूब पर टी सीरीज के ऑफिशियल अकाउंट से शेयर किए गए इस गाने को सोनू निगम ने गाया है वहीं गाने का म्यूजिक प्रीतम ने दिया है। वहीं यह गीत मयूर पुरी द्वारा लिखा गया है। गाने की शुरुआत में कार्तिक कहते नजर आ रहे हैं, 25 साल से तू अपने बेटे को मिल रहा था, आज मैं पहली बार अपने बाप से मिलूंगा। यहीं से गाने की शुरुआत हो जाती है। कार्तिक आर्यन ने शहजादा के टाइटल ट्रेक को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मैं जो आ गया.... मैं अब ना जाऊंगा... मैं सबका बन जाऊंगा शहजादा। बताया जा रहा है कि फिल्म शहजादा अल्लू अर्जुन की फिल्म अला वैकुंठपुरमलो का हिंदी रीमेक है, जिसका निर्देशनर वरुण धवन के भाई रोहित धवन ने किया है। फिल्म में कार्तिक के अलावा कृति सैनन, मनीषा कोइराला, परेश रावल, रोनित रॉय, सचिन खेडेकर की भी अहम भूमिका हैं।यह फिल्म 17 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## कियारा सिद्धार्थ की पार्टी में भूमि पेडनेकर ने मिस्ट्री मैन को किया “किस”

### वायरल हो गयी लिप-लॉक की वीडियो

**एजेंसियां**

**मुंबई:** अब भूमि पेडनेकर अपनी हालिया वायरल वीडियो को लेकर काफी ज्यादा चर्चा में हैं। भूमि को इस वायरल वीडियो में एक शख्स के साथ लिप-लॉक करते देखा जा सकता हैं। 12 फरवरी को मुंबई में सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की शादी के रिसेप्शन में, वह एक रिस्की ब्लाउज और एक पर्ल चोकर के साथ पेयर की गई एक गोल्डन ट्रेडिशन ड्रेस पहले पार्टी में शामिल हुई। पार्टी में सबसे ज्यादा लाइमलाइट भूमि पर ही रही क्योंकि वह बोल्ड लुक दे रही थी। लोगों ने उनकी जमकर तारीफ भी की। शादी के रिसेप्शन वेन्यू से बाहर निकलते समय उन्होंने अपनी कार के अंदर एक मिस्ट्री मैन को किस किया। रिपोर्ट्स का कहना है कि वह शख्स बिल्डर यश कटारिया है और भूमि कथित तौर पर उन्हें डेट कर रही हैं।भूमि पेडनेकर कथित तौर पर एक रिश्ते में हैं। वीकेंड पर सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के वेडिंग रिसेप्शन से एक्ट्रेस का एक



वीडियो अब वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक शख्स को किस करती नजर आ रही हैं। गाड़ी में बैठने के समय भले ही उनके सुरक्षा गार्डों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन भूमि के प्राइवेट पलों की एक झलक कैमरे में कैद हो गयी। वीडियो में, वह एक व्यक्ति के साथ दिखाई दे रही है, जो कि बिल्डर यश कटारिया है। जब भूमि अपनी कार के अंदर बैठती है, तो यश भूमि को किस करने के लिए उनकी कार की ओर झुकते हैं और किस करते हैं। अभिनेत्री ने अभी तक अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की है। रिपोर्ट्स यह भी बताती हैं कि सिड-कियारा की पार्टी में भूमि और यश लगातार साथ थे। इस बीच भूमि पेडनेकर को हाल ही में विक्की कौशल और कियारा आडवाणी के साथ शशांक खेतान के निर्देशन में बनी फिल्म गोविंदा नाम मेरा में देखा गया था।

## नई सीरीज ‘ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड’ में नजर आयेगी धर्मेन्द्र और नसीरुद्दीन शाह की जोड़ी

**एजेंसियां**

**मुंबई:** ओटीटी प्लेटफॉर्म जी 5 की नयी सीरीज ताज- डिवाइडेड बाय ब्लड में धर्मेन्द्र और नसीरउद्दीन साह की जोड़ी नजर आयेगी जी 5 ने अपनी अब तक की सबसे बड़ी ओरिजिनल सीरीज, ह्यताज - डिवाइडेड बाय ब्लडह्ण की घोषणा की है।इस सीरीज मे बादशाह अकबर के रूप में नसीरुद्दीन शाह, अनारकली के रूप में अदिति राव हैदरी, राजकुमार सलीम के रूप में आशिम गुलाटी, राजकुमार मुराद के रूप में ताहा शाह, राजकुमार दानियाल के रूप में शुभम कुमार मेहरा, रानी जोधा बाई के रूप में संध्या मृदुल, ज़रीना वहाब रानी सलीमा के रूप में, सौरासेनी मैत्रा मेहर उन निसा के रूप में, राहुल बोस मिर्जा हकीम के रूप में और धर्मेंद्र शेख सलीम क्रिस्टी के रूप में शामिल है। सीरीज में सुबोध





भावे, अयम मेहता, दीपराज राणा, शिवानी टंकसले, पद्म दामोदरन, पंकज सारस्वत, दिगंबर प्रसाद और ज़ाचरी कॉफिन भी सहायक भूमिकाओं में हैं। जी 5 इंडिया के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, मनीष कालरा ने बताया, ह्यताज - डिवाइडेड बाय ब्लडह्ण हमारा सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है।इस महाकाव्य स्टोरी को सामने लाने के लिए उत्साहित हैं, जो हमारे दर्शकों के लिए कई अनकही कहानियां को उजागर करेगी।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची गुरुवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
16:02:2023


## ट्रेनिंग अगले आदेश तक स्थगित

रांचीः झारखंड पुलिस के छह डीएसपी और 200 इंस्पेक्टरों का छह वीक की ट्रेनिंग अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। इसे लेकर आईजी ट्रेनिंग के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। आईजी ट्रेनिंग के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि इन सभी पुलिसकर्मियों को 19 फरवरी को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग में योगदान करने का आदेश निर्गत किया गया है।

**प्रदर्शन** राज्यभर में व्यापारियों का प्रदर्शन, जलाया कृषि मंत्री का पुतला

# कृषि विपणन विधेयक के विरोध में खाद्यान्न व्यापार बंद

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** कृषि विपणन विधेयक के विरोध में आज से राज्य के व्यापारी अनिश्चितकाल आंदोलन पर चले गये है। राज्य भर में व्यापारियों ने खाद्यान्न व्यापार बंद रखा। विधेयक के विरोध में फल, सब्जी मंडियों, राइस, आटा मिल समेत अन्य खाद्यान्न सेवाओं का भी समर्थन मिला। इस दौरान राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के साथ ही दुकानें बंद रखी गयी। आज पलामू, बोकारो, लातेहार, साहेबगंज, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह समेत अन्य जिलों में व्यापारियों ने प्रदर्शन सह धरना दिया गया। कई जिलों में विरोध में कृषि मंत्री का पुतला भी जलाया गया। खाद्यान्न व्यापार बंद होने के साथ ही आवाक भी बंद कर दी गयी है। जिससे खाद्यान्नों की ढुलाई, अनलोडिंग समेत सभी सेवाएं बंद कर दी गयी है। इधर, रांची में विधेयक के विरोध में व्यापार बंद रखा गया। वहीं, विरोध में जगह जगह व्यापारियों ने रैली और प्रदर्शन किया। अपर बाजार में खाद्यान्न व्यापारियों ने काला झंडा लेकर विरोध प्रदर्शन कर सरकार से विधेयक वापस लेने की मांग की गयी। व्यापारियों ने पंडरा बाजार समिति में भी विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अपर बाजार, पंडरा बाजार समिति, हरमू फल सब्जी दुकानें, डेली मार्केट फल विक्रेताओं ने अपनी अपनी दुकानें बंद रखी। विरोध प्रदर्शन राज्य भर में किया गया। बंद को आलू प्याज विक्रेता संघ, हरमू बाजार समिति, डेली मार्केट, हरमू फल मंडी, चुटिया फल मंडी, राइसलोर मिल एसोसिएशन का समर्थन है।



### आलू-प्याज और फल की कीमतों पर सीधा पड़ेगा असर

रांचीः झारखंड में अचानक खुदरा बाजार में सामान की कीमतें बढ़ सकती हैं। वजह है थोक मंडियां एवं खुदरा कारोबार की अनिश्चित कालीन हड़ताल। हड़ताल के कारण रांची के पंडरा बजार, अपार बजार सहित हरमू मंडी को बंद रखा है। इसे काला कानून बताते हुये दुकानदारों ने आंदोलन का समर्थन कर अपनी दुकानें बंद किये है। कारोबारी कृषि उपज और पशुधन विपणन (संवर्धन और सुविधा) विधेयक-2022 का विरोध कर कर रहे हैं। इस हड़ताल का सीधा असर आपके घर के बजट पर पड़ सकता है। फल, आलू-प्याज का खुदरा और थोक कारोबार इस हड़ताल से सीधा प्रभावित होगा। इस हड़ताल की वजह से माल का उठाव, आयात और निर्यात पूरी तरह से बंद रहेगा।

### एक दिन में 10 करोड़ का कारोबार

अगर बाजार के कारोबार के असर को समझना है तो इसका इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक दिन में खाद्यान्न, फल व आलू-प्याज का लगभग 10 करोड़ का कारोबार होता है। चेंबर के अध्यक्ष ने कहा कि जिले के सभी 55 चेंबर, जो खाद्यान्न, आलू-प्याज, फल व अंडा का कारोबार करते हैं। इसके बंद होने से सीधा असर बाजार पर पड़ेगा। झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन विधेयक 2022 का कारोबारी विरोध कर रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि इसमें दो प्रतिशत कृषि टैक्स लगाया गया है। इससे महंगाई और बढ़ेगी। कृषकों को उनके उत्पाद पर मूल्य कम मिलेगा।

# राज्य में अमन चैन कायम करने का करेंगे काम: अजय कुमार

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** झारखंड पुलिस के नये डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में अमन चैन कायम करने का काम करेंगे। आम नागरिकों को पुलिस की सभी सुविधाएं आसानी से मिले। इस पर अधिक जोर रहेगा।पुलिस विभाग में जो भी समस्याएं आएंगी, उसे दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। विधि व्यवस्था दुरुस्त करने और कानून का राज स्थापित करने पर काम करेंगे। झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अजय कुमार सिंह झारखंड के नए डीजीपी नियुक्त किए गए थे। इससे संबंधित अधिसूचना सरकार के द्वारा मंगलवार की रात जारी कर दी गई थी। बताते चलें कि झारखंड कैडर के 1987 बैच के आईपीएस नीरज सिन्हा शनिवार को रिटायर हो गए। जिसके बाद झारखंड पुलिस नेतृत्व विहीन हो गया था। अजय कुमार सिंह इससे में झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के एमडी के पद पर पदस्थापित थे। इसके अलावा इनके पास एसीबी डीजी का अतिरिक्त प्रभार था। गौरतलब है की झारखंड कैडर के 1987 बैच के आईपीएस नीरज सिन्हा बीते 11 फरवरी को रिटायर हो गए थे। जिसके बाद से झारखंड डीजीपी का पद खाली चल रहा था।

# पूजा सिंघल की ओर से संपूर्ण पुलिस पेपर मांगे जाने की अर्जी खारिज

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** जेल में बंद निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की ओर से संपूर्ण पुलिस पेपर मांगे जाने संबंधी अर्जी को ईडी कोर्ट ने खारिज कर दिया। पूर्व में सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी की ओर से पूजा सिंघल को सौंपे गये पुलिस पेपर पर आपत्ति जताते हुए अर्जी दायर की गयी थी। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया था। ईडी की ओर से कहा गया था कि अभी अनुसंधान चल रहा है इसलिए मामले से संबंधित सारे स्टेटमेंट आरोपी को नहीं दिये जा सकते हैं। वहीं पूजा सिंघल की ओर से कहा गया था कि पूरे मामले को समझने और सारे तथ्य को जानना जरूरी है इसलिए आवश्यक दस्तावेज जरूरी है। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने पूजा सिंघल एवं अन्य के खिलाफ ईडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। आरोप पत्र में बताया गया है कि चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक थे। ईडी ने इन तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी जुटायी। खूंटी में मनरेगा का घोटाला फरवरी 2009 से जुलाई 2010 के बीच हुआ उस समय पूजा सिंघल वहां की डीसी थीं।

### विनीत अग्रवाल की अपील पर सुनवाई जारी

**रांची** : टेरर फंडिंग के मामले में आरोपी विनीत अग्रवाल की ओर से दायर क्रिमिनल अपील की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। अब कल यानी गुरुवार को फिर सुनवाई होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की। इससे पूर्व एनआईए की ओर से मामले में शपथ पत्र दाखिल गया। ज्ञात हो कि चतरा के टंडवा में मगध आम्रपाली कोयला प्रोजेक्ट में लोडिंग एवं खनन के लिए कार्य कर रही कंपनियों पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचाने समेत कई आरोप लगे हैं। इस मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। वहीं रांची एनआईए की विशेष अदालत द्वारा लिए गए संज्ञान को प्रार्थी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।एनआईए ने टंडवा थाने में दर्ज प्राथमिकी को फरवरी 2018 में टेकओवर किया था, अनुसंधान के बाद एनआईए ने मामले में विनीत अग्रवाल समेत 17 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है।

# सांसद निशिकांत दुबे को राहत बरकरार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** मधुपुर उपचुनाव वर्ष 2021 के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज पांच प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को आशिक सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने इन सभी मामलों में निशिकांत के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। कोर्ट ने इस मामले को दूसरे सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की। वहीं राज्य सरकार की ओर से मनोज कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के समय लिया गया था लेकिन मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका था। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।बता दें कि निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट को लेकर देवघर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसमें प्रार्थी की ओर से कहा गया था कि घटना के 6 माह के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### मारवाड़ी भवन में होगा हास्य कवि सम्मेलन

रांची : कवि सम्मेलन आयोजन समिति के तत्वावधान में होली के अवसर पर 6 मार्च को रात के 9:30 बजे से हास्य कवि सम्मेलन-2023 का आयोजन किया गया है। हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में कार्यक्रम के लिये ललित कुमार पोद्दार को संयोजक नियुक्त किया गया है। कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, सचिव पवन पोद्दार, कार्यक्रम संयोजक-ललित कुमार पोद्दार एवं प्रवक्ता-संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से बताया है कि कोरोना काल के कारण विगत 2 वर्षों से समिति द्वारा हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन नहीं हो पाया था। इस वर्ष 6 मार्च को कई सुप्रसिद्ध हास्य कवियों का जमावड़ा मारवाड़ी भवन में लगेगा।

## आवास की स्वीकृति दें, नहीं तो होगी कार्रवाई: मनरेगा आयुक्त

राष्ट्रीय खबर



**रांचीः** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी की अध्यक्षता मे प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा की गयी। वित्तीय वर्ष 2021-22 में लंबित स्वीकृति की जिलावारा समीक्षा की गयी। यह बात सामने आयी कि वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए दिये गये लक्ष्य में से 10881 लाभुकों को आवास प्लस सूची से आवास की स्वीकृति प्रदान किया जाना है, परंतु आवास प्लस की सूची में अयोग्य एवं ड्यूप्लिकेट जॉब कार्डधारी के कारण अब तक 100% स्वीकृति का लक्ष्य प्राप्त नहीं हो पाया है। मनरेगा आयुक्त ने जिलावार इसकी समीक्षा की और निर्देश दिया कि दो दिनों के अंदर आवास प्लस सूची से अयोग्य लाभुकों को हटा दिया जाये। आयुक्त ने जिला एवं प्रखण्डवार रिमांड की जानेवाली सूची को कल तक अंतिम रूप देने को कहा है। आयुक्त ने कहा कि किसी भी हाल में योग्य लाभुकों को आवास की स्वीकृति प्रदान की जाये। जो जिला एवं प्रखंड स्वीकृति नहीं दे पायेंगे उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

### पांच दिनों के बाद ठंड से मिलेगी राहत




रांची : मौसम विज्ञान केंद्र के पूवार्नुमान में बताया गया कि झारखंड में आने वाले 5 दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान न्यूनतम तापमान में भी 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। वहीं 17,18 और 19 फरवरी को झारखंड के पूर्वी भाग कोल्हान और संथाल में आंशिक बादल देखने को मिल सकती है।

# प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल के शिक्षकों के समायोजन मामले में राज्य सरकार ने पक्ष रखा

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल के शिक्षकों के समायोजन एवं बकाया वेतन देने से संबंधित मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई हुई। इस मामले में 67 याचिकाएं दाखिल है। मामले में प्रतिवादियों की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई जिससे हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्वीकृत करते हुए मामले की सुनवाई 2 मार्च निर्धारित की है। मामले में बुधवार को राज्य सरकार की ओर से बहस की गई। राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कहा गया कि 25 अप्रैल 2018 को राज्य सरकार ने एक पॉलिसी डिसीजन लिया था। जिसमें कई शर्तें लगाई थी कि प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल के किन-किन शिक्षकों को समायोजित करेंगे और किन स्कूलों को मान्यता देंगे। यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत और आलम कमेटी की रिपोर्ट आलोक में किया गया था। एकल पीठ ने राज्य सरकार के 25 अप्रैल 2018 के पॉलिसी डिसीजन को बदलने का निर्देश दिया था, जो गलत है। यह पॉलिसी डिसीजन सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में बना है इसलिए ईलीगल नहीं है। सरकार की ओर से यह भी कहा गया एकल पीठ ने 5 सितंबर 2018 को प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल के शिक्षकों को समायोजित करने और बकाया वेतन देने का आदेश दिया था। जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में राज्य सरकार ने एक कमेटी गठित किया था ।वर्ष 2007 में कमेटी ने अपनी रिपोर्ट दी थी, इस कमेटी की रिपोर्ट के आलोक में जो लोग क्वालिफाइड थे उन्हें सरकार ने समायोजित किया जो क्वालिफाइड नहीं थे उन्हें रिजेक्ट किया गया था। सरकार का यह पॉलिसी डिसीजन है कि मिनिमम क्वालीफिकेशन जो होल्ड करते हैं उन्हें ही समायोजित किया जा सकता है।

**टैरिफ** जेबीवीएनएल के प्रस्ताव पर नियामक आयोग ने शुरू की प्रक्रिया

# झारखंड में महंगी हो सकती है बिजली

राष्ट्रीय खबर




**रांचीः** झारखंड बिजली वितरण निगम अपने घाटे को पाटने के लिए इन दिनों राजस्व संग्रह पर विशेष जोर दे रही है। इसके तहत वर्तमान बिजली दर में बढ़ोतरी कर वित्तीय कमी को पुरा करने में जेबीवीएनएल जुटी है। आंकड़ों के मुताबिक जेबीवीएनएल का घाटा करीब 7400 करोड़ है। यह घाटा साल दर साल बढ़ता जा रहा है। विभाग के आंकड़ों पर नजर दौड़ायें तो वित्तीय वर्ष 2020-21 में 2200 करोड़, वित्तीय वर्ष 2021-22 में 2600 करोड़, 2022-23 में 2500 करोड़ का घाटा है। राजस्व हानि के बीच सरकार के द्वारा शुरू की गई 100 यूनिट फ्री बिजली ने जेबीवीएनएल को खासा परेशान कर दिया है। इस वजह से जहां बकायदारों से बिजली बिल वसूली पर जोर दिया जा रहा है, वहीं बिजली टैरिफ में 20% वृद्धि करने का प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग को दिया गया है। बिजली की दर में वृद्धि की संभावना दिख रही है। जेबीवीएनएल के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग विचार कर रहा है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों से जेबीवीएनएल का प्रस्ताव विद्युत नियामक आयोग में लंबित हैं। पहले वर्ष 2021-22 के टैरिफ प्रस्ताव पर नियामक आयोग निर्णय करेगा। इसके बाद 2022-23 और 2023-24 के प्रस्ताव पर निर्णय होगा। हाल ही में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2021-22 की टैरिफ पिटीशन को जारी करते हुए आम जनता से सुझाव मांगा है। यह टैरिफ पिटीशन नवंबर 2020 में दाखिल की गई थी। नियामक आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों के कारण इस पर सुनवाई नहीं हो पाई थी। अब जब नियामक आयोग में अध्यक्ष और सदस्य पूर्ण रूप से काम करने लगे हैं तो इस प्रस्ताव पर सुनवाई शुरू हुई है। वैधानिक प्रावधानों के अनुसार आम लोगों से सुझाव के लिए समय सीमा 21 दिन निर्धारित है। इसके बाद नियामक आयोग प्रमंडलवार तिथि निर्धारित कर जनसुनवाई की तारीख मुकर्रर करती है। पूरी प्रक्रिया होने के पश्चात नियामक आयोग के द्वारा इस पर फैसला सुनाया जाता है।गौरतलब है कि हर वर्ष 30 नवंबर को जेबीवीएनएल के द्वारा प्रस्ताव दाखिल करने की अंतिम तिथि होती है। इस प्रस्ताव के जरिए किस श्रेणी के उपभोक्ताओं का बिजली शुल्क कितना बढ़ेगा और जेबीवीएनएल की किस स्थिति है इस पर पूरी रिपोर्ट नियामक आयोग के समक्ष रखी जाती है। जेबीवीएनएल के बिजली टैरिफ बढ़ाने के प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय विद्युत नियामक आयोग लेता है।

### श्री श्याम प्रभु का ध्वजा निशान पदयात्रा 26 फरवरी को

रांची : श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के तत्वावधान में श्री श्याम प्रभु का ध्वजा (निशान) पदयात्रा 26 फरवरी दिन रविवार को नेवरी विकास से निकाली जायेगी। नेवरी स्थित श्री दुर्गा मंदिर से सुबह 8:00 बजे बाबा का ध्वजा पदयात्रा शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो बूटी मोड़, बरियातू रोड, अपर बाजार का भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर हरमू रोड पहुंचेगी। जहां बाबा श्री श्याम को ध्वजा निशान अर्पित किए जाने के साथ समाप्त होगी। इस यात्रा की दूरी भी खाटू धाम की परंपरा अनुसार 17 किलोमीटर की है। समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि यूं तो इस पावन माह में कई ध्वजा पदयात्राएं होती है। पर इस यात्रा का विशेष महत्व है। भक्तों के लिए यात्रा के मध्य में विश्राम एवं भोजन प्रसादी की अनुपम व्यवस्था भी की जा रही है। नेवरी जाने के लिए 26 फरवरी को सुबह 6:00 से 6:30 तक हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर से बस की व्यवस्था भी भक्तों के लिए उपलब्ध रहेगी।